www.navpradesh.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

# नवप्रदेश

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ | 2 | छत्तीसगढ़ | 4 | अभिव्यक्ति | 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026 | कृष्ण पक्ष-त्रयोदशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 176 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

## बड़ा एक्शन: सरकारी हेलिकॉप्टर का क्लेम अटकाना पड़ा भारी, ओरिएंटल इंश्योरेंस 3 साल के लिए ब्लैकलिस्ट

**रायपुर/नवप्रदेश।** सरकारी संपत्तियों के इंश्योरेंस क्लेम में मनमानी और लेटलतीफी करने वाली कंपनियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार ने कड़ा चाबुक चलाया है। राज्य के विमानन संचालनालय ने 'द ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' को सीधे तीन साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यह सख्त कदम शासकीय हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**4 साल की लेटलतीफी:** क्रैश हुए शासकीय हेलिकॉप्टर का दावा वर्षों लटकाकर किया था खारिज।
**जीरो टॉलरेंस:** विमानन संचालनालय की दो टूक– जनता के पैसे और सार्वजनिक संपत्ति से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।
**पारदर्शी कार्रवाई:** कंपनी को नोटिस और सुनवाई का पूरा मौका देने के बाद लिया गया एक्शन।
**वसूली रहेगी जारी:** ब्लैकलिस्ट करने के बाद भी पीछे नहीं हटेगी सरकार, पाई-पाई वसूलने होगी आगे की कार्रवाई।

### कंपनियों को सख्त संदेश

इस कार्रवाई ने सरकार के साथ काम कर रही सभी बीमा और सेवा प्रदाता कंपनियों को एक कड़ा संदेश दिया है। सरकार का स्पष्ट मत है कि संविदात्मक जिम्मेदारियों में लापरवाही या सार्वजनिक दावों के निपटारे में अनावश्यक देरी को अब 'सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया' मानकर नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। पारदर्शी और समयबद्ध सेवा नहीं देने वालों पर आगे भी ऐसी ही सख्त गाज गिरेगी।

## बिल्डरों पर रेरा का 'डबल प्रहार': एक पर 8 लाख का जुर्माना, दूसरे को ब्याज समेत लौटाने होंगे 33.70 लाख

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी में ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी और नियमों को ताक पर रखकर रियल एस्टेट का कारोबार करने वाले बिल्डरों पर छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण ने चाबुक चला दिया है। प्राधिकरण ने ग्राहकों के हितों की रक्षा करते हुए दो अलग-अलग मामलों में बेहद सख्त फैसले सुनाए हैं, जिससे बिल्डर लॉबी में हड़कंप मच गया है। रेरा ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**कस्टमर से छल पड़ा भारी:** वत्सल्य डेवलपर्स को प्लॉट का कब्जा नहीं देने पर 18.61 लाख के ब्याज के साथ लौटानी होगी रकम।
**बिना पंजीयन प्लॉट बेचना पड़ा महंगा:** महागणपति डेव्हलपर्स पर सीजी रेरा ने स्वतः संज्ञान लेकर ठोका 8 लाख रुपये का जुर्माना।
**रेरा की दो-टूक:** बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के विज्ञापन, बुकिंग या बिक्री की, तो बिल्डरों की अब खैर नहीं।

### बिल्डरों को सख्त चेतावनी

एक ही दिन में आए इन दो बड़े फैसलों ने यह साफ कर दिया है कि सीजीरेरा अब फुल एक्शन मोड में है। प्राधिकरण ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ग्राहकों का पैसा लेकर प्रोजेक्ट अटकाने वालों और बिना रजिस्ट्रेशन के जमीन बेचने वालों पर अब सीधे और कड़ी कार्रवाई होगी। कोई भी प्रमोटर ग्राहकों के हितों के साथ खिलवाड़ करेगा या वैधानिक दायित्वों से भागेगा, तो उसे कानून के दायरे में इसी तरह भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### आज बेबाक

**रामा रामा** गजब हुई गवा रे, हाल ढफलीबाजों का अजब हुई गवा रे...। नई दिल्ली के जंतरमंतर को अराजकता का अखाड़ा बनाने की कोशिश करने वाले ढफलीजीवियों के दिल के अरमां दिल्ली पुलिस ने आंसूओं में बहा दिए। उन्हें घसीट कर वहां से हटा दिया गया। टुकड़े- टुकड़े गैंग ने पुलिस को उकसाने की बहुत कोशिश की। उन पर झूठे आरोप भी लगाए गए लेकिन उनकी काठ की हांडी दुबारा चूल्हे पर नहीं चढ़ पाई। उन्होंने जिस एसीपी विवेक भगत की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी उनको पदोन्नत कर एडीसीपी बना दिया गया। अब खंबा नोचेंगी ये खिसयानी बिल्लियां।

### शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 429 अंक फिसला

**मुंबई (वार्ता)।** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों और रुपये में गिरावट से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को बिकवाली हावी रही और बीएसई का सेंसेक्स 429.11 अंक (0.59 प्रतिशत) नीचे 72,638.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 22,603.05 अंक पर रहा। इससे पहले लगातार दो दिन बाजार में तेजी रही थी। दुनिया के दूसरे प्रमुख शेयर बाजारों में रही कमजोरी का असर भारतीय बाजार पर भी दिखा। साथ ही रुपये की गिरावट से भी बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई।

### साय कैबिनेट की बैठक 11 अक्टूबर को

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक रविवार, 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय, सिविल लाईन, रायपुर में होगी। बैठक में धान खरीदी सहित कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना है।

### दिल्ली के सीमापुरी में चार मंजिला इमारत गिरी

**नई दिल्ली/ए.।** दिल्ली के सीमापुरी इलाके में चार मंजिला इमारत गिर गई है. हादसे के बाद 4-5 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है. पुलिस के मुताबिक, यह इमारत करीब 25 गज की जमीन पर बनी थी. मौके पर राहत और बचाव का काम जारी है. डीसीपी आर मिणा ने बताया कि इमारत चार मंजिला थी और करीब 25 गज के प्लॉट पर नी थी.

### 25 साल पूरे होने पर 'विकसित भारत संकल्प सभा', इधर इंडिया गठबंधन की 'लंच पॉलिटिक्स'

## 'विकसित भारत' का महासंकल्प पीएम का नया मंत्र 'वी विल डू इट'

**नई दिल्ली/वार्ता।** गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक, सरकार के प्रमुख के तौर पर लगातार 25 साल पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को 'वी विल डू इट' (हम करके रहेंगे) का नया मंत्र दिया है। बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' में पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि यह अवसर उनके व्यक्तिगत महिमामंडन का नहीं, बल्कि नई ऊर्जा के साथ 2047 के 'विकसित भारत' का संकल्प पूरा करने का दिन है।

**7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुआ था सफर**

पीएम मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तब उन्होंने नहीं सोचा था कि यह यात्रा लगातार 25 वर्षों तक चलेगी। इस लंबे सफर को उन्होंने जनता के भरोसे और आशीर्वाद का परिणाम बताया। संघर्षों को साझा करते हुए उन्होंने कहा, जिसने जीत दिलाई, उसने विनम्र रहना सिखाया और जिसने गिराया, उसने फिर खड़े होकर आगे बढ़ना सिखाया।

- **नया मंत्र:** 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का आह्वान।
- **आलोचकों का जताया आभार:** बोले- शुभचिंतकों ने हौसला दिया, तो आलोचकों ने खुद के भीतर झांकने का अवसर दिया।
- **कर्म ही धर्म:** कहा- सत्ता, पद और प्रतिष्ठा से कहीं बढ़कर है मां भारती की निःस्वार्थ सेवा।
- **वोटबैंक की राजनीति पर प्रहार:** बुनियादी समस्याएं किसी एक वर्ग की नहीं होतीं, इसलिए समाधान भी 'सबका' होना चाहिए।

### 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने का महालक्ष्य

**पद व प्रतिष्ठा से बड़ी है मातृभूमि की सेवा**

अपने शुरुआती दौर को याद करते हुए पीएम ने बताया कि 50 वर्ष की आयु तक उनका जीवन पूरी तरह संगठन को समर्पित था। गीता के 'कर्मयोग' का जिक्र करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्म उनके लिए महज जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति साधना है। जब बात देश की आती है, तो पद और प्रतिष्ठा बेमानी हो जाते हैं। भारत जैसी पुण्यभूमि की सेवा का अवसर मिलना उनके लिए सबसे अमूल्य है।

**तुष्टिकरण नहीं, समग्र विकास पर जोर**

राजनीति में वोटबैंक के लिए समाज को बांटने की प्रवृत्ति पर प्रहार करते हुए पीएम ने कहा कि पानी, बिजली, सड़क या स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतें किसी एक समुदाय की नहीं होतीं। जब समस्या सबकी है, तो समाधान भी सबका होना चाहिए। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' के इसी मंत्र और 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति के दम पर भारत अब रुकने वाला नहीं है।

**निराशा के दौर से निकालकर विश्व पटल पर स्थापित किया**

साल 2014 में जब देश ने उन्हें 'प्रधानसेवक' की जिम्मेदारी सौंपी, तब महंगाई और चुनौतियों के कारण देश में निराशा का माहौल था। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 12 सालों में यह तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। जो भारतीय अर्थव्यवस्था पहले किसी भी बड़े संकट से डगमगा जाती थी, आज वैश्विक चुनौतियों के बीच भी दुनिया उसकी क्षमता की मिसाल दे रही है।

## मेरे खिलाफ 45 एफआईआर, लक्ष्य 100 का, 'हर केस मेरे लिए मेडल'

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को राजधानी में विपक्षी सांसदों के साथ दोपहर 1 बजे लंच बैठक की। बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत विपक्ष के कई सांसद मौजूद रहे। यह बैठक छह अक्तूबर को चुनाव आयोग की ओर निकाले गए विपक्षी मार्च और प्रदर्शन के अगले दिन हुई। जंतर-मंतर के पास से राहुल-प्रियंका समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया है। संसद से लेकर सड़क तक जारी राजनीतिक घमासान के बीच इंडिया गठबंधन ने बुधवार को आक्रामक तेवर दिखाते हुए 'लंच पॉलिटिक्स' के जरिए बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया।

**ज्ञानेश कुमार देश के वैध मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं**

लंच के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि करीब 300 सांसद मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर अपनी बात ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- **'लंच पॉलिटिक्स' के जरिए शक्ति प्रदर्शन:** दिल्ली के सागर रत्ना रेस्टोरेंट में इंडिया ब्लॉक के बड़े नेताओं ने जुटाई भीड़, लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई का किया ऐलान।
- **राहुल गांधी का तीखा हमला:** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बताया 'अवैध', कहा– इस्तीफा देना ही होगा।
- **एफआईआर पर बेबाक बयान:** राहुल गांधी ने दो टूक कहा कि उनके खिलाफ पहले से 45 एफआईआर दर्ज हैं और उनका लक्ष्य 100 का है, हर एफआईआर उनके लिए किसी मेडल से कम नहीं है।
- **जंतर-मंतर पर प्रदर्शन:** विपक्षी सांसदों का जंतर-मंतर पर जमकर प्रदर्शन के बाद कई नेता को गिरफ्तार कर रिहा कर दिया गया।

### मुख्य न्यायाधीश लेंगे सीईसी नियुक्ति कानून का फैसला वापस लेने वाली अर्ज़ी पर फैसला

**नई दिल्ली/ए.।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को स्पष्ट किया है कि वे उस महत्वपूर्ण अंतरिम अर्ज़ी की जांच करेंगे, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 से जुड़े 'बंटे हुए फैसले' को वापस लेने की मांग की गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने सीजेआई के समक्ष यह मामला उठाया। उन्होंने अदालत को बताया कि यह अंतरिम अर्ज़ी 23 सितंबर को आए फैसले को वापस लेने के लिए दायर की गई है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि एक अन्य पक्ष द्वारा इस विभाजित फैसले के खिलाफक्यूरेटिव पिटीशन भी दाखिल की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## 20 बच्चों को ले जा रही स्कूल बस खंभे से टकराई

**लुधियाना/ए.।** लुधियाना के अमन नगर इलाके में बच्चों को ले जा रही बस बेकाबू होकर खंभे से टकरा गई. कई बच्चें घायल हो गए तो वहीं कुछ बच्चों को गंभीर चोटें भी आई हैं. इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य किया और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला.

हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. घटना मंगलवार की है. सीसीटीवी फुटेज में साफदिख रहा है कि सड़क पर रेत के कारण बस बेकाबू होकर बिजली के खंभे से टकरा जाती है. यह बस बीसीएम आर्या स्कूल की बताई जा रही है.

**बस पर गिरी तारें :** बस और खंभे में इतनी जोरदार टक्कर हुई कि बिजली का खंभा टूट गया और हाई-वोल्टेज तारें बस के ऊपर गिर गई. धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे. बस पर बिजली की तारें गिरी देख एक पल के लिए लोगों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## गृहमंत्री का पीए बनकर 25 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में खुद को गृहमंत्री का निज सहायक बताकर सरकारी नौकरी और ट्रांसफर का झांसा देने वाले दो शातिर ठगों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रभावशाली लोगों से गहरी पहुंच का दावा कर बेरोजगार युवाओं को अपना शिकार बनाते थे।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने अब तक करीब 15 लोगों से 25 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। आरक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे बोस्टो तांडी की मुलाकात 9 नवंबर 2025 को पुलिस लाइन के बाहर संतराम यादव से हुई। संतराम ने उसे गृहमंत्री के पीए से अच्छे संबंध होने का झांसा दिया। इसके बाद संतराम ने सर्किट हाउस स्थित कॉफी हाउस में बोस्टो की मुलाकात आदित्य मोहन पंडा से कराई। आदित्य ने खुद को गृहमंत्री का पीए बताते हुए रोब जमाने के लिए अपना फर्जी पहचान पत्र भी दिखाया। आरक्षक की नौकरी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## आरबीआई ने रेपो रेट 0.25% बढ़ाया लोन होंगे महंगे और बढ़ेगी ईएमआई

**■ जीडीपी अनुमान बढ़कर 7.1%, महंगाई का लक्ष्य 5.2%**

**नई दिल्ली/वार्ता।** त्योहारी और कारोबारी सीजन के बीच आम आदमी की जेब पर बड़ा वित्तीय बोझ पड़ने जा रहा है। देश की मजबूत आर्थिक गतिविधियों के बीच महंगाई पर नकेल कसने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में तीन दिनों तक चली मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बुधवार को रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट (0.25%) के इजाफे का एलान कर दिया गया। इसके साथ ही अब रेपो दर 5.25% से बढ़कर 5.50% हो गई है। फरवरी 2023 के बाद, यानी करीब साढ़े तीन साल के अंतराल पर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### होम, ऑटो और पर्सनल लोन पर सीधे बढ़ेगी ईएमआई

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। इसमें 0.25% की वृद्धि होने से बैंकों के लिए फंड जुटाने की लागत बढ़ जाएगी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। आने वाले दिनों में बैंक और वित्तीय संस्थान अपने लेंडिंग रेट्स में इजाफा करेंगे, जिससे होम लोन, ऑटो लोन और पर्सनल लोन की ब्याज दरों के साथ-साथ मासिक किस्त बढ़ना तय है।

### गरमा-गरम

### सेवा ज्योति संकल्प चौक : राजधानी के तेलीबांधा चौक समेत प्रदेश के 38 स्थानों पर बनेंगे संकल्प चौक

## विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प: सीएम

**रायपुर/नप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को राजधानी रायपुर में भव्य 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऐतिहासिक घोषणा करते हुए प्रदेश के जिला मुख्यालयों सहित कुल 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' बनाने का ऐलान किया। इसमें ■ शेष पृष्ठ 8 पर

**25 वर्षों की यात्रा राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण: सीएम साय**

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने जब गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में बागडोर संभाली थी, तब से लेकर आज तक का यह 25 वर्ष का सफर सुशासन, विकास और जनसेवा की मिसाल है। प्रधानमंत्री खुद को देश का 'प्रधान सेवक' मानकर 'सबका साथ, सबका विकास' के मूल मंत्र पर काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में आज भारत ग्लोबल स्टेज पर अपनी एक नई ताकत और पहचान बना चुका है।

**मशाल यात्रा और बाइक रैली**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद मशाल थामकर 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व किया और युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

**छत्तीसगढ़ अंजोर विजन का रोड मैप तैयार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना पीएम ने देखा है, उसे पूरा करने के लिए 'विकसित छत्तीसगढ़' का निर्माण भी जरूरी है। इसी सोच के तहत राज्य सरकार 'छत्तीसगढ़ अंजोर विजन @ 2047' के जरिए भविष्य के विकास की रूपरेखा तैयार कर रही है। उन्होंने सिंगापुर प्रवास का जिक्र करते हुए कहा कि आज वैश्विक मंचों पर भारत की साख बहुत ऊंची हुई है, जिसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ जैसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों को मिल रहा है। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायकगण और बड़ी संख्या में नागरिक व युवा उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए 'वी विल डू इट' के संकल्प के साथ देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रण लिया।

## केमिस्ट्री का नोबेल फ्रांस और जापान के वैज्ञानिकों को मिला सम्मान

**■ अणुओं के 'मिरर इमेज' की 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाने पर मिला पुरस्कार, जीवनरक्षक दवाएं बनाने में मिली बड़ी मदद**

**स्टॉकहोम/ए.।** वर्ष 2026 का रसायन विज्ञान का नोबेल पुरस्कार फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के केन्सो सोआई को संयुक्त रूप से दिया गया है। दोनों वैज्ञानिकों ने रसायन विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐसी सदी पुरानी (लगभग 100 साल पुरानी) गुत्थी को सुलझाया है, जिसने लंबे समय से वैज्ञानिकों को उलझन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### दवा उद्योग और विज्ञान के लिए क्यों है यह मील का पत्थर?

इन दोनों वैज्ञानिकों के शोध ने आधुनिक रसायन विज्ञान की दिशा बदल दी है। आज इस पद्धति का उपयोग करके कम खर्च में और अधिक शुद्धता के साथ जीवनरक्षक दवाएं बनाई जा रही हैं, जिससे दवाओं के साइड-इफेक्ट्स का खतरा काफी हद तक कम हो गया है।

# बीएलओ की ट्रेनिंग या सीईसी के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की कवायद?

**महासमुंद/नवप्रदेश।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के 7-8 अक्टूबर के प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर निर्वाचन व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रायपुर स्थित पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 8 अक्टूबर को प्रस्तावित सीईसी के कार्यक्रम के लिए प्रदेश के प्रत्येक जिले से 50 बीएलओ और 50 छात्र-छात्राओं को भेजने की तैयारी की गई थी। इसके लिए जिला स्तर पर बाकायदा निर्देश और व्यवस्थाएं की गईं। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त का छत्तीसगढ़ दौरा अपरिहार्य कारणों से आगामी तिथि तक स्थगित हो गया है।

सवाल यह है कि अगर मकसद वास्तव में बीएलओ को प्रशिक्षण देना था, तो जिले के सैकड़ों बीएलओ में से सिर्फ 50 को ही प्रशिक्षण के लिए क्यों चुना गया? क्या शेष बीएलओ को चुनावी प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है? और यदि सभी बीएलओ को प्रशिक्षण देना जरूरी है, तो फिर केवल 50 बीएलओ को रायपुर भेजकर किस तरह की प्रशिक्षण व्यवस्था पूरी होने वाली थी?

**महासमुंद में 1100 से ज्यादा बीएलओ, प्रशिक्षण के लिए सिर्फ 50 :** महासमुंद जिले में विधानसभा क्षेत्रवार बड़ी संख्या में बीएलओ कार्यरत हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार महासमुंद विधानसभा में 276, खल्लारी में 287, सरायपाली में 290 और बसना में 308 बीएलओ हैं। यानी जिले में कुल संख्या 1100 से अधिक है। इनमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी बीएलओ के रूप में चुनावी दायित्व निभा रहे हैं।

इसके बावजूद प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए जिले से सीमित संख्या में बीएलओ को रायपुर भेजने की तैयारी की गई। महासमुंद मुख्यालय से करीब 20 बीएलओ की सूची तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है। इन्हें रायपुर ले जाने के लिए बस की व्यवस्था तक की गई थी। वहीं बागबाहरा क्षेत्र से करीब 12 बीएलओ को अपनी व्यवस्था से रायपुर पहुंचने के लिए कहा गया था। सूत्रों के मुताबिक बाद में वाहन किराए की राशि दिए जाने का आश्वासन भी दिया गया था।

**एक हजार से ज्यादा बीएलओ का क्या होगा? :** यदि वास्तव में बीएलओ को प्रशिक्षण देना उद्देश्य था, तो महासमुंद जिले के बाकी बीएलओ का प्रशिक्षण कब और कैसे होगा? 50 बीएलओ को प्रशिक्षण देकर 1100 से ज्यादा बीएलओ की प्रशिक्षण आवश्यकता पूरी नहीं हो सकती। फिर चयन का आधार क्या था? किन बीएलओ को चुना गया और किन्हें नहीं? क्या सभी ब्लॉकों से समान अनुपात में बीएलओ लिए गए थे? इन सवालों का जवाब कोई देने को तैयार नही।

गौर करने वाली बात यह भी है कि जिन बीएलओ को कार्यक्रम में भेजने की तैयारी थी, उनमें से कई को कथित तौर पर यह जानकारी नहीं थी कि उनकी मौजूदगी किसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए है या सीईसी के कार्यक्रम में भागीदारी के लिए। यदि यह केवल प्रशिक्षण था तो इसकी स्पष्ट रूपरेखा, प्रशिक्षण विषय, प्रशिक्षक और प्रशिक्षण की आवश्यकता सार्वजनिक क्यों नहीं की गई?

### 'ट्रेनिंग' की आड़ में भीड़ जुटाने का सवाल

सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या यह पूरी कवायद वास्तव में बीएलओ के प्रशिक्षण के लिए थी या सीईसी के प्रस्तावित कार्यक्रम में भीड़ जुटाने की व्यवस्था का हिस्सा थी? क्योंकि कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी भेजने का उल्लेख किया गया था। बसना और सरायपाली क्षेत्र से भी बीएलओ एवं छात्रों को कार्यक्रम में भेजने की तैयारी किए जाने की जानकारी सामने आई है।

राजनीतिक आयोजनों में भीड़ जुटाने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों से लोगों को वाहनों में लाने-ले जाने की तस्वीरें आम हैं। लेकिन जब यही तरीका निर्वाचन तंत्र से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों और बीएलओ के मामले में अपनाए जाने लगे, तो सवाल और गंभीर हो जाता है। चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता का जिम्मा संभालने वाले तंत्र में ही यदि किसी कार्यक्रम के लिए कर्मचारियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को 'ट्रेनिंग' का नाम दिया जाए, तो इसकी वजह स्पष्ट किया जाना जरूरी है।

इस संबंध ईआरओ अक्षा गुप्ता से संपर्क किया गया, फोन रिसीव नही किया

सीईसी ज्ञानेश कुमार के कार्यक्रम में बीएलओ और छात्रों को शामिल करना सिर्फभीड़ जुटाई जा रही है। बीएलओ की ट्रेनिंग है तो उसमें छात्र - छात्राओं का क्या काम है। जिले में 1161बीएलओ है तो फिर सिर्फ50 बीएलओ को ट्रेनिंग के नाम पर भीड़ जुटाने का काम के अलावा कुछ नही है। ट्रेनिंग के नाम पर ऐसे आयोजन ज्ञानेश कुमार और भाजपा की मिलीभगत स्पष्ट दिखाई देता है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होता है।

**द्वारिकाधीश यादव**, विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष महासमुंद

## पितृ पक्ष में बुजुर्गों के बीच पहुंचीं वीरांगना-पद्मावत की महिलाएं

### भोजन कराया... भजन गाए और लिया आशीर्वाद

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** पितृ पक्ष में जब लोग अपने पूर्वजों को याद कर रहे हैं, तब अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना एवं पद्मावत महिला कल्याण समिति की महिलाएं उन बुजुर्गों के बीच पहुंचीं, जिन्हें आज सबसे ज्यादा जरूरत अपनेपन और आत्मीयता की है। वृद्धाश्रम में पहुंचकर महिलाओं ने बुजुर्गों को भोजन कराया, अन्नदान किया और साबुन, टूथपेस्ट, तेल, बिस्किट व फल सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री वितरित की। इसके बाद सभी ने बुजुर्गों के साथ बैठकर भजन-कीर्तन किया, उनकी बातें सुनीं और आत्मीय संवाद किया। बुजुर्गों से मिले स्नेह और आशीर्वाद ने सेवा के इस अवसर को यादगार बना दिया।

**कुछ घंटे नहीं, अपनों के साथ बिताए जैसे पल :** वृद्धाश्रम में सेवा के दौरान महिलाओं ने औपचारिकता से अलग हटकर बुजुर्गों के साथ परिवार के सदस्यों की तरह समय बिताया। किसी ने उनकी कुशलक्षेम पूछी तो किसी ने उनके साथ भजन गाया। बातचीत और हंसी-खुशी के बीच माहौल ऐसा बना कि वृद्धाश्रम कुछ समय के लिए परिवार के आंगन जैसा नजर आया।

**बुजुर्गों का आशीर्वाद बना सेवा की सबसे बड़ी पूंजी :** महिलाओं ने कहा कि पितृ पक्ष पूर्वजों के स्मरण के साथ सेवा और संस्कारों को जीने का भी अवसर है। बुजुर्गों के साथ बिताया समय मन को सुकून देने वाला रहा। उनके साथ आत्मीय बातचीत, भजन-कीर्तन और सेवा के बाद मिला आशीर्वाद इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह के साथ कनकलता सिंह, अनामिका सिंह, सुधा पवार, रीना सिंह, आभा चौहान, सूर्यबाला सिंह, स्वाति चौहान, रश्मि भारद्वाज, प्रिया सिंह, शशि भदौरिया, इंद्राणी ठाकुर, अखिलेश और दर्शना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

हॉस्टल के पास युवक पर जानलेवा हमला; पीछा कर धमकाने का आरोप, उप सरपंच राजेश ठाकुर समेत तीन गिरफ्तार

# सिरपुर में विवाद सुलझाने बुलाया चाकू से गर्दन पर 3 वार, धमकी भी

**महासमुंद / नवप्रदेश।** । सिरपुर में आपसी विवाद सुलझाने के नाम पर शुरू हुआ घटनाक्रम देर रात चाकूबाजी और जानलेवा हमले में बदल गया। 6 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे लक्ष्मण मंदिर हॉस्टल के पास एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक की गर्दन पर तीन और जांघ पर एक वार किए गए है। घायल युवक जान बचाकर भागा तो आरोपियों ने उसका पीछा कर धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने सिरपुर के उप सरपंच एवं भाजपा नेता राजेश ठाकुर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने प्रकरण में बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3), 109(1) और 3(5) के तहत कार्रवाई की है। घायल की पहचान सिरपुर में संचालित जेपी अस्पताल के संचालक परमानंद साहू के रूप में बताई गई है।

राजेश ठाकुर ने फोन कर पूछा, फिर अस्पताल पहुंचकर दी समझाइश-विवाद की जानकारी मिलने के बाद सिरपुर के उप सरपंच एवं भाजपा नेता राजेश ठाकुर ने पीड़ित पक्ष से फोन पर घटनाक्रम की जानकारी ली। शिकायत के अनुसार इसके बाद वह अस्पताल पहुंचा, जहां राकेश साहू और टिकेश्वर साहू मौजूद थे। राजेश ठाकुर ने दोनों पक्षों से विवाद की जानकारी ली और हरि ध्रुव से माफी मांगकर मामला खत्म करने की बात कही। शिकायत में आरोप है कि हरि ध्रुव ने माफी मांगने से इनकार कर दिया। इसके बाद विवाद को सुलझाने के लिए सभी को अस्पताल के सामने बुलाया गया।

### अस्पताल स्टाफ को रास्ते में रोकने से शुरू हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर की रात अस्पताल स्टाफराकेश साहू खाना खाने के बाद लौट रहा था। इसी दौरान अंबेडकर चौक के पास हरि ध्रुव ने उसे रोक लिया और अपने साथ चलने के लिए कहा। मोटरसाइकिल पर नहीं बैठने पर दोनों के बीच गाली-गलौज होने की बात सामने आई। इसके बाद राकेश साहू ने फोन कर अस्पताल संचालक परमानंद साहू को मौके पर बुलाया। अस्पताल का एक अन्य कर्मचारी टिकेश्वर साहू भी वहां पहुंच गया। दोनों पक्षों को समझाइश देकर उस समय मामला शांत करा दिया गया।

### आमना-सामना, चाकू निकलते ही मची अफरा-तफरी

रात करीब 9.30 बजे परमानंद साहू, राकेश साहू और टिकेश्वर साहू के साथ लक्ष्मण मंदिर हॉस्टल के पास पहुंचे। वहां हरि ध्रुव और सूरज मिरी पहले से मौजूद थे। शिकायत के मुताबिक वहां पहुंचते ही हरि ध्रुव ने फिर गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्के से मारपीट करने लगा।

### एफआईआर के बाद पुलिस ने तीनों को दबोचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की और उप सरपंच राजेश ठाकुर, हरि ध्रुव तथा सूरज मिरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। घटना के बाद सिरपुर में चाकूबाजी और विवाद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

## सिमगा में आंगन मिलन सेवा में कुपोषण दूर करने के बताए उपाय

**सिमगा/नवप्रदेश।** सिमगा आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन समारोह का आयोजन कर महिलाओं और बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास अधिकारी जीआर नवरंग के मार्गदर्शन में सिमगा के वार्ड क्रमांक दो, तीन, चार, पांच और छह के आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम हुए। सुपरवाइजर किरण शर्मा ने सुपोषण और कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, टीकाकरण, नोनी सुरक्षा योजना, रेडी-टू-ईट के फायदे तथा मुनगा की फली और पत्तियों के पोषण संबंधी महत्व के बारे में बताया। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत महिलाओं और बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्थानीय व मौसमी

खाद्य पदार्थों के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, एनीमिया से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित पोषण को आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम में गोद भराई और महिलाओं, बच्चों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए न्योता भोज भी हुआ। सखी वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रभारी रीना महतो ने महिलाओं को उपलब्ध सहायता एवं सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन हेल्पलाइन 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। कार्यक्रम में पार्षद प्रियंका अनूप तिवारी, भारती गोलू पाटकर, एल्डरमैन परस पाटकर, रुक्मणी साहू, रजनी दुबे सहित जनप्रतिनिधि, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

## गौरी नगर-स्टेशन पारा की जनता को क्या भेड़-बकरी समझती है सरकार: अभिमन्यु मिश्रा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** गौरी नगर- स्टेशन पारा रेलवे क्रॉसिंग की समस्या को लेकर प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने सरकार और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा है कि गौरी नगर और स्टेशन पारा के रहवासियों को रोज घंटों रेलवे फाटक पर खड़ा रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, आधे-आधे घंटे तक फाटक बंद रहता है इससे नौकरी और व्यवसाय के लिए जाने वाले लोगों का बहुत समय बर्बाद हो रहा है और सबसे गंभीर बात यह है कि किसी मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाना पड़े तो उसकी जान तक खतरे में पड़ सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि ÷केंद्र से लेकर राज्य सरकार तक भाजपा के बड़े-बड़े नेता विकास और सुशासन के दावे करते हैं, लेकिन गौरी नगर-स्टेशन पारा की जनता की यह बुनियादी समस्या उन्हें दिखाई क्यों नहीं देती? क्या सरकार इस क्षेत्र की जनता को इंसान नहीं, भेड़-बकरी समझती है कि जहां चाहो, जितनी देर चाहो, फाटक पर खड़ा कर दो?

प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट ने यह भी कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से अंडरब्रिज निर्माण की मांग कर रही है, लेकिन आधा बना हुआ अंडरब्रिज आज जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा नजर आ रहा है। जब निर्माण पूरा ही नहीं करना था तो जनता को वर्षों से इस अधूरे निर्माण की परेशानी क्यों झेलनी पड़ रही है ? उल्टा जलभराव में डूब कर लोग मर रहे हैं ।उन्होंने मांग की कि अंडरब्रिज का निर्माण तत्काल शुरू कराकर निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। जब तक अंडरब्रिज तैयार नहीं होता, तब तक रेलवे और प्रशासन के समन्वय से फाटक बंद रखने की समय-व्यवस्था तय की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से आधे-आधे घंटे तक फाटक पर खड़ा न रहना पड़े।

# सिमगा के चौकों पर लगेंगी लोहे की कुर्सियां, जनता ने जताया आभार

### नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया की अनूठी पहल

**सिमगा/नवप्रदेश।** सिमगा नवप्रदेश कृष्णा कुंजाम सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिमगा नगर पालिका परिषद से जनहित और नागरिक सुविधाओं को लेकर एक बेहद सराहनीय खबर सामने आई है। सिमगा नगर पालिका के लोकप्रिय एवं कर्मठ अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने नगर विकास की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए पूरे नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने का बीड़ा उठाया है।

अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया की विशेष पहल पर अब सिमगा नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक वार्ड के मुख्य चौराहों, चौकों और सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों के बैठने के लिए दो-दो मजबूत लोहे की कुर्सियां (चेयर) प्रदान की जा रही हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य नगर के बुजुर्गों, महिलाओं और राहगीरों को आवागमन के दौरान आराम करने के लिए एक सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष की इस जन-सरोकार से जुड़ी योजना की पूरे नगर में जमकर प्रशंसा हो रही है और वार्ड वासियों ने इसके लिए उनका आत्मीय आभार व्यक्त किया है।

**हर वर्ग के नागरिकों को मिलेगी राहत, बुजुर्गों ने सराहा :** नगर के विभिन्न वार्डों के प्रमुख चौकों पर शाम के वक्त बुजुर्ग, युवा और महिलाएं सामाजिक चर्चाओं के लिए एकत्रित होते हैं, या फिर बाजार आते-जाते समय राहगीर थोड़ी देर सुस्ताने के लिए जगह तलाशते हैं। पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

# कांग्रेस की अहम बैठक संगठन विस्तार और कार्यक्रमों को लेकर हुआ मंथन

**डोंगरगढ़/नवप्रदेश।** डोंगरगढ़ स्थित नवीन विश्राम गृह में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़ शहर की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। बैठक के दौरान पार्टी संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों एवं कांग्रेस की गतिविधियों को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के विषय पर विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों ने संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा पार्टी की गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने को लेकर अपने विचार रखे।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए केवल पदाधिकारियों की भूमिका पर्याप्त नहीं है, बल्कि बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इसके लिए कार्यकर्ताओं के बीच नियमित संपर्क और आपसी समन्वय बनाए रखने पर चर्चा हुई। साथ ही क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा जनसमस्याओं को संगठन के माध्यम से सामने लाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

आदेशः शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने दिए जाँच के आदेश

# श्री दिग्विजय क्लब की भूमि पर अवैध व्यावसायिक निर्माण का मामला

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर के प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक श्री दिग्विजय क्लब परिसर में कथित तौर पर नियमों की अनदेखी कर शासकीय नजूल भूमि पर अवैध व्यावसायिक निर्माण और साम्राज्य खड़ा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पत्रकार जितेन्द्र जैन जीतू द्वारा जिला कलेक्टर को एक शिकायती आवेदन सौंपा गया था, जिस पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के आयुक्त को पत्र जारी कर इस पूरे प्रकरण में भवन निर्माण अनुज्ञा से संबंधित संपूर्ण अभिलेखों और बिंदुवार प्रतिवेदन की मांग की गई है।



### शिकायत के मुख्य बिंदु

**कूट रचित शपथ-पत्र का आरोपः** शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष किशोर बेलावाला द्वारा 25 नवंबर 2022 को नगर निगम में एक क्षतिपूर्ति सह-शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें टांका पारा वार्ड नं. 14 स्थित भूखंड क्रमांक 4/1 (कुल क्षेत्रफल 4945 वर्ग मीटर) के खुद को 'धारक' और 'भूमि स्वामी' के रूप में घोषित किया गया, जो शासकीय अभिलेखों के विपरीत है।

**नजूल नियमों का उल्लंघनः** नजूल पट्टे की मूल शर्त (स्नश्हद्ब ॥) के बिंदु क्रमांक 3 के अनुसार भवन निर्माण या विस्तार के लिए कलेक्टर की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है। आरोप है कि बिना किसी अनुमति या एनओसी के धड़ल्ले से 20 दुकानें, एक आलीशान बैडमिंटन हॉल और जिम का अवैध निर्माण कराया गया है और वर्तमान में स्विमिंग पूल और अन्य दुकानों का निर्माण कार्य जारी है।

### प्रशासन की सख्त कार्रवाई

शिकायती पत्र मिलने के बाद अपर कलेक्टर, जिला राजनांदगांव द्वारा नगर निगम आयुक्त को पत्र जारी कर 07 दिवस के भीतर निम्नलिखित बिंदुओं पर सत्यापित प्रतियां और प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण पंजीयन क्रमांक 4246 और भवन अनुज्ञा क्रमांक 11835 (दिनांक 28.04.2023) की संपूर्ण नस्ती।

### नगर निगम की संलिप्तता

शिकायत में नगर निगम के भवन नजूल शाखा के अधिकारियों पर भी बिना वास्तविक भूमि-स्वामी (पदेन कलेक्टर) की सहमति के निर्माण कार्य की अनुमति देने और मिलीभगत का संदेह जताया गया है।

भवन अनुज्ञा के लिए प्रस्तुत आवेदन, ऑनलाइन आवेदन, स्वीकृत मानचित्र और नजूल पट्टा फॉर्म 'एच' से संबंधित दस्तावेज।

बिना कलेक्टर की पूर्व अनुमति के भवन अनुज्ञा जारी करने के नियमगत आधार की स्पष्ट जानकारी। क्लब परिसर में चल रहे कथित अवैध निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने, भवन अनुज्ञा निरस्त करने तथा दोषी अधिकारियों व पदाधिकारियों के विरुद्ध एफआई.आर. व दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है।इस बहुचर्चित शासकीय भूमि घोटाले और अवैध निर्माण के मामले में जिला प्रशासन की त्वरित और निष्पक्ष जांच के आदेश से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

# अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में विप्र महाविद्यालय रायपुर की टीम बनी विजेता

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेक्टर के अंतर्गत आने वाली 19 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रथम मैच से लेकर अंतिम मुकाबले तक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और मैदान पर रोमांच बना रहा। सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय और कुरुद महाविद्यालय आमने-सामने रहे। रोमांचक मुकाबले में कुरुद महाविद्यालय ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। दुसरा सेमीफाइनल विप्र महाविद्यालय रायपुर एवं शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें विप्र महाविद्यालय ने जीत हासिल की प्रतियोगिता का

फाइनल मुकाबला विप्र महाविद्यालय रायपुर एवं कुरुद महाविद्यालय के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विप्र महाविद्यालय रायपुर ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर का खिताब गरियाबंद महाविद्यालय के कृष्णा ठाकुर, बेस्ट स्मैशर का खिताब कुरुद महाविद्यालय के आभास तथा बेस्ट सेटर का अवॉर्ड विप्र महाविद्यालय के युवराज को प्रदान किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय क्रीड़ा विभाग के डॉ. चंद्रकांत अगासे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आर. के. तलवरे ने की। रायपुर से पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. करमिश संबरकर विशेष रूप से उपस्थित थे, आज हुए मुकाबले के आधार पर रायपुर सेक्टर की टीम का चयन किया गया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

तोरवा देवरीडीह

तेलीपारा रोड

मध्यनगरी चौक

फोटो-राकेश मिश्रा

# महामाया मंदिर में नवरात्र की तैयारी तेज, आस्था के महापर्व के लिए सज रहा रतनपुर

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** । 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र प्रारंभ होगा । इसे लेकर शक्तिपीठ महामाया मंदिर रतनपुर में तैयारियां तेज हो गई हैं। नवरात्र के नौ दिनों में देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर से लेकर शहर तक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

दर्शन व्यवस्था, ज्योति कलश, साफ-सफाई, पेयजल, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी।

शारदीय नवरात्र के पहले दिन से ही महामाया मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मंदिर की परंपरा के अनुसार बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कराते हैं। इसके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा बुकिंग, पंजीयन और ज्योति कलश स्थापना की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर परिसर में ज्योति कलशों के लिए निर्धारित स्थानों की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं। नवरात्र के दौरान महामाया मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी रहता है। भीड़ बढ़ने की स्थिति में दर्शन व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए प्रवेश और निकासी मार्गों को व्यवस्थित करने की तैयारी है। कतार में खड़े श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसके लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए भी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नवरात्र में रतनपुर में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। मंदिर परिसर और प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ ही भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त जवान लगाए जाएंगे। सीसीटीवी कैमरों से भीड़ और प्रमुख स्थानों की निगरानी की जाएगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य और प्रशासनिक अमले को अलर्ट मोड पर रखने की तैयारी है। नवरात्र में बाहर से आने वाले वाहनों के कारण रतनपुर में यातायात का दबाव बढ़ जाता है।

इसे देखते हुए शहर में यातायात व्यवस्था के लिए अलग प्लान तैयार किया जा रहा है। भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के साथ ही श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित किए जाएंगे। मंदिर तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि जाम की स्थिति न बने।

### कारोबारियों में उत्साह

महामाया मंदिर में नवरात्र केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि रतनपुर की अर्थव्यवस्था और स्थानीय कारोबार के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर होता है। हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही से स्थानीय दुकानदारों, फूल-प्रसाद विक्रेताओं, होटल और परिवहन कारोबार को भी गति मिलती है। नवरात्र के पहले ही रतनपुर में धार्मिक उत्सव का माहौल बनने लगा है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन का प्रयास है कि श्रद्धालु सुविधाजनक, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से महामाया के दर्शन कर सकें।

### साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था

नवरात्र के दौरान रतनपुर में सफाई व्यवस्था को लेकर भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों और पार्किंग स्थलों पर नियमित सफाई के साथ कचरा उठाने की व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, अस्थायी शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### गांवों तक पहुंची शासन की योजनाएं : विधायक शुक्ला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के तहत बिल्हा विकासखंड के ग्राम सेंदरी में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर 111 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 84 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। विधायक सुशांत शुक्ला ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं और शासकीय सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सहजता से पहुंचे। सेवा सेतु शिविर इसी उद्देश्य को साकार करने की महत्वपूर्ण पहल है।

### आसान हुई प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले के निवासी इतवारी लाल साहू ने

अपने पुत्र एवं पुत्री के लिए आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। उन्होंने बताया कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से शासकीय सेवाओं का लाभ लेना पहले की तुलना में काफी आसान और सुविधाजनक हो गया है। आय एवं निवास प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए अब लोगों को बार-बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। ऑनलाइन माध्यम से आवेदन की सुविधा मिलने से प्रक्रिया सरल होने के साथ ही लोगों के समय और श्रम की भी बचत हो रही है।

इतवारी लाल साहू ने बताया कि पहले किसी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने और उसकी प्रक्रिया पूरी होने तक कई बार संबंधित कार्यालय जाना पड़ता था, जिससे ग्रामीण एवं आम नागरिकों को काफी परेशानी होती थी। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवेदन की सुविधा मिलने से यह प्रक्रिया अब अधिक सहज हो गई है।

# साव ने किया राज्य शालेय क्रीड़ा स्पर्धा का शुभारंभ

## पांच संभागों के खिलाड़ियों ने निकाला मार्चपास्ट, 571 प्रतिभाओं ने दिखाया दम

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** तपती धूप, मैदान में गूंजता खिलाड़ियों का जोश और पांच संभागों की खेल प्रतिभाओं का दमखम... बुधवार को बहतराई का खेल परिसर प्रदेश के स्कूली खिलाड़ियों की ऊर्जा से सराबोर नजर आया। बस्तर, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग के 571 खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट के जरिए खेल भावना का परिचय दिया। स्व. बीआर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली और गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया।

10 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, हॉकी और कबड्डी के मुकाबले होंगे। खिलाड़ियों के बीच पदक और बेहतर प्रदर्शन के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि बहतराई की खेल भूमि ने देश और प्रदेश को कई प्रतिभावान खिलाड़ी दिए हैं। इसी मैदान पर खेलकर संजू देवी ने एशियन गेम्स कबड्डी में स्वर्ण पदक जीता, वहीं मधु सिदार और गीता यादव ने अंडर-19 महिला हॉकी में देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश 'जो खेलेगा, वही खिलेगा' का उल्लेख करते हुए खिलाड़ियों से पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

'खेल में कोई हारता नहीं, या जीतता है या सीखता है'

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि खेल के मैदान में कोई हारता नहीं है, खिलाड़ी या तो जीतता है या सीखता है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने की जरूरत बताई। साथ ही बहतराई खेल परिसर को मध्य भारत के उत्कृष्ट खेल संस्थानों में विकसित करने के लिए इसके उन्नयन पर जोर दिया।

छात्राओं की प्रस्तुति पर मिले 11 हजार

उद्घाटन समारोह में पीएम श्री कन्या विद्यालय सरकंडा की छात्राओं ने भारत माता वंदना सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तपती धूप में छात्राओं की शानदार प्रस्तुति की अतिथियों ने सराहना की। विधायक सुशांत शुक्ला ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाने के लिए 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

### तीन खेलों में होगी स्पर्धा

प्रतियोगिता में 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की तीरंदाजी, 19 वर्ष आयु वर्ग की हॉकी और 19 वर्ष बालक वर्ग की कबड्डी के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के मुकाबले बहतराई के एस्ट्रोटर्फ, इंडोर स्टेडियम और तीरंदाजी मैदान में खेले जाएंगे।

कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय, सहायक संचालक वर्षा शर्मा, सहायक संचालक क्रीड़ा जीडी गर्ग सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# चार प्रमुख सड़कों के निर्माण चौड़ीकरण व उन्नयन को मंजूरी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बरसात थमते ही प्रदेश में सड़कों के निर्माण और उन्नयन का काम रफ्तार पकड़ेगा। लोक निर्माण विभाग ने रायगढ़ जिले में चार सड़क परियोजनाओं के लिए 145 करोड़ 27 लाख 56 हजार रुपए की निविदाओं को मंजूरी दे दी है।

इनमें फोरलेन सड़क निर्माण, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और नई सड़क का निर्माण शामिल है। उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने रायगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता को चयनित ठेकेदारों और निर्माण एजेंसियों को कार्यादेश जारी कर तत्काल काम शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। इन परियोजनाओं में दो प्रमुख सड़कों के फोरलेन चौड़ीकरण के साथ विद्युतीकरण भी किया जाएगा। रायगढ़-लोइंग-महापल्ली मुख्य जिला मार्ग के पांच किलोमीटर हिस्से के फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण पर 59 करोड़ 49 लाख 4 हजार रुपए खर्च होंगे।

इसी तरह रायगढ़-कोतरा-नंदेली राज्य मार्ग के पांच किलोमीटर हिस्से के फोरलेन चौड़ीकरण एवं विद्युतीकरण के लिए 47 करोड़ 77 लाख 76 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है। विभाग ने 3.40 किलोमीटर उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के निर्माण के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा मंजूर की है।

# सीजी रास गरबा में दिखेगा छत्तीसगढ़ी संस्कृति का रंग

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही शहर में गरबा की धूम शुरू होने जा रही है।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और भक्ति के रंग में रंगा सीजी रास गरबा 11 और 12 अक्टूबर को अशोक नगर रोड, बिरकोना बायपास स्थित राज कंस्ट्रक्शन के सामने आयोजित होगा। प्रेसवार्ता में आयोजक राहुल साहू ने बताया सीजी रास गरबा में दोनों दिन विशेष आकर्षण भी रहेगा। आयोजकों के अनुसार 11 अक्टूबर को मिस फेमिना इंडिया छत्तीसगढ़ अंकिता सोन विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं 12 अक्टूबर को चर्चित टीवी सीरियल 'मन की आवाज प्रतिज्ञा' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री पूजा गौर गरबा आयोजन में शामिल होंगी। राहुल साहू ने कहा कि आयोजन के जरिए छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पारंपरिक वेशभूषा और स्थानीय पहचान को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**खेलकूद : भिलाई में आयोजित प्रथम स्पर्धा में 1250 खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर**

# इंडो-नेपाल कराते चैंपियनशिप में बिलासपुर का जलवा, 18 पदक जीते

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भिलाई में आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल ओपन इंटरनेशनल कराते चैंपियनशिप में बिलासपुर के कराते खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य समेत कुल 18 पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता में बिलासपुर कराते स्कूल के 10 खिलाड़ियों ने सब-जूनियर वर्ग में काता और कुमिते की विभिन्न भार श्रेणियों में हिस्सा लिया। 20 इवेंट में खिलाड़ियों ने 18 पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक सेक्टर-9 भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन एलीट मार्शल आर्ट एकेडमी छत्तीसगढ़ की ओर से सेंसई दीपक गुप्ता एवं उनकी टीम ने किया।

प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों और नेपाल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। करीब 1250 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों

ने जीते पदक बिलासपुर कराते स्कूल के खिलाड़ियों ने काता और कुमिते दोनों स्पर्धाओं में पदक हासिल किए।बालक वर्ग में– मुहम्मद रुशन - काता में रजत, कुमिते में कांस्य प्रवीण साहू - काता में रजत, कुमिते में रजत आर्यव साव - काता में कांस्य लक्ष्य पटेल - काता में कांस्य, कुमिते में रजत आयांश झा - काता में रजत, कुमिते में कांस्य मुहम्मद यूसुफ हसन - काता में कांस्य बालिका वर्ग में– समीक्षा सारथी - काता में स्वर्ण, कुमिते में कांस्य लक्षिता साहू - काता में कांस्य, कुमिते में स्वर्ण आन्या साहू - काता में कांस्य, कुमिते में स्वर्ण आराध्या साहू - काता में स्वर्ण, कुमिते में रजत इस तरह बिलासपुर के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में कुल 4 स्वर्ण, 6 रजत और 6 कांस्य पदक हासिल किए। कोचों ने बढ़ाया हौसला खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सेको काई कराते इंटरनेशनल के प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारिणी अध्यक्ष बी.बी. नायडू ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

उन्होंने खिलाड़ियों के साथ सीनियर कोच राजेश सारथी, रिया साहू, सपना श्रीवास और विवेक नेताम के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती आवेदन 21 तक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र उस्लापुर-4 में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना कार्यालय के अनुसार आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

आवेदिकाएं ई-भर्ती पोर्टल पर जाकर आवेदन पत्र भरने के साथ आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड कर सकती हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए ई-भर्ती पोर्टलः https//aww.e-bharti.in/ अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## सुविचार

किसी को भी मंजिल आसानी से नहीं मिलती। रास्ते क्या क्या छीन लेते हैं यह सिर्फ मुसाफिर ही जानता है। - अज्ञात

# सेवा और संकल्प के पच्चीस साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में तेरह साल और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप बारह साल तक प्रदेश और देश का नेतृत्व करके अपने सार्वजनिक जीवन के पच्चीस साल पूरे कर लिये। ऐसा करने वाले संभवतः वे देश के पहले राजनेता है। अपने पच्चीस साल पूरे करने के बाद उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि जब उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात की कमान संभाली थी तो उन्होंने नहीं सोचा था कि एक दिन उन्हें देश का नेतृत्व करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वे आज जो भी हैं जनता के कारण ही हैं और उन्होंने सेवा का संकल्प ले रखा है। वे देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नया मंत्र दिया है कि हम करके रहेंगे। वास्तव में पीएम मोदी ने पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को विकसित राज्यों की सूची में शामिल कराया था और उसके बाद पिछले बारह सालों से प्रधानमंत्री के रूप में वे देश को नई दिशा देने के काम में लगे हुए हैं। पिछले 12 वर्षों के दौरान उन्होंने सबसे बड़ा काम तो यह किया है कि 2014 के पहले देश निराशा की गर्त में डूबा हुआ था उसे उन्होंने उबारा और देशवासियों में उम्मीद की नई किरण जगाई। इसके बाद वे देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के काम में पूरे मनोवेग से जुट गये। आज भारत न सिर्फ हर मामले में आत्म निर्भर बन रहा है बल्कि अंतरिक्ष तक उसने तिरंगा लहरा दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था भी साल दर साल मजबूत होती गई है और आज की तारीख में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। तथा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने अपने एक दशक से ज्यादा के कार्यकाल में कई नामुमकिन कामों को भी मुमकिन करके दिखाया है। कश्मीर में जिस 370 को हटा पाना असंभव माना जाता था उसे उन्होंने खत्म कर दिया। न सिर्फ आतंकवाद पर लगाम लगाई बल्कि जख्म से नासूर का रूप धारण कर चुके नक्लसवाद को भी उनकी सरकार ने समाप्त कर दिया। मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने ग्लोबल फॉर लोकल तथा मेक इन इंडिया के माध्यम से स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा दिया। समाजिक क्षेत्र में भी मोदी सरकार ने कई नई योजनाओं का क्रियान्वयन कर करोड़ो लोगों को लाभांवित किया। आयुष्मान योजना के तहत करोड़ो देशवासियों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया तो वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर घर शौचालय बनाने के साथ ही पूरे देश में स्वच्छ भारत अभियान को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बना दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भी करोड़ो लोगों के अपने पक्के घर का सपना भी साकार किया। उनके सक्षम नेतृत्व में देश में 2047 तक विकसित भारत बनने का जो सपना देखा है वह जरूर पूरा होगा ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

# कप्तान श्रेयस अय्यर की सर्वश्रेष्ठ पारी

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैचों की सीरिज में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने एक रिकॉर्ड तोड़ कप्तानी पारी खेली थी और उनके नेतृत्व में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरिज शानदार तरीके से जीती थी इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में टीम इंडिया के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी खेलकर इस सीरिज की भी शानदार जीत के रूप में शुरूआत की है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में टीम इंडिया ने श्रेयस अय्यर के नाबाद शतक के चलते पंद्रहवें ओवर में ही इस लक्ष्य को हासिल कर आठ विकेट से जीत दर्ज कर ली। श्रेयस अय्यर ने पहले पचास रन 28 गेंदों पर बनाये उसके बाद पचास रन उन्होंने सिर्फ 14 गेंदों पर ठोंक डाले। इस तरह श्रेयस अय्यर ने मात्र 43 गेंदों पर 10 चौंकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाये। रनों का पीछा करते हुए किसी भी भारतीय कप्तान का यह पहला शतक है। कप्तान के रूप में शतक लगाने वाले श्रेयस अय्यर रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव के बाद तीसरे कप्तान बन गये हैं। श्रेयस अय्यर जिन्हें उनके साथी खिलाड़ी सरपंच कहकर संबोधित करते हैं, उन्होंने अपनी इस सर्वश्रेष्ठ पारी से यह साबित भी कर दिया कि वे वाकई सरपंच है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में हाल ही में इंडिया ने एशिया कप भी जीता है। श्रेयस अय्यर क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं। वनडे के 82 मैचों में उन्होंने 3136 रन बनायें हैं वहीं 14 टेस्ट मैचों में 811 रन उनके बल्ले से निकले हैं। टी20 के 68 मैचों में उन्होंने 1615 रन बनाये हैं जिसमें वे 12 बार नाबाद रहे हैं। जाहिर है श्रेयस अय्यर जैसे भरोसेमंद बल्लेबाज के हाथों में भारत की टी20 टीम आगे और भी इसी तरह का शानदार प्रदर्शन करती रहेगी।

[redacted]

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1769 कप्तान जेम्स कुक न्यूजीलैंड पंहुचा। 1769कैप्टन कुक ने न्यूजीलैंड में कदम रखा। 1809 प्रिंस क्लेमेन्स वॉन मेट्रर्टिच ऑस्ट्रियाई साम्राज्य के विदेश मंत्री बने। 1821 जनरल जोस डे सैन मार्टिन की सरकार ने पेरूवाइ नौसेना की स्थापित की। 1856 अंग्रेजों और चीन के बीच द्वितीय अफीम युद्ध शुरू हुआ। 1860 एलएंडएसएफके बीच टेलीग्राफलाइन शुरू की गयी। 1862 अमेरिकन सिविल वॉर-द बैटल ऑफपेरीविले, युद्ध के सबसे खूनी लड़ाई में से एक, केंटुकी के पेरीविले के पश्चिम में चैपलिन हिल्स में लड़ा गया था। 1871 अमेरिका के शिकागो शहर में दो दिन तक भयंकर आग रही। इस आग से 300 लोगों की मौत और 17,450 घर बर्बाद हुए। 1871 ग्रेट शिकागो फायर रविवार, 8 अक्टूबर को शुरू हुआ, और तीन दिनों के लिए चला गया इससे पहले कि मंगलवार, 10 अक्टूबर, 1871 को आखिरकार बाहर चला गया। 1871 संयुक्त राज्य अमेरिका में चार बड़ी आग लग गई, जिसमें विस्कॉन्सिन शिकागो फायर और विस्कोन्सिन में पेशीगो फायर शामिल हैं, जो अमेरिकी इतिहास में सबसे घातक आग थी। 1897 संगीतकार गुस्ताव महलर को वियनाकोर्ट ओपेरा का निदेशक नियुक्त किया गया। 1904 कनाडा के शहर एडमोंटन, अल्बर्टा और प्रिंस अल्बर्ट, सस्केचेवान, दोनों शामिल थे। 1919 संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली बार अंतरमहाद्वीपीय हवाई दौड़ शुरू होती है, जिसमें 63 विमान कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क के बीच भाग लेते हैं।

# 'जेन-जी' सियासी चूल्हे की जलाऊ लकड़ी न बनें

डॉ. संजय शुक्ला

**भारत का राजनीतिक तापमान इन दिनों सरकार विरोधी आंदोलनों के चलते काफी बढ़ा हुआ है। राजधानी दिल्ली से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में छात्रों, युवाओं और राजनीतिक दलों के इस आंदोलन ने सरकार और सत्तारूढ़ दल के पेशानी पर बल ला दिया है। इन आंदोलनों और प्रदर्शनों के चलते सड़क से लेकर सोशल मीडिया पर काफी हलचल है।इसी साल सुप्रीम कोर्ट के 'सीजेआई' के बेरोजगारों के बारे में की गई टिप्पणी के चलते डिजिटल मीडिया पर बनी कॉकरोच जनता पार्टी 'सीजेपी' की अगुवाई में नीट - यूजी पेपर लीक को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रोटेस्ट ने मुल्क में प्रदर्शनों का सिलसिला शूटिंग शुरू कर दिया। इस प्रदर्शन को ' जेन- जी प्रोटेस्ट ' यानि वह पीढ़ी जिनका जन्म 1997 से 2012 के बीच हुआ है का नाम दिया गया।**

इस प्रोटेस्ट के बाद आखिरकार धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि 'सीजेपी' के इस प्रोटेस्ट पर गाहे-बगाहे उंगलियां भी उठ रही हैं क्योंकि पार्टी के फाउंडर अभिजीत दिपके एवं अन्य शीर्ष नेताओं का आम आदमी पार्टी 'आप' से नजदीकी सियासी रिश्ता रहा है। जंतर-मंतर पर इस पार्टी के प्रोटेस्ट में जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के विरोधी राजनीतिक नेता, एक्टिविस्ट और संगठन जुटे थे उससे यह भी लगने लगा था कि यह सरकार विरोधी मुहिम है तथा इसका नीट से कोई लेना-देना नहीं है। 'सीजेपी' अपने ' स्कूल ठीक करो अभियान ' के तहत जिस तरह से भाजपा शासित राज्यों के स्कूलों को निशाना बना रही है उससे भी इस पार्टी की कलाई खुल रही है। अलबत्ता अहम सवाल यह है कि ' जेन- जी ' के नाम पर देश भर में चल रहे आंदोलन की आड़ में छात्रों और युवाओं के साथ कोई राजनीतिक छल न हो जाए? आखिरकार यह देश के भविष्य से जुड़ा मसला है।

बहरहाल 'सीजेपी' के इस आंदोलन ने देश के राजनीतिक माहौल में भूचाल ला दिया जिसके बाद देश के विपक्षी दलों ने भी सरकार के खिलाफ सड़क पर मोर्चा खोल दिया है। इधर मुख्य चुनाव आयुक्त ' सीईसी ' ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सीजेपी और वामपंथी स्टूडेंट फ्रंट जहां दिल्ली - मुंबई सहित अन्य शहरों में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं वहीं विपक्षी राजनीतिक दल भी इस मुद्दे पर संसद से सड़क तक प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि भारत में छात्रों और युवा आंदोलनों का लंबा इतिहास रहा है तो दूसरी ओर यह आंदोलन सरकारों के लिए चुनौती भी साबित हुई है। इंटरनेट क्रांति के वर्तमान दौर में ' जेन- जी ' के लिए सोशल मीडिया अपनी बात लोगों तक पहुंचाने का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है। दुनिया के अनेक देशों की सरकारें 'जेन- जी प्रोटेस्ट ' से जूझ रही है। जेन जी के इन आंदोलनों को सोशल मीडिया के जरिए खूब ताकत मिल रही है। गौरतलब है कि भारत युवाओं के आबादी के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है जो देश में बदलाव का सूत्रधार बन गया है। हर चुनाव के बाद जिस छात्र और युवा वर्ग को सरकार और राजनीतिक दल हाशिए पर धकेल देती थी अब वही सियासत, सरकार, संसद और सुप्रीम कोर्ट 'जेन- जी' की सुध लेने में जुटे हुए हैं। देश के चुनावी इतिहास पर गौर करें तो अलग-अलग कालखंडों में मुल्क में छात्रों और युवाओं के अनेक आंदोलन हुए हैं जिसने देश का राजनीतिक भूगोल बदल दिया। इन आंदोलनों में प्रमुख 1974 में जयप्रकाश नारायण 'जेपी' के अगुवाई में छात्रों और युवाओं का आंदोलन हुआ जिसे 'संपूर्ण क्रांति' नाम दिया गया था। इस आंदोलन से पैदा हुई जनता पार्टी ने 1977 के आम चुनाव में श्रीमती इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया। साल 1990 में वीपी सिंह की सरकार ने जब मंडल कमीशन रिपोर्ट लागू की तब छात्रों और युवाओं का गुस्सा भड़क उठा और देश भर में आरक्षण विरोधी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन के बाद वीपी सिंह की सरकार के हाथ से सत्ता की कुर्सी छीन ग?ई। इसी प्रकार इक्कीसवीं सदी के भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं का साल 2011 में 'अन्ना आंदोलन ' और दिल्ली के एक पैरामेडिकल छात्रा के साथ बर्बर सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ 2012 में 'निर्भया आंदोलन ' हुआ जिसने 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन यूपीए गठबंधन से सत्ता छीन ली। इन दोनों आंदोलनों को अंजाम तक नौजवानों ने ही पहुंचाया था।

अलबत्ता राजनीतिक मुद्दों को लेकर जेन- जी के सड़कों पर उतरने के बाद एक बार फिर से बहस - मुबाहिसों का दौर चल पड़ा है कि क्या जेन- जी 2029 के लोकसभा चुनाव पर असर डाल पाएंगे ? देश में हुए अनेक छात्र आंदोलनों के पन्ने उलटें तो इन आंदोलनों के कोख से कोई न कोई राजनीतिक पार्टी का जन्म हुआ है जिसने देश को एक नयी राजनीतिक दिशा दी है। हालिया जेन- जी प्रोटेस्ट के बाद भी कुछ इस तरह के ही कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या अगले आम चुनाव के पहले जेन- जी का यह प्रोटेस्ट किसी राजनीतिक पहचान के तौर जनता के सामने आएगी? अथवा 'सीजेपी' का प्रोटेस्ट महज विपक्षी राजनीतिक दलों का ' बी- टीम ' बनकर रह जाएगी? उत्तर काल के गाल में है। यह सवाल इसलिए भी लाजिमी है क्योंकि 'जेन- जी' जिसकी आबादी लगभग 38 करोड़ होगी। इस आबादी में यदि मिलेनियल्स यानि जिनकी पैदाइश 1981 से 1996 के बीच है जो 35.7 करोड़ है को मिला दें तो यह आंकड़ा लगभग देश के कुल आबादी की लगभग आधी होगी क्योंकि 2029 में देश की आबादी 151.3 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। इस आबादी के लिहाज से आगामी आम चुनाव में राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला सिर्फ सीटों के लिए ही नहीं बल्कि जेन - जी का भरोसा जीतने के लिए भी होगा।

बिलाशक आने वाले चुनावों में मुख्य मुद्दा धर्म, जाति, क्षेत्रवाद और फ्रीबीज नहीं होगा बल्कि अधिक रोजगार, क्वालिटी एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट, भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्टार्टअप, डिजिटल अवसर से लेकर क्लाइमेट चेंज और एनर्जी जैसे मुद्दे होंगे।

दरअसल जेन- जी की असली ताकत सोशल मीडिया है और यह कुनबा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए ही एकजुट होते हैं लेकिन उनके मुद्दे धर्म, जाति और लैंगिक विषय नहीं होते बल्कि वे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता और शासन-प्रशासन में व्याप्त भाई- भतीजावाद होता है। इन मुद्दों से अमूमन सभी जेन- जी जूझ रहे हैं तथा सत्ता से हताश - निराश और आक्रोशित भी हैं। विश्लेषकों के अनुसार यह पीढ़ी राजनीति के नये स्वरूप को जन्म दे रही है जहां वायरल पोस्ट और हैशटैग भी राजनीतिक - सामाजिक बदलाव का हथियार बन सकते हैं। गौरतलब है कि किसी भी देश और समाज में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक बदलाव के ध्वज वाहक युवा ही होते हैं। भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में दशकों से राजनीतिक और चुनावी व्यवस्था में सुधार के बारे में बहस चल रही है। देश के लोकतंत्र के लिए यह शुभ संकेत है कि ' जेन- जी ' अब राजनीतिक मुद्दों पर काफी मुखर हैं।? भारत जैसे लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में कोई भी बदलाव सिर्फ वोट के जरिए ही संभव है लिहाजा जेन- जी से अपेक्षा है कि वे राजनीतिक दलों के सियासी चूल्हे की जलाऊ लकड़ी बनने के बजाय बदलाव के सूत्रधार बनें।

# जहाँ कभी सुरक्षा शिविर था, आज वहाँ 150 आदिवासी विद्यार्थी पढ़ रहे हैं

साक्षी चतुर्वेदी

छत्तीसगढ़ के बस्तर की कहानी लंबे समय तक संघर्ष, नक्सलवाद और सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में कही जाती रही है। लेकिन आज इसी बस्तर में बदलाव की एक ऐसी तस्वीर सामने आ रही है, जो यह बताती है कि शांति केवल सुरक्षा का नाम नहीं, बल्कि शिक्षा, अवसर और बेहतर भविष्य का रास्ता भी है। नारायणपुर जिले के भाटपाल में जिस भवन में कुछ समय पहले तक सुरक्षा बलों का शिविर हुआ करता था, आज उसी परिसर में करीब 150 आदिवासी विद्यार्थी रहकर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। कभी सुरक्षा अभियानों का हिस्सा रहा यह स्थान अब शिक्षा और उम्मीद का केंद्र बन चुका है। अगस्त से इस परिसर में आसपास के नक्सल प्रभावित और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थी रह रहे हैं। इनमें अबूझमाड़ जैसे दुर्गम क्षेत्र से आने वाले छात्र भी शामिल हैं। यह वही क्षेत्र है, जहाँ लंबे समय तक नक्सलवाद के कारण सामान्य जीवन और शिक्षा तक पहुँच बेहद कठिन रही है। भाटपाल परिसर में अनुसूचित जनजाति के बालकों के लिए दो छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं, एक प्री-मैट्रिक और दूसरा पोस्ट-मैट्रिक स्तर का। प्री-मैट्रिक छात्रावास में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थी रहते हैं, जबकि पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों के लिए है। प्री-मैट्रिक छात्रावास की स्वीकृत क्षमता 100 विद्यार्थियों की है, लेकिन वर्तमान में यहाँ 114 विद्यार्थी रह रहे हैं। वहीं, पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास में 50 विद्यार्थियों की क्षमता के मुकाबले फिलहाल 39 विद्यार्थी रह रहे हैं। यह संख्या केवल विद्यार्थियों की उपस्थिति नहीं बताती, बल्कि यह भी दर्शाती है कि दूरस्थ क्षेत्रों के आदिवासी परिवार अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर कितने उत्साहित हैं, जब उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक आवास की सुविधा उपलब्ध होती है।

नारायणपुर कलेक्टर नम्रता जैन के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ और कठिन भौगोलिक क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के सामने आने वाली एक बड़ी चुनौती को दूर करना है- विद्यालय के निकट सुरक्षित आवास की उपलब्धता। भाटपाल में पोस्ट-मैट्रिक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध होने से आदिवासी युवाओं के लिए उच्च शिक्षा जारी रखने का रास्ता आसान हुआ है। यह बदलाव केवल एक भवन के उपयोग में परिवर्तन नहीं है। यह उस सोच का परिवर्तन है, जिसमें कभी किसी स्थान की पहचान सुरक्षा शिविर के रूप में होती थी और आज वही स्थान विद्यार्थियों के सपनों को आकार देने वाला परिसर बन गया है।

छात्रावासों को मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया को देखते हुए प्रशासन अब ऐसे और आवासीय केंद्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अबूझमाड़ के प्रवेश क्षेत्र कुरुषनार में भी ऐसा ही एक प्रयास आकार ले रहा है।

कुरुषनार का उदाहरण इस बदलाव को और गहराई से समझने का अवसर देता है। वर्ष 2011 में यहाँ एक आवासीय विद्यालय बनाया गया था। उस समय नक्सलियों की अनुमति के बाद विद्यालय का निर्माण हुआ था और उनकी शर्त थी कि भवन पर कंक्रीट की छत या ऊँची चारदीवारी न बनाई जाए, ताकि सुरक्षा बल वहाँ अपना शिविर स्थापित न कर सकें।

समय बदला। क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति बदली और नक्सली प्रभाव कम हुआ। अब इसी क्षेत्र में कुछ वर्ष पहले स्थापित सुरक्षा शिविर को बालिका छात्रावास में परिवर्तित किया जा रहा है। यह छात्रावास जल्द ही तैयार होने की उम्मीद है।

बस्तर में हो रहा यह परिवर्तन एक महत्वपूर्ण संदेश देता है; जब किसी क्षेत्र में शांति स्थापित होती है, तो उसका सबसे सुंदर परिणाम बच्चों के भविष्य में दिखाई देता है। जहाँ कभी सुरक्षा बलों की मौजूदगी क्षेत्र की आवश्यकता थी, वहीं आज उसी स्थान पर किताबें, कक्षाएँ और विद्यार्थियों के सपने दिखाई दे रहे हैं। यह बदलाव बताता है कि विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षा है। बस्तर के इन छात्रावासों में रहने वाले बच्चे केवल अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए यहाँ नहीं आए हैं। वे अपने परिवारों, अपने गाँवों और अपने पूरे क्षेत्र के भविष्य की नई कहानी लिखने आए हैं।

किसी सुरक्षा शिविर का छात्रावास में बदल जाना शायद प्रशासनिक दृष्टि से एक भवन का पुनः उपयोग हो, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह उससे कहीं बड़ा परिवर्तन है। यह संघर्ष से शांति, भय से विश्वास और असुरक्षा से अवसर की ओर बढ़ते बस्तर की तस्वीर है।

और शायद किसी भी क्षेत्र में बदलाव की इससे बेहतर तस्वीर नहीं हो सकती कि जहाँ कभी हथियारों की सुरक्षा की आवश्यकता थी, आज वहाँ बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की व्यवस्था हो रही है।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आज चाँद कितना प्यारा लगता है । है आधा पर बड़ा न्यारा लगता है।। ये धरा और गगन चाँदनी में नहा रही है। मानों जैसे एक दूसरे से गुफ्तगू कर रही है।। आज हमें भी गुनगुनाने का मन करता है । कुछ पल यूं ही बिताने का मन करता है।। आओ, कुछ पल चाँदनी का लुफ्त उठाते हैं । बैठ इस वृक्ष तले प्रकृति को निहारते हैं।। सूकून से बैठ कुछ तुम कहो कुछ हम सुनाते हैं। चाँद तारों पर ही कुछ प्रीत के गीत गुनगुनाते हैं।। ज्ञात है , जूझते झंझवातों से धका ये मन कैसे गायेगा पर प्रकृति से सीखो तो सब हो पायेगा। - **पूनम झा प्रथमा**

वो इतनी-सी मोहब्बत करता है हमसे वैसे तो वो मुझे आंख उठाकर देखता तक नहीं है पर मेरी तरफकोई बुरी नजर से देखे तो, मेरा करेजा उसे कुछ देखने लायक नहीं छोड़ेगा... उसने मुझे कभी छुआ नहीं... एक बार कोई छू कर तो देखे मुझे... मेरा करेजा नरसिंह हो जाएगा... करूणा निधान की कुमुद जी। - **कुमुद अनुन्जया**

हौसले नापे जाते है कमल उड़ान के साथ। अब बगावत ही ठीक है आसमान के साथ।। थककर गिर जाना मुझे आता ही नही। तो उड़ भी रहा हूँ इस थकान के साथ।। कोई पूछे तो कहना सफर में हूँ अभी। क्योंकि दिल लगता नहीं मकान के साथ।। मेरी ख़ामोशी भी सुनी जाएगी एक दिन। मैंने आवाज़ बचा रखी है जुबान के साथ।। आज का दीन हम सबके लिए मंगलमय हो ।। - **कमलकांत डोंगरे**

रात बोझिल है तो क्या, हँसकर गुजारी जाएगी दर्दो ग़म की हर तरह सूरत संवारी जाएगी सामने तालाब हो या हो नदी गहरी कोई ! उस तरफ साहिल पै कश्ती भी उतारी जाएगी !! - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

कभी-कभी कोई कोई बिना किसी कारण बस अच्छा लगता है क्यों ये दिल भी फैसला नहीं कर पाता, शायद किसी की मेहनत कुछ करने का ज़ज्बा किसी का आत्म विश्वास किसी की उदास आंखों में छुपे कुछ पाने के सपने , पता नहीं क्या आकर्षित करता है , कि जी चाहता है उसको जानने का उसको समझना काउसकी खुशी और गम साझा करने का बस यूँही बिना कारण बिना वज़ह पता नहीं क्यों पता नहीं क्यों शायद इंसान होने के नाते.!! - **डॉ. अर्चना खंडेलवाल**

क्यूँ होते हैं झगड़े घर में क्यूँ नहीं पटती वधु-ओ-वर में कटेगा कैसे जीवन सारा जीना पड़ेगा क्या इस डर में मन्नत कितनी मांगी होगी ना जानें किस-किस के दर में जाकर तब रिश्ते बनते हैं किसी भाग्यशाली के घर में नहीं सहेज पाते रिश्तों को ना जाने किसके चक्कर में फँस जाते हैं सब घरवाले इन दोनों की इस टक्कर में ईश्वर सबको ही सन्मति दे फँसे ना कोई इस चक्कर में। - **जे डी कुदाल**

ठीक मध्य से ना किसी आदि से ना ही अंत से जो प्रारंभ होता है वो प्रेम होता है ... ठीक युवावस्था से बालपन के बाद वृद्धावस्था से पहले जो प्रगाढ़ होता है वो प्रेम होता है पर पर उसमें समाहित होते है आदि-अन्त के सूत्र बालपन की शरारत वृद्धावस्था की प्रौढ़ता और युवावस्था की चंचलता ... पर प्रेम में सिर्फप्रेम होता है उसमें ना तो प्रौढ़ता होती है ना चंचलता ना ही शरारत और ना ही कोई अवस्था उसमें सिर्फआदि किसी अन्त से किसी मध्य में आ कर ऐसे मिलता है की वो प्रेम बिंदु अनन्त हो जाता है प्रेम आदि भी हो जाता है और अंत भी। - **नमन कुमार मिश्रा**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष** : आज द्वादशी तिथि है, अभिजित मुहूर्त नहीं है इसलिए बड़ा निर्णय दोपहर से पहले न लें। गण्ड मूल 21:40 तक है, स्वास्थ्य में थकान और क्रोध अधिक रहेगा, वाहन सावधानी से चलाएं।

**वृष**: आज धन का योग प्रबल है, अमृत काल 19:20 से है, शाम के बाद लाभ होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें, गण्ड मूल का असर माता पक्ष पर हो सकता है।

**मिथुन**: आज आपका ही दिन है, बुधवार होने से बुद्धि और वाणी का प्रभाव बढ़ेगा, पर गण्ड मूल होने से अधिक बोलने से बचें। खर्च अधिक रहेगा, यात्रा में सावधानी रखें।

**कर्क**: आज व्यय अधिक रहेगा, पर शुभ कार्यों में खर्च होगा, विदेश और ऑनलाइन काम से लाभ होगा। मन थोड़ा बेचैन रहेगा, शिववास नन्दी पर होने से शिव जी की पूजा से शांति मिलेगी।

**सिंह** : आज चन्द्रमा आपकी ही राशि में है, मघा नक्षत्र में जन्मे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। लाभ ही लाभ का दिन है, कोई बड़ी इच्छा पूरी होगी, आय के नए स्रोत बनेंगे। सामाजिक क्षेत्र में मान बढ़ेगा।

**कन्या**: आज आपकी ही राशि है, बुधवार होने से बुद्धि से किया गया कार्य सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति और प्रमोशन के योग हैं, पिता का सहयोग मिलेगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला**: आज भाग्य आपका साथ देगा, रुके हुए काम बनेंगे, पर अभिजित मुहूर्त न होने से बड़ा निर्णय अमृत काल 19:20 के बाद लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी, तीर्थ यात्रा का योग है।

**वृश्चिक**: आज स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, गण्ड मूल और विडाल योग होने से आकस्मिक खर्च और चोट का भय है।

**धनु**: आज दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी, व्यापार में साझेदारी से लाभ होगा। अविवाहितों के लिए रिश्ते की बात पक्की हो सकती है। रोजमर्रा के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर**: आज शत्रुओं पर विजय मिलेगी, कर्ज से मुक्ति के योग हैं, कोर्ट-कचहरी में निर्णय आपके पक्ष में आएगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में आप आगे रहेंगे।

**कुंभ**: आज बुद्धि और विद्या का दिन है, संतान से हर्षदायक समाचार मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत शुभ है, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी।

**मीन**: आज घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी, भूमि-भवन या वाहन खरीदने का योग है। माता से पूर्ण सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति के लिए ध्यान करें।

## QUIZ TIME

Think Learn Grow — Small Questions Big Knowledge

1. पीसीओएस महिलाओं के शरीर के किस अंग से जुड़ी बीमारी है?
2. कांग्रेस की स्थापना के बारे में प्रथम बार किस समाचार पत्र में घोषणा की गई?
3. पूर्व का शिराज किस नगर को कहा जाता था?
4. चेहरे पर अत्यधिक मुंहासे किस ग्रंथि का अत्यधिक सक्रिय होना है?
5. प्रथम राजा रणधीर सिंह पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला- (1) अंडाशय (2) द हिंदू (3) जौनपुर (4) सेबेशियस ग्रंथि (5) सुजीत कलकल

RamaQuiz

## पहेली

**शब्द सामर्थ्य -183**

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 182 का हल

# अंतिम व्यक्ति का उत्थान और सर्वसमावेशी विकास ही हमारी सरकार की प्रतिबद्धता: राजस्व मंत्री वर्मा

### सुशासन और सर्वव्यापी विकास का नया दौर योजनाओं का मिला लाभ, तो संवर गया जीवन

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक पहुँचकर आम जनता के जीवन में अभूतपूर्व सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की इसी कड़ी में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा ने आज सुबह जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के बीच पहुँचकर जमीनी स्तर पर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और हितग्राहियों से सीधा संवाद कर उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली।

मंत्री वर्मा ने भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत माड़िंग पिड़िंग भूर्सा जनपद पंचायत मोहला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने योजना के लाभार्थी इन्द्र कुमार पिता मदन लाल के निर्माणाधीन घर का अवलोकन किया, वर्ष 2025-26 के तहत स्वीकृत इस पक्के आवास हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है, साथ ही परिवार को 90 दिनों का मनरेगा रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुंचाना है**

हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का प्रकाश पहुँचाना है। जब एक ग्रामीण परिवार को अपना पक्का मकान मिलता है, बहन-बेटियों को रसोई गैस और घर पर ही शुद्ध जल की सुविधा मिलती है, तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से मातृशक्ति का आर्थिक सशक्तिकरण होता है, तब सही मायनों में रामराज्य और सुशासन की संकल्पना साकार होती है। राज्य सरकार हर पात्र नागरिक को उसका हक और सम्मान दिलाने के लिए पूर्ण पारदर्शिता तथा संवेदनशीलता के साथ निरंतर प्रयासरत है।

श्रीमती हेमेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से हमें न केवल सुरक्षित और पक्का घर मिला है, बल्कि इसके साथ उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन मिलने से धुएँ से मुक्ति मिली है। जल जीवन मिशन (नल-जल योजना) के माध्यम से अब हमारे घर के भीतर ही स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इसके अलावा, राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'महतारी वंदन योजना' से हर महीने मिलने वाली वित्तीय सहायता महिलाओं के स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का बड़ा आधार बन चुकी है। इस राशि का उपयोग हम घर की आवश्यक दैनिक जरूरतों और बच्चों की देखभाल में सहूलियत के साथ कर पा रहे हैं।

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के मूलमंत्र पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारी तथा ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

**बहुआयामी विकास का केंद्र बनीं सरकारी योजनाएं**

लाभार्थी परिवार की श्रीमती हेमेश्वरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार की विकासपरक नीतियों के प्रति गहरा आभार जताया। उन्होंने बताया कि सरकार की एकीकृत कल्याणकारी सोच से उनके परिवार की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है।

## न्यूज गैलरी

### फरवरी में खत्म होगा कुलपति का कार्यकाल, आवेदन मंगाए

**रायपुर/नवप्रदेश।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में नए कुलपति के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान कुलपति डॉ। गिरीश चंदेल का कार्यकाल फरवरी 2027 में खत्म हो रहा है। इसे देखते हुए चार महीने पहले ही नए कुलपति के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। राजभवन की ओर से इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। दावेदार तय फर्मेट में 29 अक्टूबर तक अपना आवेदन जमा कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के बाद मिलने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। चयन प्रक्रिया शुरू होते ही विश्वविद्यालय के कई सीनियर प्रोफेसर और अन्य दावेदार सक्रिय हो गए हैं। कुलपति पद के लिए उम्मीदवार का कृषि या संबंधित विषयों में प्रतिष्ठित शिक्षाविद होना आवश्यक है। साथ ही विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव या किसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक प्रशासनिक पद पर इतने ही वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार के पास प्रशासनिक दक्षता के साथ शिक्षकीय और अनुसंधान कार्य का भी अनुभव होना जरूरी है। नए कुलपति का कार्यकाल पांच वर्ष या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक रहेगा। प्रदेश के इस इकलौते कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए दूसरे कृषि विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर भी आवेदन करने की तैयारी में हैं।

### पीएम स्वनिधि से साहिन के व्यवसाय को मिला सहारा, आत्मनिर्भरता की राह हुई आसान

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यवसायियों और पथ विक्रेताओं के लिए ऐसा ही सहारा बन रही है। योजना का लाभ लेकर रायपुर की साहिन खान ने अपने फल एवं सब्जी के व्यवसाय को आगे बढ़ाया और अब वे आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। साहिन खान फल एवं सब्जियों का व्यवसाय करती हैं। सीमित पूंजी के कारण वे अपनी दुकान में जरूरत के अनुरूप पर्याप्त सामान नहीं रख पाती थीं। इसका सीधा असर उनके व्यवसाय और आमदनी पर पड़ता था। ग्राहक की मांग के अनुरूप फल-सब्जियां उपलब्ध नहीं होने से कारोबार को आगे बढ़ाना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी मिली। योजना के माध्यम से उन्हें 15 हजार रुपए का ऋण प्राप्त हुआ। इस राशि से साहिन ने अपनी दुकान के लिए आवश्यक फल एवं सब्जियों की मात्रा बढ़ाई। दुकान में पर्याप्त सामान उपलब्ध होने से ग्राहकों की संख्या बढ़ने लगी और उनका व्यवसाय भी बेहतर ढंग से चलने लगा।

**छोटी सी मदद ने दिया आगे बढ़ने का हौसला**

साहिन बताती हैं कि पूंजी की कमी के कारण पहले व्यवसाय को बढ़ाना कठिन था। पीएम स्वनिधि से मिली आर्थिक सहायता ने उनकी इस परेशानी को दूर किया। अब दुकान में जरूरत के अनुसार सामान रख पा रही हैं, जिससे उनकी आमदनी में भी वृद्धि हुई है। बेहतर होती आर्थिक स्थिति ने उनमें भविष्य को लेकर नया आत्मविश्वास जगाया है।

### वृद्धावस्था में हर माह मिलने वाली पेंशन बनी तुलसीराम का सहारा

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। वृद्धजनों को सम्मान और आर्थिक संबल देने की इसी सोच का लाभ रायपुर के महादेव घाट निवासी श्री तुलसीराम साहू को भी मिल रहा है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना से मिलने वाली सहायता उनके बुढ़ापे का सहारा बन गई है। उम्र के इस पड़ाव में जब नियमित आय के साधन सीमित हो जाते हैं, तब छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करना भी कई बार कठिन हो जाता है। श्री तुलसीराम साहू बताते हैं कि योजना से जुड़ने के बाद उन्हें हर माह 500 रुपए की पेंशन राशि सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो रही है। इससे उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल रही है। तुलसीराम कहते हैं कि अब छोटी-मोटी जरूरत के लिए दूसरों के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता। पेंशन मिलने से हमारी निर्भरता कम हुई है। उनके लिए यह सहायता केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का संबल भी है। पेंशन की राशि से श्री तुलसीराम को रोजमर्रा की प्राथमिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिल रही है। सीमित संसाधनों के बीच नियमित रूप से मिलने वाली यह राशि उनके जीवन में छोटी लेकिन महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा लेकर आई है।

#### छत्तीसगढ़ में रोजगार मेला, 8700 पदों पर भर्ती

## 36 कंपनियां और प्लेसमेंट संस्थाएं पहुंचीं गुजरात समेत कई राज्यों में जॉब का मौका

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में 10वीं से लेकर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई कर चुके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए निजी कंपनियों में नौकरी का अवसर है। रायपुर के बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 7 और 8 अक्टूबर को राज्यस्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया है। मेले में 36 एम्पलॉय और प्लेसमेंट संस्थाओं के जरिए 8,720 खाली पदों पर भर्ती की जा रही है। मेले में गुजरात समेत कई राज्यों की कंपनियां पहुंची हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से भी युवा शामिल हुए। प्रदेश के कई युवाओं को अलग-अलग सेक्टर में जॉब ऑफर हुए हैं। 8 अक्टूबर को चयनित युवाओं को ऑफर लेटर दिए जाएंगे।

**इन कंपनियों में हैं खाली पद:** राज्यस्तरीय रोजगार मेले में कई कंपनियों ने भर्ती के लिए रिक्तियां उपलब्ध कराई हैं। इनमें क्वेस कॉर्प, रैंडस्टैड इंडिया, राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स-सतलज टेक्सटाइल्स, वर्धमान टेक्सटाइल्स, जेनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर, एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इंस्टाकार्ट, स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंशियल, स्वतंत्र माइक्रोफिन, एनआईआईटी, आइसेक्ट, शांता टेक्नो, राजत इक्विपमेंट्स और फर्स्ट फ्लाई कॉर्पोरेट समेत कई कंपनियां शामिल हैं। विभाग की ओर से अन्य कंपनियों से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल अपडेट कर रोजगार मेले में उपलब्ध पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। उद्योग और नियोजक मेले में भागीदारी के लिए 7999385638 और 7000397968 पर संपर्क कर सकते हैं।

**ई-रोजगार पोर्टल से कर सकेंगे आवेदन:** इच्छुक अभ्यर्थी ई-रोजगार पोर्टल https://www.erojgar.cg.gov.in/ पर उपलब्ध रिक्तियों को देखकर अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर अभ्यर्थियों की प्रोफाइल के आधार पर नियोजक शॉर्टलिस्टिंग और प्रारंभिक चयन भी कर सकेंगे।

**ऑपरेटर, इंजीनियर समेत कई पदों पर नौकरी**

मशीन ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, इंजीनियर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा गार्ड, ड्राइवर, डिलीवरी बॉय और अप्रेंटिस समेत कई पदों पर नौकरी का मौका है। इनमें टेक्निकल और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में करीब 4,800, लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट में 1,600, सिक्योरिटी में 650 और हेल्थकेयर व केयर सर्विसेज में करीब 580 पद शामिल हैं। रोजगार मेले में 10वीं-12वीं पास से लेकर ITI, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवा आवेदन कर सकते हैं।

**प्रमुख उद्योगों से लगातार किया जा रहा संपर्क**

संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण हेमंत रमेश नंदनवार (आईएएस) ने बताया कि राज्यस्तरीय रोजगार मेले में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभाग प्रमुख उद्योगों और नियोजकों से लगातार संपर्क कर रहा है। अब तक 36 नियोजकों और प्लेसमेंट संस्थाओं से 8,720 रिक्त पदों की जानकारी मिली है। उपलब्ध रिक्तियों को ई-रोजगार पोर्टल पर प्रदर्शित किया जा रहा है। मेले में ऑनलाइन आवेदन और चयन प्रक्रिया को व्यवस्थित रखने के लिए भी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

## छत्तीसगढ़ के 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

### रायपुर समेत कई जिलों में बौछारें पड़ेंगी, 30-40 किमी रफ्तार से हवा चल सकती है

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में मौसम एक बार फिर बदल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आज (बुधवार) प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। रायपुर समेत 26 जिलों में शाम से रात तक गरज-चमक के साथ बारिश और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है।

**26 जिलों में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर समेत कई जिलों में इसका असर देखा जा सकता है।

**रायपुर में शाम-रात बारिश के आसार:** शहर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.4 डिग्री ज्यादा रहा। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने शहर में शाम और रात के समय बारिश या गरज-चमक के साथ बौछारों की संभावना जताई है। प्रदेश में मंगलवार को मौसम मुख्य रूप से ड्राई रहा, हालांकि मुंगेली और बलरामपुर में कुछ जगह हल्की बारिश दर्ज की गई। अगले तीन दिन भी प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बन सकती है।

**राजनांदगांव सबसे गर्म, पेंड्रा रोड सबसे ठंडा:** प्रदेश में मंगलवार को सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव में 35.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा रोड में 19.2 डिग्री रहा।

## संस्कृत शिक्षा को नई दिशा देने छ.ग. के विद्यालय प्रमुखों का मंथन

### छात्रहित में योजनाएं बनाने और संस्कृत के प्रचार-प्रसार को जनभागीदारी से मजबूत करने पर जोर

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में संस्कृत शिक्षा को सुदृढ़ करने और विद्यार्थियों के हित में बेहतर योजनाएं तैयार करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डल, रायपुर ने प्रदेश के प्राच्य संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की। 5 अक्टूबर को हुई बैठक की अध्यक्षता विद्यामण्डलम् के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार राजपूत ने की। बैठक में संस्कृत के प्रचार-प्रसार को निरंतर आगे बढ़ाने, समाज में संस्कृत विद्यालयों की भूमिका और योगदान को प्रभावी बनाने तथा छात्रहित को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं तैयार करने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष श्री राजपूत ने विद्यालयों के प्रमुखों को विद्यार्थियों के हित में सक्रियता से कार्य करने और संस्कृत शिक्षा को समाज से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यामण्डलम् की सदस्य श्रीमती सुमन मुथा ने प्राचार्यों से अपने दायित्वों का निष्पक्षतापूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया। सचिव डॉ. विजय खंडेलवाल ने प्रशासनिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। सहायक संचालक (वित्त एवं योजना) श्री अमित शुक्ला ने गणवेश, पाठ्यपुस्तक, साइकिल और कम्प्यूटर वितरण से संबंधित जानकारी दी। सहायक संचालक (परीक्षा) डॉ. गरिमा ताम्रकार ने नामांकन एवं परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में व्याख्याता श्रीमती नत्रता चन्द्राकर एवं डॉ. व्यासनारायण आर्य, सहायक लेखाधिकारी श्री ए. पी. मिश्रा तथा सहायक ग्रेड-2 श्री वाय. के. चौबे उपस्थित रहे।

## सेवा सेतु शिविर में 11,564 हितग्राहियों को मिला सरकार की योजनाओं का लाभ

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में अभनपुर में आयोजित हुआ विधानसभा स्तरीय सेवा सेतु शिविर

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक सहज एवं त्वरित रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अभनपुर में विधानसभा स्तरीय सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं के माध्यम से कुल 11 हजार 564 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 8 जॉब कार्ड, 54 बकरी शेड, प्रधानमंत्री आवास के 20 तथा स्वच्छ भारत मिशन के 31 हितलाभ प्रदान किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 6 हितग्राहियों को लाभ मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 11 मैथ्स टीचिंग किट का वितरण किया गया। कृषि विभाग ने हितग्राहियों को सॉइल हेल्थ कार्ड एवं कीटनाशक स्प्रेयर प्रदान किए। नगर पालिका अभनपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना/भवन अनुज्ञा से संबंधित 25 हितलाभ तथा गोबरा नवापारा नगर पालिका द्वारा 9 हितलाभ प्रदान किए गए। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा श्रवण यंत्र एवं छड़ी, उद्यानिकी विभाग द्वारा सब्जी मिनी किट और मत्स्य विभाग द्वारा जाल का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान से संबंधित सेवाओं का लाभ भी दिया गया। श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नोनी सशक्तिकरण, मिनीमाता महतारी जतन एवं सियान सहायता योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा नागरिकों के प्रकरणों का निराकरण एवं सेवाएं प्रदान की गईं। अभनपुर एवं गोबरा नवापारा तहसील अंतर्गत 594 जाति प्रमाण-पत्र, 1,352 आय प्रमाण-पत्र, 1,222 निवास प्रमाण-पत्र, 49 बी-1, 515 नामांतरण, 14 खाता विभाजन, 48 डायवर्सन तथा 2,072 त्रुटि सुधार से संबंधित हितलाभ प्रदान किए गए।

**विधायक इंद्रकुमार ने हितग्राहियों को वितरित किए किट**

शिविर में अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पट्टा, चेक, सामग्री किट, प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र सहित अन्य हितलाभों का वितरण किया। उन्होंने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन और हितग्राहियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी भी ली। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपने कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

### सीएमएचओ डॉ मिथलेश चौधरी ने आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया जन्मदिन

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप रायपुर जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए अभिनव अभियान 'प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां' के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारी अपने जन्मदिन को शासकीय स्कूल तथा आंगनबाड़ी में बच्चों के साथ मनाकर खुशियां बांट रहे हैं। इस पहल के माध्यम से जन्मदिन के अवसर को सामाजिक सरोकार और सेवा से जोड़ने का संदेश दिया जा रहा हैइसी क्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मिथलेश चौधरी ने आज अपना जन्मदिन आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-02, गांधी नगर, अश्वनी नगर में बच्चों के साथ न्योता भोज का आयोजन कर सहपरिवार मनाया।

### आम आदमी पार्टी का 8 अक्टूबर को राज्य निर्वाचन आयोग का विशाल घेराव

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे एवं उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा 08 अक्टूबर 2026 को रायपुर के नलघर चौक में प्रदेश स्तरीय विशाल धरना प्रदर्शन कर राज्य निर्वाचन आयोग का घेराव किया जायेगा। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता राजधानी में प्रदर्शन में शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मिहिर कुर्मी ने कहा कि देश में ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या कर रहें हैं और आम आदमी पार्टी लगातार ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ़्तारी की मांग कर रही है।

## महिला सुरक्षा, संरक्षण और आर्थिक प्रगति ही हमारी प्राथमिकता-डॉ.ममता साहू

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महिला चेम्बर की प्रथम आम सभा कल, 6 अक्टूबर 2026 को शाम 5:00 बजे न्यू बॉम्बे मार्केट स्थित चेम्बर भवन (चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन) में अत्यंत गरिमामयी, उत्साहपूर्ण एवं भव्य माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं महिला चेम्बर की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता जी के नेतृत्व में आयोजित यह भव्य सभा मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, समाज निर्माण तथा महिला व्यापारियों को स्वावलंबी बनाने एवं नए अवसर प्रदान करने पर केंद्रित रही।इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. साहू ने महिला चेम्बर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज की महिला परिवार के साथ-साथ व्यापार और उद्योग जगत में भी अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने महिला सुरक्षा, कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण, आत्मनिर्भरता और व्यापारिक चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ने के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व मार्गदर्शन साझा किया। सभा को संबोधित करते हुए महिला चेम्बर की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, आज इस गरिमामयी प्रथम आम सभा में, मैं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू दीदी का हृदय से स्वागत करती हूँ आपकी उपस्थिति ही हम सभी बहनों की सुरक्षा और हौसले की सबसे बड़ी गारंटी है।

इसके अलावा, दुर्ग इकाई महिला चेम्बर अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी, भिलाई इकाई महिला चेम्बर अध्यक्ष सुमन कनोजे, राजनांदगांव इकाई महिला चेम्बर अध्यक्ष सुधा पवार, बिलासपुर इकाई महिला चेम्बर अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता, हमारी टीम की मनीषा तारवानी, नम्रता अग्रवाल, रोटरी क्लब की बहनें, मारवाड़ी समाज से अरुणा , TiE से कुहू शर्मा एवं टीम, CII से मंजूषा परियल , कुर्मी समाज से सविता बघेल जी, सोनी समाज से सविता गुप्ता जी, पाटीदार समाज से महामंत्री निशा पटेल एवं टीम, मधु धारा संस्था से मधु बहादुर सिंह जी, ITM से डॉ. लक्ष्मी मूर्ति जी एवं 'सोहनी सोच' से करिश्मा जी सहित रायपुर व प्रदेश भर से पधारीं सभी बहनों का मैं सहृदय स्वागत व अभिनंदन करती हूँ। जब एक महिला कामयाब होती है, तो पूरा समाज और देश आत्मनिर्भर बनता है।

## ओपन स्कूल की मुख्य परीक्षा का टाइम टेबल जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने हाईस्कूल और हायर सेकंडरी मुख्य/अवसर परीक्षा नवंबर 2026 की टाइम टेबल जारी कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं 23 नवंबर 2026 से शुरू होंगी। हाईस्कूल की परीक्षा 23 नवंबर से शुरू होकर 8 दिसंबर 2026 तक चलेगी। वहीं, हायर सेकंडरी की परीक्षा 23 नवंबर से शुरू होगी और 10 दिसंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को विषयवार परीक्षा तिथि और समय की जानकारी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार देखनी होगी। वेबसाइट से कर सकते हैं टाइम टेबल डाउनलोड परीक्षार्थी अपनी परीक्षा से संबंधित विषयवार समय-सारिणी की जानकारी नजदीकी अध्ययन केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वेबसाइट पर भी परीक्षा की विस्तृत समय-सारिणी उपलब्ध कराई गई है। छात्र-छात्राएं वेबसाइट से समय-सारिणी डाउनलोड कर सकते हैं।

# सेवा संकल्प अभियान बाबा धाम कोसमनारा में श्रमदान से की गई साफ-सफाई

■ **स्वच्छता ही सेवा-2026 के तहत विशेष सफाई अभियान, विजयपुर तालाब में भी चलाया गया था विशेष स्वच्छता अभियान**

रायगढ़/नवप्रदेश। स्वच्छता ही सेवा-2026 एवं सेवा ही संकल्प अभियान के तहत नगर निगम रायगढ़ द्वारा मंगलवार सुबह 7:30 बजे बाबा धाम कोसमनारा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू और स्थानीय ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता अमले ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस दौरान बाबा धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई करते हुए कचरा एकत्र किया गया और लोगों को धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने कहा कि स्वच्छता केवल

अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में जनभागीदारी को और मजबूत किया जाएगा।सभापति श्री डिग्री लाल साहू ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में

## विजयपुर तालाब में भी चला विशेष स्वच्छता अभियान

सेवा ही संकल्प अभियान के तहत 5 अक्टूबर को विजयपुर तालाब एवं परिसर में भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया था। अभियान में महापौर श्री जीवर्धन चौहान, सभापति श्री डिग्री लाल साहू, आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित एमआईसी सदस्यगण एवं निगम अमला शामिल हुआ। तालाब परिसर की सफाई के साथ आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।

स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। धार्मिक स्थलों, तालाबों और सार्वजनिक परिसरों की नियमित सफाई के साथ लोगों से भी स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### कांकेर का प्रतिनिधित्व करने अंडर-19 की संभावित टीम घोषित

कांकेर/चारामा। जिला क्रिकेट संघ, कांकेर द्वारा 20 सितंबर को आयोजित अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल्स के बाद आगामी अंडर-19 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्लेट ग्रुप टूर्नामेंट के लिए 20 खिलाड़ियों की संभावित टीम घोषित की गई है। चयनित खिलाड़ियों के लिए आगामी चयन कैंप आयोजित किया जाएगा, जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतिम 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा। यही टीम प्रतियोगिता में कांकेर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।संभावित खिलाड़ी: गणेश नागवानी, वेंकटेश साहू, आयुष साहू, आलोक मंडावी, राहुल कृष्णानी, विशेष भैरवा, अतुलदीप सिंह, आदित्य नाथ सिंह, अभिनव कुमार, निवेश शंखवार, अरुण साहू, तिलेश कश्यप, हंसराज साहू, ऋषभ गार्डे, चंदन कोरीम, आकाश जैन, अक्षत साहू, तिलक बरसेल, रियांश बुधवानी एवं भावेश गावडे़।ट्रायल्स के दौरान जिला क्रिकेट संघ कांकेर के अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह बैस, सचिव सिद्धार्थ पाठक, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के ऑब्जर्वर आनंद तलवार सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### ग्राम आवरी/बारहगांव परिक्षेत्र में रानी माँ मंदिर में पंचमी पर होगा भव्य आयोजन

चारामा/कांकेर/नवप्रदेश। जय रानी माँ युवा समिति (बारहगांव परिक्षेत्र, चारामा, कांकेर) द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर पंचमी के दिन, दिनांक 15 अक्टूबर 2026 (गुरुवार) को रानी माँ मंदिर में एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर शाम 6:00 बजे, रु ग्रुप के द्वारा भव्य गंगा आरती, रात्रि 7:30 बजे से गरबा नाइट (जिसमें पहला इनाम बेस्ट गरबा डांसर हेतु 5,001/-, दूसरा इनाम बेस्ट गरबा ड्रेस हेतु 2,501/-), तथा रात्रि 10:00 बजे से भक्तिमय जस झांकी कार्यक्रम का आयोजन रानी माँ मंदिर परिसर के नीचे किया जाएगा। समिति के सदस्य समीर कुमार, खुशहाल दुबे, गुपेश सिन्हा, कुणाल कुलदीप, भूपेन्द्र महिलांगे, दुर्गेश, साकेत शर्मा, रोशन सिन्हा, पुरुषोत्तम सिन्हा, साहिल कुमार, पीयूष सिन्हा, डीकेश सिन्हा एवं रिंकू साहू ने सभी श्रद्धालुओं को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है।

### हर गांव की खेल प्रतिभा पहुंचे मैदान तक : केदार कश्यप

जगदलपुर/ नवप्रदेश। बस्तर की खेल प्रतिभाओं को बड़े मंच तक पहुंचाने की तैयारी के बीच वन मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को धरमपुरा स्थित खेल परिसर में बस्तर ओलंपिक 2026 के लिए स्वयं पंजीयन कराया। उन्होंने प्रतियोगिता के शुभंकर के साथ फोटो भी खिंचवाई और युवाओं को खेल मैदान से जोड़ने का संदेश दिया।केदार कश्यप ने कहा कि बस्तर ओलंपिक गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का बड़ा अवसर है। वर्ष 2025 में 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था। इस बार इससे दोगुने पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं और खेल प्रतिभाओं का पंजीयन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'नया बस्तर' की पहचान यहां के प्रतिभाशाली युवाओं से बनेगी। जरूरत है कि गांवों में मौजूद प्रतिभाओं को मैदान तक लाकर उन्हें अपनी क्षमता दिखाने का अवसर दिया जाए। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक से गांवों तक पहुंची 'नमो सेवा गाथा'

जगदलपुर / नव प्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा संकल्प शिविरों में 4 अक्टूबर को 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक का प्रभावी मंचन किया गया। कला जत्थे के कलाकारों ने सशक्त अभिनय, पारंपरिक गीतों और संवादों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश और आम नागरिकों के जीवन में आए बदलावों,जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक और अन्य नृत्य-नाटिका जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से योजनाओं और सेवा कार्यों को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।?अभियान की शुरुआत सुबह माड़पाल स्थित सेवा संकल्प शिविर से हुई। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने नाटक देखा। कलाकारों ने बताया कि बीते वर्षों में लागू योजनाओं से अंतिम छोर के व्यक्ति का जीवन किस तरह आसान हुआ है।

**एम-पैक्स से लेकर भंडारण,सहकारी बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं पर बनेगी तीन माह की कार्ययोजना**

# बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन आज से जुटेंगे देश के 15 राज्यों के अधिकारी

जगदलपुर / नवप्रदेश। बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन होने जा रहा है। आठ और नौ अक्टूबर को जगदलपुर में होने वाले इस सम्मेलन में देश के 15 राज्यों के सहकारिता सचिव और 14 राज्यों के सहकारी समितियों के पंजीयक सहित वरिष्ठ अधिकारी जुटेंगे। दो दिन तक चलने वाले सम्मेलन में 'सहकार से समृद्धि' की दिशा में सहकारी समितियों को मजबूत करने,किसानों तक सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने पर मंथन होगा।

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव आशीष कुमार भूटानी की अध्यक्षता में होने वाले सम्मेलन में अतिरिक्त सचिव एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के प्रबंध संचालक पंकज बंसल तथा अतिरिक्त सचिव सिद्धार्थ जैन भी शामिल होंगे। सम्मेलन में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के गठन और कंप्यूटरीकरण,दुग्ध समितियों के विस्तार, डिजिटल सेवाओं,भंडारण क्षमता और सहकारी बैंकिंग को मजबूत करने पर विशेष चर्चा होगी।

सम्मेलन में प्राथमिक समितियों के माध्यम से उर्वरक और अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता,राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं से जुड़ाव तथा बहुराज्यीय सहकारी संस्थाओं के साथ समन्वय पर भी चर्चा होगी। राज्यों के अनुभवों के आधार पर अगले तीन महीनों की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। नाबार्ड और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम आगामी पांच वर्षों के वित्तीय सहयोग और राज्यवार लक्ष्यों की रूपरेखा भी प्रस्तुत करेंगे।

छत्तीसगढ़ सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना के अनुसार राज्य में 'सहकार से समृद्धि' के तहत 515 नए एम-पैक्स, 356 मत्स्य,364 दुग्ध,153 लघु वनोपज और 63 महिला बहुउद्देशीय सहकारी समितियों का गठन किया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में 3.18 लाख नए कृषकों के खाते खोले गए हैं। 2,058 एम-पैक्स में उपलब्ध माइक्रो एटीएम से अब तक 324 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। सम्मेलन में शामिल अधिकारी बस्तर की एम-पैक्स, लघु वनोपज और जनजातीय सहकारी समितियों का भ्रमण कर स्थानीय सहकारी मॉडल को भी समझेंगे। कोंडागांव के एथनोलिट संयंत्र सहित कृषि उपज के मूल्य संवर्धन और रोजगार से जुड़े सहकारी प्रयासों की जानकारी भी साझा की जाएगी।

**भंडारण और बाजार से जोड़ने पर भी फोकस**

राज्य में प्राथमिक समितियों के स्तर पर 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण योजना के तहत 46 एम-पैक्स का चयन किया गया है। इनमें 20 के लिए ऋण स्वीकृत हो चुका है, जबकि छह में निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा राज्य के एम-पैक्स को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात,जैविक और बीज सहकारी संस्थाओं से जोड़ा जा रहा है।

**सम्मेलन में इन मुद्दों पर बनेगी दिशा**

एम-पैक्स का विस्तार और कंप्यूटरीकरण, सहकारी बैंकिंग को मजबूत करना,भंडारण क्षमता बढ़ाना,उर्वरक एवं कृषि आदानों की उपलब्धता,दुग्ध व मत्स्य समितियों का विस्तार,राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं से जुड़ाव और ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देना सम्मेलन के प्रमुख विषय रहेंगे।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए वनांचल माधव सेवा कल्याण समिति ने बढ़ाया मदद का हाथ

■ **मुख्यमंत्री बाढ़ आपदा राहत कोष में 51 हजार रुपए की सहायता,आपदा की घड़ी में सामाजिक दायित्व निभाने का संदेश**

जगदलपुर / नवप्रदेश। बस्तर में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाएं लगातार सहयोग के लिए आगे आ रही हैं। इसी क्रम में वनांचल माधव सेवा कल्याण समिति ने मुख्यमंत्री बाढ़ आपदा राहत कोष में 51 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की है। समिति की ओर से मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में बस्तर कलेक्टर आकाश छिकारा को 51 हजार रुपए का चेक सौंपा गया।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा होना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए समिति अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग के प्रयास जारी रखेगी। चेक सौंपने के दौरान समिति के कार्यकारिणी सदस्य कुंवर राज बहादुर सिंह राणा,सचिव तुलसीराम बघेल, हेम कुमार पटेल एवं संग्राम सिंह राणा उपस्थित रहे।

## भांसी ग्राम पंचायत के 6 स्कूलों में स्कूली बच्चों को बांटे गए बैग और जूते

■ **एनएमडीसी लिमिटेड सीएसआर की पहल**

बचेली/नवप्रदेश। एनएमडीसी लिमिटेड, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा सीएसआर पहल के तहत स्थानीय स्कूली बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण कल्याणकारी कदम उठाया गया है। एनएमडीसी, बचेली के पास स्थित 12 ग्राम पंचायतों के स्कूली बच्चों को स्कूल बैग और जूते उपलब्ध कराने के अनुरोध पर, आज ग्राम पंचायत भांसी से इस वितरण अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई।

इस विशेष कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भांसी के कुल 06

विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, मोजे और विभिन्न साइज़ के जूते वितरित किए गए। लाभान्वित होने वाले इन छह स्कूलों में शासकीय नेताजी प्राथमिक शाला, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला बाजारपारा, नया प्राथमिक शाला मासापारा, शासकीय प्राथमिक शाला कुम्मापारा और प्राथमिक शाला पोरोकमेली शामिल हैं। इस वितरण के तहत कुल 181 स्कूल बैग और 181 जोड़ी जूते व मोजे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएमडीसी, बचेली के उप महाप्रबंधक (मा. सं.) - सीएसआर जोसी थॉमस और उप महाप्रबंधक (मा. सं.) सौरभ कुमार उपस्थित रहे।

## तेज बारिश एवं बाढ़ में क्षतिग्रस्त पुल के पुनर्निर्माण को लेकर चक्काजाम

■ **ग्रामीणो का आरोप प्रतिवर्ष बारिश में बह जाता है पूल, तीन वर्षो से यह सिलसिला जारी**

चारामा/नवप्रदेश। विकासखंड के ग्राम पंचायत सिरसिदा में निर्मित प्रधानमंत्री सड़क मे पटेल पारा से शीतला पारा जाने वाले मार्ग पर बने पुल कुछ दिन पूर्व आये तेज बारिश एवं बाढ़ में गिरकर बह गया गया जिससे ग्राम सिरसिदा के पटेल पारा ,शीतला एवं बडेगौरी.गांडागौरी, कोरता जैसे 15 -20 ग्रामो तक जाने वाले ग्राम का आवागमन मार्ग पुरी तरह से कट गया जिससे गुस्साए ग्रामीणो ने क्षेत्र के विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मण्डवी के साथ नेशनल हाईवे 30 कोरर चौक पर वृहद रुप से प्रशासन के खिलाफनारे बाजी कर चक्काजाम धरना-प्रदर्शन किया गया विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी द्वारा राज्य सरकार और प्रशासन की लेटलतीफकार्यो की खुलकर भर्त्सना की गई साथ अपने कार्यकर्ताओ सहित ग्रामीणो के साथ सहयोग मे डटकर प्रदर्शन किये जिससे नेशनल हाईवे जाम हो गया सड़क पर दोनो तरफगाडियो की लम्बी लाईने लग गई। आवागमन बाधित हो गया

ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच एवं ग्रामीणो ने बताया की ग्राम के अन्य वार्डो एवं कई ग्रामो तक जाने वाले आवागमन के मार्ग में स्थित पूल प्रतिवर्ष बारिश में टूट जाता है। जिससे शीतला पारा से पटेल पारा स्कूल आने वाले क्षात्र- क्षात्राओ एवं ग्रामीणो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ता है यहा तक तेज बारिश मे क्षतिग्रस्त पूल का पानी तेज गति से ग्राम को सराबोर कर स्कूल मे घुस जाता है जिसके चलते कई दिनो तक स्कूल को बंद रखना पड़ता है इस इस क्षतिग्रस्त पूल को स्थाई पक्के पूल के निर्माण की मांग को लेकर हमने प्रधानमंत्री सड़क विभाग,जनदर्शन नहे- मुन्ने सिचाई विभाग के पास मांगपत्र के साथ पंचायत प्रतिनिधि जाकर अवगत कराते रहे क्षेत्र की विधायक श्रीमती मण्डावी भी आकर इस क्षतिग्रस्त पूल का अवलोकन कर चुकी है।

## बाढ़ पीड़ितों को 9.39 करोड़ से ज्यादा की राहतपुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर

■ **मकान क्षति के लिए 8.78 करोड़ वितरित,शेष प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश**

जगदलपुर/ नवप्रदेश। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के बाद हुई मूसलाधार बारिश और ओडिशा के खातीगुड़ा व मुरान बांधों से छोड़े गए पानी से बस्तर में आई भीषण बाढ़ के बाद प्रशासन ने राहत और पुनर्वास का काम तेज कर दिया है। प्रभावित परिवारों को अब तक 9 करोड़ 39 लाख 29 हजार 898 रुपये की राहत राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचाई जा चुकी है।

राहत राशि में सबसे बड़ा हिस्सा मकान क्षति के मुआवजे का है। पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 8 करोड़ 2 लाख 23 हजार 391 रुपये तथा आंशिक क्षति वाले मकानों के लिए 75 लाख 92 हजार 7 रुपये सहित कुल 8 करोड़ 78 लाख 15 हजार 398 रुपये वितरित किए गए हैं। इसके अलावा घरेलू सामग्री के नुकसान पर 52 लाख 45 हजार रुपये, जनहानि के मामलों में 8 लाख रुपये और पशुहानि पर 69 हजार 500 रुपये की सहायता दी गई है।

कलेक्टर आकाश छिकारा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मकान क्षति के शेष प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाए, ताकि कोई प्रभावित परिवार सहायता से वंचित न रहे। राजस्व अमले और मैदानी कर्मचारियों द्वारा लगातार सर्वे और प्रकरणों के निराकरण का काम किया जा रहा है।

## नाट्य मंचन में गूंजी राष्ट्रसेवा की गाथा

■ **सांसद महेश कश्यप ने कहा—युवा शक्ति से साकार होगा 2047 का विकसित भारत**

जगदलपुर/ नवप्रदेश। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभागार में सोमवार को 'नमो सेवा–अनकही कहानियां' नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघर्षपूर्ण जीवन, राष्ट्रसेवा और देश के विकास में योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। 'नमो सेवा–अनकही कहानियां' अभियान के तहत सेवा, सुशासन और जनभागीदारी से जुड़े संदेशों को नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

सांसद कश्यप ने कहा कि सामान्य पृष्ठभूमि से देश के प्रधान सेवक के पद तक पहुंचना राष्ट्रसेवा, त्याग और अटूट समर्पण का उदाहरण है।

# ग्राम भर्रीटोला में दो-दिवसीय राज्यस्तरीय रामधुनी प्रतियोगिता का भव्य समापन

भर्रीटोला (चारामा) /नवप्रदेश। ग्राम भर्रीटोला (चारामा) में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की असीम कृपा और ग्राम की आराध्य देवी मां शीतला के आशीर्वाद से दो-दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता (वर्ष 2026) का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। 03 अक्टूबर और 04 अक्टूबर 2026 को आयोजित इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ अंचल की ख्याति प्राप्त मानस एवं रामधुनी मंडलियों ने भाग लिया और अपने संगीतमय ज्ञान व भक्ति रस की धारा प्रवाहित

कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के दौरान रामधुनी मंडलियों के मध्य कड़ी और रोचक स्पर्धा देखने को मिली, जिसके बाद निर्णायक समिति द्वारा परिणाम घोषित किए गए।

**प्रतियोगिता का संपूर्ण परिणाम**

झांकी पक्ष: प्रथम स्थान शिव गौरी रामधुनी मंडली मिर्चे, द्वितीय स्थान जय माँ सरस्वती मंडली देहान (बांधाबाजार), तृतीय स्थान जय माँ यां मंडली राजपुर (कुकुरद), एवं चतुर्थ स्थान छ.ग. लोक रागिनी श्री बाल समाज ठेठवार लांझिया (मानपुर मोहला) ने प्राप्त किया।

गायन (सादा) पक्ष: प्रथम स्थान संगी जदुरिया मंडली गोंजी, द्वितीय स्थान जय माँ शारदा मंडली चर्रा (कुरुद), तृतीय स्थान तुलसी के संदेश मंडली चोरभट्ठी, एवं चतुर्थ स्थान तुलसी के वाणी मंडली ओड़ेना ने हासिल किया।

## पुरस्कार वितरण एवं समिति का सहयोग

समापन समारोह के अवसर पर आयोजक समिति एवं अतिथियों द्वारा विजेता मंडलियों को शील्ड, नगद राशि एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रत्येक मंडली को 3000/- रुपये की सांत्वना राशि दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। विशेष रूप से समिति संरक्षक श्रीमती कुंजाम, एल.आर. रज्जाक, झानवंद गावड़े, अध्यक्ष सुरेश दर्शी, उपाध्यक्ष आशीष गावड़े, कोषाध्यक्ष हेमन्त यादव, सचिव धर्मेन्द्र छाटा, सहसचिव तुलेश्वर पिढ़ा, तथा सलाहकार मुरली दर्शी, सावंत कुंजाम, देवलाल गावड़े, और सहदेव गावड़े सहित समस्त ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही।

# शिविर में मिले आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और आवास की चाबी

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रामचन्द्रपुर विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवाडीह के प्रांगण में आज सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधिगण व कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने शिविर में लगे विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया।

अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर उनकी प्रकृति के अनुसार कार्यवाही की और ग्रामीणों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए, दो हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के पूर्ण आवासों की चाबी सौंपी गई तथा मितानिनों को सम्मानित किया गया। कलेक्टर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से प्रशासन जन-जन तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। उन्होंने किसानों से कृषक उन्नति योजना का लाभ लेकर धान के साथ दलहन, तिलहन और लघु धान्य फसलें अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि जैसे मेहमान की थाली में केवल चावल नहीं परोसा जाता, वैसे ही खेत में केवल धान नहीं होना चाहिए। दलहन से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और घर में पौष्टिक आहार उपलब्ध होने से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी या समिति प्रबंधक से संपर्क कर पंजीयन के समय अन्य फसल के विकल्प का चयन अवश्य करने की बात कही।जल संरक्षण पर कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर जनअभियान बनाया जाए। देश के लगभग चार प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र वाला छत्तीसगढ़ 'जल संचय जन भागीदारी' अभियान में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने '5 प्रतिशत मॉडल' की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें किसान अपनी कृषि भूमि का लगभग पांच प्रतिशत हिस्सा स्वेच्छा से वर्षा जल संचयन के लिए उपलब्ध कराते हुए जल संचय व संरक्षण मे अपनी सहभागिता प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन संरचनाओं में बारिश का पानी खेत से बहने के बजाय रुककर धीरे-धीरे जमीन में समाता है, जिससे भू-जल स्तर बढ़ता है और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि पानी जितनी अधिक देर तक एक स्थान पर रोका जाएगा, उतना ही वह धरती के भीतर जाएगा, यही जल संरक्षण का मूल मंत्र है। जनपद पंचायत अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह ने कहा कि सेवा सेतु शिविर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## न्यूज गैलरी

### गौ सेवा के लिए वीरांगना समिति की महिलाओं ने दी सहयोग राशि

**बाराद्वार/नवप्रदेश।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर मातृ नवमी के विशेष दिन सकरेली भांठा में स्थित गौ धाम पहुंचकर जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति की महिलाओ ने स्थानीय गौ सेवा समिति को बीमार एवं असहाय गायों के समुचित उपचार हेतु 11 सौ रुपए तथा उनके सुरक्षित परिवहन के लिए पिकअप वाहन खरीदी में सहयोग स्वरूप 51 सौ रुपये की सहायता राशि भेंट की गई। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की, उन्हें गुड़ खिलाया तथा गौशाला में मौजूद गायों के बीच समय बिताकर उनके प्रति अपने स्नेह और समर्पण को व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने गौ संरक्षण एवं पशु सेवा के महत्व पर भी विचार साझा किए। जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति की महिलाओ के द्वारा गौ माता के हित एवं संरक्षण के लिए यह सहयोग प्रदान किया है, जो उनके गौभक्ति, सामाजिक सरोकार को दर्शाता है। गौ सेवा समिति के सदस्यो ने महिलाओ द्वारा गौ सेवा हेतू किये सहयोग को समाज के प्रति सकारात्मक सोच के साथ गौ हित के प्रति उनकी सच्ची निष्ठा का उदाहरण बताया। इस अवसर पर जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय महिला सेवा समिति की सुमन सिंह, आकांक्षा सिंह, वंदना सिंह, सीता सिंघल, रंजना अग्रवाल, पायल शर्मा, पद्मिनी वैष्णव, गायत्री जायसवाल, कविता बंसल, मीना आचार्य सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं गौसेवक मौजूद थे।

### बच्चों ने फैंसी ड्रेस से पोषण के दिए संदेश

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन अवसर पर पोषण, बच्चों की सहभागिता और स्थानीय खाद्य सामग्री पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान रेडी-टू-ईट फूड से तैयार व्यंजनों, स्थानीय भाजी और हाथ से बने खिलौनों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस के माध्यम से पोषण से जुड़े संदेश दिए और संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया। बच्चों के लिए बाल भोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा' संदेश के प्रसार के उद्देश्य से तीन गर्भवती माताओं को मुनगा के पौधे वितरित किए गए। इसके माध्यम से परिवारों तक पोषण के महत्व का संदेश पहुंचाया गया। रेडी-टू-ईट फूड से बने विभिन्न व्यंजनों के प्रदर्शन के साथ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भाजियों को भी प्रदर्शित किया गया। वहीं हाथ से तैयार खिलौनों के प्रदर्शन ने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए उपलब्ध गतिविधियों को प्रस्तुत किया।

### स्वच्छता दीदियों का हुआ सम्मान

**रायगढ़/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत अमलीडीह, जनपद पंचायत घरघोड़ा में आयोजित शिविर में स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर योगदान देने वाली स्वच्छाग्रही दीदियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने स्वच्छाग्रही दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कार्यों की सराहना की और स्वच्छता के प्रति उनके समर्पण एवं निरंतर सहभागिता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सम्मानित स्वच्छाग्रही दीदियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने और विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अरुणधर दीवान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में जन सामान्य उपस्थित थे।

### पोषण और स्वास्थ्य पर हुई चर्चा

**रायगढ़/नवप्रदेश।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित किए जा रहे आंगन मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही है। इसी क्रम में खरसिया परियोजना अंतर्गत सेक्टर चपले के ग्राम पंचायत कुनकुनी में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीसी संत कुमार राठिया ने सरस्वती माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी जुबानी योजनाओं से मिले लाभ और उससे परिवार को मिली सहायता की कहानी साझा की।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई, लापरवाही पर होगी जवाबदेही तय

# एग्रीस्टेक में एक भी किसान पंजीयन से न छूटे: चतुर्वेदी

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में राजस्व सहित विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों, शासन की प्राथमिक योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करने के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में एग्रीस्टेक पंजीयन की विशेष रूप से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले के सभी पात्र किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान बेचने वाला कोई भी पात्र किसान एग्रीस्टेक में पंजीयन से वंचित नहीं होना चाहिए। इसके लिए संबंधित अधिकारी मैदानी अमले के साथ पंजीयन की स्थिति की नियमित समीक्षा करें। उन्होंने डीसीएस फेस-1 एवं फेस-2 तथा बकेट क्लेम के कार्यों में प्रगति लाने और मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केलो नहर परियोजना से प्रभावित किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका निराकरण किया जाए।

उन्होंने परियोजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के साथ कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति एवं एमबीयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने हर घर मुनगा, घर-घर मुनगा मिशन की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को अभियान से जोड़ने तथा प्रत्येक घर में मुनगा पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में श्रमिक परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संचालित समग्र उत्थान मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जिले में स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने के लिए नदियों एवं सड़कों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा गया।

#### शिकायतों का करें निराकरण

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने और शिकायतकर्ता को संतुष्टिपूर्ण निराकरण उपलब्ध कराने पर जोर दिया। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के कार्यों में आवश्यक प्रगति लाने, अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने तथा अघोषित बिजली कटौती की समस्या के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## कुलपति-कुलसचिव आमने-सामने, योग्यता पर उठाए सवाल

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा में कुलपति और कुलसचिव के बीच चल रही खींचतान अब खुलकर सामने आ गई है। विश्वविद्यालय के दोनों शीर्ष अधिकारियों ने एक-दूसरे की योग्यता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। विवाद का असर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कामकाज पर पड़ने की बात भी सामने आ रही है। कुलपति राजेंद्र लाकपाले ने शासन को भेजे पत्र में कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी की नियुक्ति और योग्यता पर सवाल उठाया है।

उनका कहना है कि त्रिपाठी कुलसचिव पद के अनुरूप वेतनमान और योग्यता नहीं रखते तथा उन्हें रजिस्ट्रार के कार्यों का पर्याप्त अनुभव नहीं है। कुलपति ने उनके स्थान पर अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति की पदस्थापना की मांग की है। नियमित कुलसचिव की नियुक्ति को लेकर राजभवन की ओर से उच्च शिक्षा विभाग को पत्र भेजे जाने की बात भी सामने आई है। इधर कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने कुलपति के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति शासन के नियमों और अनुमोदन के बाद हुई है। उन्होंने कुलपति पर नियमों की अनदेखी कर काम कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया।कुलसचिव ने विश्वविद्यालय में खरीदी प्रक्रिया को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि नियमानुसार मांग, वित्तीय प्रक्रिया और प्रशासनिक स्वीकृति के बाद पोर्टल के माध्यम से खरीदी होनी चाहिए, लेकिन कुछ मामलों में प्रक्रिया का पालन किए बिना खरीदी कर भुगतान का दबाव बनाया गया।उन्होंने स्ववित्तीय योजना के तहत कंप्यूटर साइंस में मनीषा देवांगन की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया। आरोप है कि नियुक्ति से पहले न विज्ञापन जारी किया गया और न समिति की बैठक हुई। नियमित प्रोफेसर की भर्ती के बाद इस पद को स्ववित्तीय योजना से हटाए जाने का भी दावा किया गया। विवाद तब और तीखा हो गया जब कुलसचिव ने पलटवार करते हुए कहा कि कुलपति स्वयं कुलपति पद के योग्य नहीं हैं। दोनों अधिकारियों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच अब विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कामकाज और नियुक्तियों को लेकर स्थिति पर सबकी नजर है।

## रिश्वतखोरी, तानाशाही के खिलाफ संत का भूख हड़ताल

**शिवरीनारायण/नवप्रदेश।** सरकारी कर्मचारियों पर कथित रिश्वतखोरी, मनमानी और तानाशाही के गंभीर आरोप लगाते हुए सतलोक आश्रम मुक्तिधाम तुलसी के संत बुधराम दिनकर भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। संत ने अपनी विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए तहसील नवागढ़ के सामने भूख हड़ताल शुरू की है। संत का कहना है कि लंबे समय से अधिकारियों के समक्ष शिकायतें प्रस्तुत कर संबंधित मामलों में कार्रवाई की मांग की जाती रही, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। पोस्टर में कई मामलों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ जांच तथा कार्रवाई की मांग की गई है।

संत ने आरोप लगाया है कि आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और कथित रूप से पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उनके पद से हटाने तथा मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। पोस्टर में 31 दिसंबर 2024 की शिकायत, शिवरीनारायण तहसील से जुड़े 29 मई 2025 के मामले, सितंबर 2025 में दी गई शिकायतों तथा 20 अक्टूबर 2025 को एसडीएम कार्यालय से जुड़े मामले का उल्लेख किया है। संत ने इन सभी मामलों में कार्रवाई की मांग की है। संत बुधराम दिनकर ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी। आंदोलन को लेकर प्रशासन की ओर से क्या कदम उठाए जाते हैं, इस पर लोगों की नजर बनी हुई है। हालांकि पोस्टर में लगाए गए आरोप संत की ओर से किए गए दावे हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद तस्वीर और स्पष्ट हो सकेगी।

## गौ सम्मान अभियान के लिए नागरिकों की बैठक

**शिवरीनारायण/नवप्रदेश।** गौमाता के सम्मान, सेवा एवं सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत आज रामायणा कैफेटेरिया में नगर के नागरिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। बैठक में पथमेड़ा गौशाला, राजस्थान से पधारे भरत महाराज ने नागरिकों को आगामी 17 दिसंबर को रायपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि गौमाता के सम्मान, सेवा और सुरक्षा के इस पुनीत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। भरत श्री महाराज ने कहा कि देशी गौवंश की रक्षा एवं गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने दायित्व और कर्तव्य के प्रति जागरूक होना होगा।

उन्होंने आसपास के गांवों, मित्रों एवं परिचितों को भी इस अभियान से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक परिचित ग्राम से कम से कम दो व्यक्तियों तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत से भी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा, सुरक्षा और सम्मान के लिए दिया गया आपका एक घंटा भी महत्वपूर्ण योगदान बन सकता है। उन्होंने भगवान श्रीराम के कार्य में गिलहरी के योगदान का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार गिलहरी ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार रामसेतु निर्माण में अपना योगदान दिया था, उसी प्रकार हम सभी भी अपनी क्षमता के अनुसार गौसेवा के इस पुनीत कार्य में अपना छोटा-सा 'गिलहरी योगदान' अवश्य दें।

## पुलिस दरबार में आईजी ने अधिकारियों-कर्मियों की सुनीं समस्याएं

**जांजगीर/नवप्रदेश।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज रामगोपाल गर्ग ने 6 अक्टूबर को जिला जांजगीर-चांपा पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया। पुलिस लाइन जांजगीर में आईजी ने परेड की सलामी लेकर पुलिसकर्मियों के टर्नआउट, अनुशासन और परेड का निरीक्षण किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। परेड के बाद पुलिस दरबार में आईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने थाना-चौकी में आने वाले पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का उचित निराकरण करने के निर्देश दिए। अपराध नियंत्रण के लिए जुआ-सट्टा और अवैध शराब के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई तथा कानून-व्यवस्था मजबूत रखने पर जोर दिया।आईजी ने रक्षित केंद्र की वाहन, स्टोर और आर्म्स शाखा का जायजा लिया।

वाहनों और दस्तावेजों की जांच के साथ स्टोर सामग्री के व्यवस्थित रखरखाव और समय पर वितरण के निर्देश दिए। आर्म्स शाखा में हथियारों की सुरक्षित व्यवस्था एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने कहा।उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। सेवा पुस्तिका, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन, भविष्य निधि, बजट, न्यायालयीन प्रकरण और अन्य लंबित मामलों की समीक्षा कर समय पर निराकरण के निर्देश दिए।वार्षिक निरीक्षण के बाद आईजी ने अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने नियमित अध्ययन, कड़ी मेहनत, पौष्टिक खान-पान और शारीरिक फिटनेस पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

### पंचायत उपचुनाव और तमनार नपं चुनाव की तैयारियां शुरू

**रायगढ़/नवप्रदेश।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम/उप निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत रायगढ़ जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षित करने की प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत के अंतर्गत सरपंच के 3 पद और पंच के 27 पदों के लिए उप निर्वाचन तथा नवगठित नगर पंचायत तमनार में अध्यक्ष सहित 15 वार्ड पार्षद पदों के लिए आम निर्वाचन कराया जाना है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन क्र.-10**

क्रमांक 30 / न.पा.नि./ जोन-10/2026-27
रायपुर, दिनांक 07.10.2026

**:: द्वितीय निविदा क्र. 16 दिनांक 10.08.2026 को निरस्त करने की सूचना ::**

जोन क्रमांक 10, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) द्वारा जारी किये निविदा क्रमांक 16 दिनांक 10.08.2026 के कार्य क्र. 01 एवं 02 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। पुनः निविदा आमंत्रित करने की सूचना अलग से भविष्य में समाचार पत्रों में प्रकाशित की जावेगी ।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त,
जोन क्रमांक-10,
नगर पालिक निगम, रायपुर

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|
| 107/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200871 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | ANNUAL MAINTENANCE & REPAIR WORKS OF ELECTRIFICATION WORKS & ELECTRICAL EQUIPMENT IN THE RESIDENTIAL BUILDINGS OF BLOCK JAGDALPUR, BASTAR & BAKAWAND UNDER SUB DIVISION JAGDALPUR DISST -BASTAR (C.G) | Rs 15.00 Lacs |
| 108/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200872 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | ANNUAL MAINTENANCE & REPAIR WORKS OF ELECTRIFICATION WORKS & ELECTRICAL EQUIPMENT IN THE CIRCUIT HOUSE & REST HOUSE BUILDING UNDER SUB DIVISION JAGDALPUR DISST BASTAR (C.G) | Rs 11.00 Lacs |
| 109/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200873 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | ANNUAL REPAIR WORKS OF SUPPLYING AND FIXING, ELECTRIFICATION WORKS IN THE GOVT RESIDENTIAL BUILDING, ELECTRICAL EQUIPMENT MAINTENANCE OF PWD (E&M) SUB DIVISION DANTEWADA, DISTT. DANTEWADA (C.G) | Rs 12.00 Lacs |
| 110/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200874 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | ANNUAL REPAIR WORKS OF SUPPLYING AND FIXING, ELECTRIFICATION WORKS IN THE GOVT RESIDENTIAL BUILDING, ELECTRICAL EQUIPMENT MAINTENANCE OF PWD (E&M) SUB DIVISION SUKMA, DISTT. SUKMA (C.G) | Rs 12.00 Lacs |
| 111/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200875 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | ANNUAL REPAIR WORKS OF SUPPLYING AND FIXING, ELECTRIFICATION WORKS IN THE REVENUE BUILDING & ELECTRICAL EQUIPMENT MAINTENANCE OF PWD (E&M) SUB DIVISION SUKMA, DISTT. SUKMA (C.G) | Rs 13.00 Lacs |
| 112/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200877 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | PROVIDING ORDINARY MAINTENANCE (A/R) WORK IN GOVT. NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER (E/M) SUB DIVISION KAWARDHA DISTRICT-KABIRDHAM (C.G.) | Rs 13.09 Lacs |
| 113/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200891 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | PROVIDING ELECTRIFICATIONM FOR ORDINARY MAINTENANCE TO NON-RESIDENTIAL BUILDING UNDER PWD E/M SUB DIVISION MOHLA-MANPUR-AMBAGARH CHOWKI (C.G.) | Rs 16.70 Lacs |
| 114/SE E/M/2026-27 (Ist Call) System Tender No 200893 Registered contractor class in "D" & above For Form A (Percentage Rate) | PROVIDING AND FIXING OF STREET LIGHTING WORK FOR PROPOSED FLYOVER AT MOTIPUR-AMLESHWAR-MAHADEV GHAT KHARUN RIVER RAIPUR (C.G.) | Rs 79.14 Lacs |

Date of bid submission 22.10.2026 The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-262703814/5

Superintending Engineer
P. W. D. (E & M) Circle Raipur (C. G.)

# सीएम साय 12 अक्टूबर को कंतेली में कॉलेज भवन का करेंगे लोकार्पण

**मुंगेली/नवप्रदेश।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत मुंगेली जिले में 12 अक्टूबर को महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिले के कंतेली पहुंचेंगे तथा नवनिर्मित कंतेली महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री साय कंतेली में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में कंतेली एवं आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। नवीन महाविद्यालय भवन के लोकार्पण से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर अधोसंरचना और सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायज लिया.इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, गिरीश शुक्ला, मानिक सोनवानी, रजनी सोनवानी, रामशरण यादव, सौरभ बाजपेयी, राज साहू, तारा चंद टंडन, राकेश साहू, राजेश्वर सिंह टंडन, अश्वनी चंद्राकर तथा जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एवं पुलिस

प्रशासन के अधिकारी उपस्थिति रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्य सभा स्थल, हेलीपैड स्थल, पार्किंग व्यवस्था, आमजन एवं कार्यकर्ताओं के प्रवेश-निकास, सुरक्षा व्यवस्था, मंच व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों को कार्यक्रम को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे जनकल्याण और जनभागीदारी का व्यापक अभियान बनाने की अपील किया है।

अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कंतेली में महाविद्यालय भवन का लोकार्पण इसी व्यापक भावना के अनुरूप शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा मजबूत होने से स्थानीय विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे तथा उच्च शिक्षा की पहुंच और व्यापक होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कंतेली आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है।

## न्यूज गैलरी

### जीएसटी नियमों की अनदेखी, बिना पक्के बिल के धड़ल्ले से कारोबार

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शहर के बाजारों में इन दिनों बिना टैक्स चुकाए सामान की बिक्री और राजस्व की चोरी का खेल धड़ल्ले से चल रहा है, जीएसटी नियमों को ताक पर रखकर व्यापारियों द्वारा लगातार कच्चे बिलों के माध्यम से कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे शासन को मिलने वाले राजस्व को भारी चपत लग रही है। स्थिति यह है कि जीएसटी विभाग की कार्रवाई केवल कागजी और औपचारिकता बनकर रह गई है, जिसके चलते कर चोरी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के कई प्रतिष्ठित व्यापारी और छोटे-बड़े दुकानदार सामान की खरीद-फरोख्त पर पक्का बिल देने से कतरा रहे हैं। ग्राहकों द्वारा मांग किए जाने पर उन्हें बिना जीएसटी नंबर और वैध विवरण के केवल कच्ची पर्चियां थमा दी जाती हैं। इस अवैध तरीके से सामान बेचने के पीछे का मुख्य उद्देश्य सरकार को कर चुकाने से बचना है। व्यापारी नाम मात्र के मुनाफे या बिना किसी आधिकारिक रसीद के माल बेचकर अपनी जेबें भर रहे हैं और सरकारी खजाने को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। नियमानुसार वाणिज्यिक कर विभाग और जीएसटी सेल को समय-समय पर बाजारों का औचक निरीक्षण करना चाहिए, ताकि इस प्रकार की अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। किंतु, विभागीय अमले की सुस्ती और लचर कार्यप्रणाली के कारण यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है। औपचारिकता के नाम पर कभी-कभार होने वाली छुटपुट कार्रवाई से इन कारोबारियों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों की इस उदासीनता के कारण ईमानदार करदाताओं में भी रोष व्याप्त है, जो नियमानुसार सारा कर चुकाकर अपना व्यापार कर रहे हैं। प्रशासनिक जानकारों का मानना है कि यदि इस अनियंत्रित अवैध व्यापार पर शीघ्र ही कड़ा अंकुश नहीं लगाया गया, तो इससे न केवल स्थानीय स्तर पर राजस्व का बड़ा नुकसान होगा, बल्कि बाजार में एक अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी पैदा होगी। अब देखना यह होगा कि सुस्त पड़ी जीएसटी और कर विभाग की मशीनरी इस गंभीर मामले का संज्ञान लेकर कब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई करती है।

### बच्चों के आधार में बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान के तहत आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियान का उद्देश्य निर्धारित आयु वर्ग में बच्चों के आधार संबंधी विवरण को समय पर अद्यतन कराना है, ताकि आधार की जानकारी सही एवं अपडेटेड बनी रहे। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बच्चों का प्रथम अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 05 से 07 वर्ष की आयु के दौरान तथा द्वितीय अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 15 से 17 वर्ष की आयु के दौरान कराया जाना आवश्यक है। इसके तहत बच्चों के बायोमेट्रिक विवरण को निर्धारित आयु के अनुसार अपडेट किया जाता है। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि जिन बच्चों का निर्धारित आयु वर्ग में बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है वे अपने बच्चे का आधार कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर निकटतम अधिकृत आधार केंद्र में उपस्थित होकर समय पर बायोमेट्रिक अपडेट की प्रक्रिया पूर्ण कराएं। बच्चों के आधार संबंधी जानकारी को अद्यतन रखना आवश्यक है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में नीलू ने बढ़ाया शाला का मान

**मुंगेली/नवप्रदेश।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोठमा की छात्रा नीलू ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। शाला की प्रतिभावान छात्रा नीलू चंद्रप्रसाद ने जोन स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक स्तर के लिए चयनित हुई। इसके पश्चात ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में उसने माध्यमिक स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक रोहित कुमार मोहले, शिक्षक खेलावन साहू, राजेश गुप्ता ने बधाई देकर शाला परिवार की तरफसे भी उनकी इस सफलता पर खुशी जाहिर की है।

### अंगना मितान सेवा कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति किया जागरूक

**जांजगीर/नवप्रदेश।** ग्राम सिलादेही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 511 (सोनबरसा पारा) में अंगना मितान सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र विकास को लेकर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सेक्टर सुपरवाइजर उर्मिला भारती रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मीडिया प्रभारी जिला साहू संघ जांजगीर-चांपा संजू साहू, पंच शेषनाथ साहू, त्रिकेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, विशाल साहू एवं फिरत केंवट उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उर्मिला भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परिवार और समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। आयोजन को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गंगाबाई साहू, उत्तरा वैष्णव, शांता साहू, पूर्णिमा जायसवाल, अनिता साहू तथा मितानिन पुष्पा साहू, मनीषा साहू, नंदनी कहरा, उत्तरा साहू, सीताबाई, दुर्गा कुमारी, किया साहू, सियाबाई, सविता, शिवकुमारी, शांति देवी, लक्ष्मी, ज्योति, सुशीला रात्रे, चंद्रिका, रानी एवं अनुसुईया का विशेष योगदान रहा।

---

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं की समीक्षा

# किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ आसानी से मिले

**मुंगेली/नवप्रदेश।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, अभियानों एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा ज्योति यात्रा के प्रस्तावित रूट एवं तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा के दौरान आमजन की सुविधा और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक सुरक्षाए यातायात एवं अन्य व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सेवा ज्योति का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में एग्रीस्टेक के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंचायत स्तर पर किसानों को आवश्यक जानकारी एवं सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया,ताकि पात्र किसान कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें, कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की,उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन से जुड़े ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने धान खरीदी को लेकर उपार्जन केन्द्रों में की जा रही तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने किसानों की सुविधा के लिए बारदाना, तौल व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, छाया एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी हो तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने पीडीएस भवनों से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**दिव्यांग पिता के लिए ट्राइसाइकिल की मांग**

जनदर्शन में नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करते हुए आवेदन सौंपे। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए तथा आवेदकों को समयबद्ध निराकरण का भरोसा दिलाया। जनदर्शन में ग्राम नुनियाकछार की कांतिबाई डहरिया ने सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम लाखासार के जलेश्वर साहू ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने तथा ग्राम कारेसरा के भीमराज ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की मांग रखी।

## जिले में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था से जनता त्रस्त

**मुंगेली/नवप्रदेश।** जिले में इन दिनों बिजली विभाग की घोर लापरवाही और लचर व्यवस्था के चलते आम नागरिकों का जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थिति यह है कि बिना किसी पूर्व सूचना के लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और आए दिन आ रही तकनीकी त्रुटियों ने उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले 72 घंटों में महज 22 घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पाई है, जिससे शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक त्राहि-त्राहि मची हुई है।

हालत यह है कि हर दस मिनट में बिजली गुल हो रही है,जिससे बिजली की आंख-मिचौली का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा। इस बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और अघोषित कटौती से लोगों के दैनिक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी इस दौर में बिजली न होने से बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही, क्षेत्र में लगातार मिल रही लो वोल्टेज की समस्या ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कम वोल्टेज के कारण

घरों में रखे महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे फ्रिज, एसी, कूलर, स्टेबलाइजर और वाटर पंप जलकर खराब हो रहे हैं, जिससे आम जनता को आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की इस मनमानी के कारण उनके घरेलू उपकरण शो-पीस बनकर रह गए हैं। हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन पर शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। शिकायतों के बावजूद मौके पर न तो कोई सुधार कार्य किया जा रहा है और न ही जनता की समस्याओं पर कोई सुनवाई हो रही है। विभागीय अधिकारियों की इस उदासीनता और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण नागरिकों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

## बाबाधाम कोसमनारा में श्रमदान से की गई साफ-सफाई

**रायगढ़/नवप्रदेश।** स्वच्छता ही सेवा-2026 एवं सेवा ही संकल्प अभियान के तहत नगर निगम रायगढ़ द्वारा बाबा धाम कोसमनारा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू और स्थानीय ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। निगम अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता अमले ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई इस दौरान बाबा धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई करते हुए कचरा एकत्र किया गया और

लोगों को धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियानों में जनभागीदारी को और मजबूत किया जाएगा। सभापति डिग्री लाल साहू ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ नागरिकों की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति स्थायी जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है।

## राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश

**बम्हनीडीह/नवप्रदेश।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पंचायत बम्हनीडीह कार्यालय परिसर में सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया । इस दौरान सेवा ज्योति कलश का पूजन एवं स्वागत कर सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया । प्रदेशभर में 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा एवं सेवा संकल्प से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । इन आयोजनों के माध्यम से सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक

पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है । नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डडसेना ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा केवल एक आयोजन नहीं बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को मजबूत करने का माध्यम है । जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों का दायित्व है कि वे पूरी निष्ठा के साथ आम नागरिकों की सेवा करें और नगर के विकास में अपनी भूमिका निभाएं । उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ नगर पंचायत बम्हनीडीह लगातार आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है । नगर पंचायत उपाध्यक्ष मोहन डडसेना ने कहा कि सेवा ज्योति कलश यात्रा समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सेवा की भावना का संदेश देती है । नगर के विकास के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है ।

## चंद्रकांत और सोनिया राष्ट्रीय रग्बी स्पर्धा में दिखाएंगे दम

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** रग्बी (फुटबाल) खेल में लगातार अपनी पहचान बना रहा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलाशपुर, जिला सूरजपुर एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराने को तैयार है। विद्यालय के होनहार खिलाड़ी चंद्रकांत राजवाड़े और सोनिया राजवाड़े का चयन 70वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी 31 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।कैलाशपुर विद्यालय की रग्बी टीम ने इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। 2026-27 में विद्यालय के 14 खिलाड़ियों—7 बालक और 7 बालिकाओं—का चयन राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुआ था।

## अनंत, सेजल और सुप्रिता का एमबीबीएस में हुआ चयन

**मुंगेली/नवप्रदेश।** सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के तीन प्रतिभावान छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत अनुशासन और लगन के दम पर देश के सबसे प्रतिष्ठित नीट परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त किया है।

अनंत उपाध्याय, सेजल सोनकर और सुप्रिता तंबोली जिन्होंने प्रतिदिन पढ़ाई के प्रति समर्पित रहकर यह सफलता प्राप्त किया है और यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त

किया जा सकता है। विदित हो कि छात्र अनंत उपाध्याय ने कक्षा 12वीं की परीक्षा 96 प्रतिशत प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की एवं बिना किसी कोचिंग क्लास के प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। शाला के प्रबंध निदेशक डॉ. जीएस पटनायक ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक कामना की। विद्यालय के प्राचार्य शुभेंदु मंडल ने सफल छात्रों एवं उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे शाला के लिए गौरव की बात है। इन छात्रों ने केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रौशन किया है, उनकी सफलता हमारी शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के अनवरत की गई मेहनत का परिणाम है। हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य में कुशल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करेंगे। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों को मिठाई खिलाकर इस सफलता का जश्न मनाया।

सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद, शाला के अनुशासित माहौल और शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया है। सेंट जेवियर परिवार इन भविष्य के डॉक्टर के उज्जवल और सफल जीवन की कामना की है।

## पेज 1 का शेष...

बड़ा एक्शन: सरकारी हेलिकॉप्टर का...

होने के बाद, उसके बीमा दावे को 4 साल से ज्यादा समय तक लटकाने और फिर दुर्भावनापूर्ण तरीके से उसे खारिज करने के मामले में उठाया गया है।

**क्या है पूरा मामला?**

मई 2022 में रायपुर एयरपोर्ट पर राज्य शासन का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। सरकार ने इसका पूरा प्रीमियम चुकाकर ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी से बीमा कराया था। हादसे के बाद जब सरकार ने नियमानुसार क्लेम प्रस्तुत किया, तो कंपनी ने टालमटोल का रवैया अपनाया। कंपनी 4 साल तक इस दावे को बिना किसी ठोस कारण के लंबित रखी और अंततः अगस्त 2026 में इसे अस्वीकार कर दिया। विमानन संचालनालय की जांच में कंपनी का यह रवैया पूरी तरह असंगत और सार्वजनिक धन के हितों के खिलाफ पाया गया।

**सुनवाई का पूरा मौका देकर की गई कार्रवाई**

सरकार ने इस मामले में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पूरा पालन किया। सीधे बैन लगाने के बजाय ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को पहले 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया। कंपनी से लिखित जवाब मांगा गया और उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का भी पूरा मौका दिया गया। कंपनी के तर्कों और उपलब्ध अभिलेखों की गहन जांच के बाद ही विमानन संचालनालय ने कारणों सहित यह कड़ा आदेश पारित किया।

**बीमा राशि की पाई-पाई वसूलेगी सरकार**

अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने का मतलब यह नहीं कि सरकार अपने दावे की राशि छोड़ देगी। शासकीय हेलिकॉप्टर की खरीदी और उसके बीमे में जनता का पैसा लगा है, ऐसे में आर्थिक नुकसान की भरपाई हर हाल में की जाएगी। राज्य शासन ने दो टूक कहा है कि देय राशि की वसूली के लिए आगे की कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

बिल्डरों पर रेरा का 'डबल प्रहार':...

जहां एक ओर मनमानी करने वाले प्रमोटर को आबंटी (ग्राहक) के पैसे भारी-भरकम ब्याज के साथ लौटाने का आदेश दिया है, वहीं बिना पंजीयन के प्लॉट बेचने वाले एक अन्य डेव्हलपर पर 8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

**पहला मामला: वत्सल्य डेवलपर्स को चुकाना होगा भारी हर्जाना**

पहला मामला रायपुर के सेजबहार स्थित 'वत्सल्य डेवलपर्स' का है। एक ग्राहक ने साल 2012 में प्रमोटर के साथ आवासीय प्लॉट का अनुबंध कर 2015 तक किश्तों में कुल 15 लाख 9 हजार 300 रुपये जमा किए थे। पूरा पैसा लेने के बावजूद बिल्डर ने न तो प्लॉट का कब्जा दिया और न ही कोई सूचना दी। हद तो तब हो गई जब बिल्डर ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए ग्राहक की बुकिंग ही निरस्त कर दी। मामला सीजीरेरा पहुंचने पर प्राधिकरण ने इसे बिल्डर की घोर मनमानी माना और ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए 15.09 लाख की मूल राशि पर 18 लाख 60 हजार 956 रुपये का ब्याज जोड़कर कुल 33 लाख 70 हजार 256 रुपये एकमुश्त लौटाने का आदेश दिया है।

**दूसरा मामला: महागणपति डेव्हलपर्स पर 8 लाख का जुर्माना**

दूसरा मामला 'महागणपति डेव्हलपर्स, रायपुर' का है, जो बिना रेरा पंजीयन के ही एक प्लॉटेड ले-आउट परियोजना विकसित कर धड़ल्ले से जमीनों की बिक्री कर रहा था। इस फर्जीवाड़े की भनक लगते ही सीजीरेरा ने स्वप्रेरणा से संज्ञान लिया और डेव्हलपर के खिलाफप्रकरण दर्ज कर लिया। सुनवाई में इसे भू-संपदा अधिनियम, 2016 की धारा 3 का खुला उल्लंघन पाया गया। नियमतः बिना रेरा रजिस्ट्रेशन के किसी भी प्रोजेक्ट का विज्ञापन, बुकिंग या बिक्री नहीं की जा सकती। प्राधिकरण ने महागणपति डेव्हलपर्स पर 8 लाख रुपये का अर्थदंड लगाते हुए इस प्रोजेक्ट को तत्काल रेरा में पंजीकृत कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

मेरे खिलाफ 45 एफआईआर...

रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें आयोग के दफ्तर के बाहर ही रोक दिया गया। राहुल गांधी ने कड़े शब्दों में कहा कि उनके लिए ज्ञानेश कुमार देश के वैध मुख्य चुनाव आयुक्त नहीं हैं और उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना ही होगा।

मुख्य न्यायाधीश लेंगे सीईसी नियुक्ति...

सीजेआई सूर्यकांत ने इस पर विचार करने की सहमति जताई और कहा हम इसकी जांच करेंगे और फिर फैसला लेंगे। साथ ही, वरिष्ठ वकील ने यह भी स्पष्ट किया कि क्यूरेटिव पिटीशन से पहले रिव्यू पिटीशन दायर की जानी चाहिए, जबकि उनका मामला एक अंतरिम अर्ज़ी है।

20 बच्चों को ले जा...

की सांसें अटक गई थी. स्थानीय लोगों ने तुरंत ही बचाव कार्य शुरू किया और बच्चों को बाहर निकाला.

गृहमंत्री का पीए बनकर...

लगवाने के एवज में 2 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। पीड़ित बोस्टो ने अपने परिचित चंदू बघेल के साथ मिलकर आरोपियों को 70 हजार रुपए नकद दे दिए। आरोपियों ने भरोसा दिलाया था कि काम न होने पर पैसे लौटा दिए जाएंगे। परीक्षा में चयन न होने और रिजल्ट आने के बाद जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी, जिसके बाद सिविल लाइन थाने में मामला दर्ज कराया गया।

आरबीआई ने रेपो रेट 0.25%....

ब्याज दरों में की गई यह पहली बढ़ोतरी है।

'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' का रुख: रेट कट के रास्ते फिलहाल बंद

केंद्रीय बैंक ने नीतिगत रुख में बड़ा बदलाव करते हुए इसे आधिकारिक तौर पर 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' घोषित कर दिया है। नीतिगत घोषणा करते हुए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ किया, हमने अपना रुख बदलते हुए स्पष्ट कर दिया है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में किसी प्रकार की कटौती नहीं होगी। हमारा अगला कदम या तो दरों में ठहराव (पॉज) लाना होगा या फिर परिस्थितियों के अनुसार और बढ़ोतरी करना होगा। आगामी कदम मैक्रो-इकोनॉमिक हालातों और महंगाई-विकास के समीकरणों पर निर्भर करेंगे।

विकसित भारत के साथ...

राजधानी रायपुर का प्रमुख तेलीबांधा चौक भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संकल्प चौक आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। सभा के बाद मुख्यमंत्री ने हाथों में मशाल लेकर 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व किया और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से तेलीबांधा चौक तक निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केमिस्ट्री का नोबेल फ्रांस...

में डाल रखा था। उनकी इस खोज से यह समझने में बहुत मदद मिली है कि एक जैसे दिखने वाले 'मिरर इमेज' अणुओं में से केवल जरूरत के अणु को कैसे अलग या तैयार किया जा सकता है।

# फ्रांस में शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन

**फ्रांस/ए.।** शिक्षा के लिए बजट बढ़ाने की मांग कर रहे स्कूली विद्यार्थियों के समर्थन में मंगलवार को पूरे फ्रांस में ढाई लाख से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया जबकि पेरिस और अन्य शहरों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में 2.66 लाख लोगों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिनमें 56 हजार पेरिस में थे। इन प्रदर्शनों से तत्कालीन राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के प्रशासन पर दबाव बढ़ गया।

छात्रों द्वारा हाई स्कूलों की नाकेबंदी के बीच मार्सेय, स्ट्रासबर्ग और अन्य शहरों में झंडे व तख्तियां लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। सितंबर के मध्य में पेरिस क्षेत्र के एक हाई स्कूल से शुरू हुआ यह प्रदर्शन अब देशव्यापी आंदोलन का रूप ले चुका है।

### छात्रों की चिंताओं को सुनकर उनका समाधान तलाशना चाहिए : लेकोर्नू

फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्तियन लेकोर्नू ने कहा कि सरकार और स्कूल नेतृत्व को छात्रों की चिंताओं को सुनकर उनका समाधान तलाशना चाहिए। उन्होंने स्कूलों को प्रभावित करने वाली ''अत्यधिक हिंसा'' की निंदा की और पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई किसी भी ''दुर्घटना'' की जांच का आश्वासन दिया।

छात्रों ने जर्जर कक्षाओं की ओर ध्यान दिलाया है, जहां मेज और कुर्सियों जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। एयर कंडीशनिंग नहीं होने के कारण गर्मियों में ये कक्षाएं बेहद गर्म हो जाती हैं और कुछ जगहों पर चूहों का प्रकोप भी है। छात्रों की अन्य शिकायतों में कर्मचारियों की कमी और अत्यधिक काम का बोझ शामिल है। शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों की शिकायतें और उनके सुझाए बदलाव जानने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है। पड़ोसी बेल्जियम में भी छात्रों के प्रदर्शन हुए, जहां लीज में 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### 500 लोग हिरासत में

गृह मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को करीब 500 लोगों को हिरासत में लिया गया। छात्रों को गिरफ्तार करने और उनके खिलाफ आंसू गैस तथा दंगा-रोधी हथियारों के व्यापक इस्तेमाल से अभिभावकों और शिक्षकों में भी नाराजगी बढ़ रही है। कुछ छात्र संगठनों ने बृहस्पतिवार को नए प्रदर्शन का आह्वान किया है।

# कोहली ने फलाहारी महाराज के आरोपों का खंडन किया

### 'सिर्फ श्रद्धा-अपार विश्वास है प्रेमानंद जी के पास जाने की वजह'

**मुंबई।** प्रेमानंद महाराज को लेकर दिनेश फ्लाहारी महाराज ने यह दावा करके बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है कि प्रॉपर्टी बिल्डर्स के एक ग्रुप ने क्रिकेटर विराट कोहली को वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम लाने के लिए 5 करोड़ का इंतजाम किया था। इस दावे के बाद से विराट कोहली के फैंस इस बात का इंतजार कर रहे थे कि कोहली की तरफ से इसको लेकर क्या सफाई आती है। अब विराट कोहली की टीम ने इस पर लिखित सफाई देते हुए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। विराट कोहली की टीम द्वारा जारी एक लिखित बयान में कहा गया है कि, ÷हम ये स्पष्ट रूप से साफ कर देना चाहते हैं कि फ्लाहारी दिनेश महाराज दिनेश शर्मा द्वारा विराट कोहली को लेकर जो दावे किए गए हैं वे पूरी तरह गलत हैं, उनका कोई आधार नहीं है और तर्क से परे हैं। विराट कोहली श्री प्रेमानंद जी महाराज के पास उनके ऊपर अपार विश्वास और उनके प्रति श्रद्धा है, इसलिए जाते हैं। हम मजबूती से इन दावों का खंडन करते हैं और मीडिया से गुजारिश करते हैं कि तथ्यों को बारीकी से परखें और रिपोर्टिंग में उचित सावधानी बरतते हुए ऐसे बयानों को बढ़ावा ना दें। गौरतलब है कि प्रेमानंद जी महाराज के एक शिष्य के निधन के बाद से जब विवाद बढ़ता गया, तब फ्लाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने आरोप लगाए कि जनवरी 2023 में विराट कोहली का दौरा संत की लोकप्रियता बढ़ाने और बिल्डर्स को जमीन बेचने में मदद करने के लिए किया गया एक पब्लिसिटी स्टंट था। हालांकि, इस दावे का समर्थन करने वाला कोई स्वतंत्र सबूत या प्रमाण नहीं है, और आश्रम के ट्रस्ट ने लोगों से इन बिना पुष्टि वाली अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है। वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के शिष्य रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की मौत का मामला अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद और साफहो गया है।

# वाराणसी में 'नमो बुक फेस्ट' का आगाज पीएम मोदी पर 500 से अधिक किताबें

**लखनऊ/ए.।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय 'नमो बुक फेस्ट : जेन वी फेस्टिवल' की शुरुआत हुई। इस विशेष पुस्तक महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, नेतृत्व और उनकी सरकार की नीतियों पर आधारित 500 से अधिक पुस्तकों को एक ही छत के नीचे प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटलाइजेशन और आध्यात्मिकता जैसे विषयों पर लिखी गई किताबें भी इस फेस्ट का हिस्सा हैं।

फेस्टिवल के आयोजक डॉ. पवन विजय ने बातचीत में इसके उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी पर 500 से ज्यादा किताबें लिखी जा चुकी हैं। ये किताबें केवल जीवनी नहीं, बल्कि उनकी योजनाओं का ब्लू-प्रिंट हैं। चाहे डिजिटल इंडिया हो, विदेश नीति हो, सुरक्षा का मुद्दा हो या 'विकसित भारत' का विजन हो, हर पहलू पर लेखकों ने गहन अध्ययन कर किताबें लिखी हैं।

डॉ. विजय ने बताया कि इस फेस्ट का मुख्य कॉन्सेप्ट इन सभी किताबों का एक साथ आकलन करना है। भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में सरकार द्वारा किए गए प्रयासों और योजनाओं पर जो कुछ लिखा गया है, उसे एक जगह लाकर युवाओं तक पहुंचाना इसका लक्ष्य है। इसीलिए इसे 'नमो बुक फेस्ट : जेन वी फेस्टिवल' नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस फेस्ट में जो पीढ़ी शामिल हो रही है, उसे हम जेन-वी मानते हैं। यह वह पीढ़ी है, जिसके पास विजन है और जो 'विकसित भारत' के सपने को साकार करेगी। हमारा प्रमुख मकसद सरकारी योजनाओं, नीतियों और सरकार के दृष्टिकोण के साथ इस युवा पीढ़ी का सीधा संवाद कराना है।

कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की जानकारी भी उन्होंने दी। दो दिनों तक अलग-अलग सत्रों में कई लेखक और विशेषज्ञ चर्चा में भाग लेंगे। इनमें प्रसिद्ध लेखक अमीश त्रिपाठी, विशाल सहाय और अशोक श्रीवास्तव जैसे नाम शामिल हैं, जो अलग-अलग पैनल डिस्कशन का हिस्सा बनेंगे। फेस्ट में साहित्य के अलावा सिनेमा और रोमांच का भी संगम देखने को मिलेगा। फिल्म 'हनुमान अंश' की प्रोड्यूसर अनुप्रिया नागर और प्रसिद्ध बाइकर कंचन भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

डॉ. पवन विजय ने बताया कि इस आयोजन के लिए 7 और 8 अक्टूबर की तारीख इसलिए चुनी गई है क्योंकि 7 अक्टूबर का दिन ऐतिहासिक है। 7 अक्टूबर 2001 को ही नरेंद्र मोदी ने पहली बार संवैधानिक पद की शपथ ली थी। इस लिहाज से आज उनके सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे हो रहे हैं। यह बुक फेस्ट एक तरह से उनके 25 साल के कार्यकाल का लेखा-जोखा भी है।

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल के सफर पर पूछे गए सवाल पर डॉ. विजय ने कहा कि इसका असली मूल्यांकन जनता कर रही है। जनता ने ही उन्हें लगातार 25 साल तक संवैधानिक पदों पर काम करने का अवसर दिया है। यह जनता के विश्वास का ही प्रतीक है और इस फेस्ट में भी उसी जन-विश्वास पर चर्चा होगी।

# सीबीआई रेड पर सीएम मान का भाजपा पर हमला

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ आप नेता भगवंत मान ने सीबीआई रेड को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, सीबीआई रेड को देखने से साफपता चलता है कि अब चुनाव आ गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां भी चुनाव होते हैं, वहां बीजेपी इसी तरीके से सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल करती है। मान ने झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले ममता बनर्जी के करीबियों पर हुई कार्रवाई का भी जिक्र किया।

भगवंत मान ने कहा, दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भी आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कार्यवाही की गई। पंजाब में हुई रेड पर उन्होंने कहा कि असल में सीबीआई को 5-6 घंटे चली रेड में कुछ हासिल नहीं हुआ है और वह खाली हाथ वापिस गए हैं। भगवंत मान ने कहा कि यह मुझे और मेरी सरकार को बदनाम करने की भाजपा की साजिश है, क्योंकि बीजेपी ने जो नशे के खिलाफ यात्रा निकाली वह फ्लॉप रही है। बता दें कि सीबीआई ने मुख्यमंत्री के OSD राजबीर सिंह घुमन सहित छह लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया है और मंगलवार 6 अक्टूबर को पंजाब-चंडीगढ़ में आठ ठिकानों पर तलाशी ली थी। सीएम भगवंत मान ने दावा किया कि उनके कैंप ऑफिस में करीब 5-6 घंटे चली कार्रवाई के बाद जांच एजेंसी को कुछ भी हासिल नहीं हुआ और वह खाली हाथ वापस गई।

उन्होंने इसे खुद और अपनी सरकार को बदनाम करने की भाजपा की साजिश करार दिया। सीएम ने यह भी कहा कि नशे के खिलाफ बीजेपी की ओर से निकाली गई यात्रा के बाद अब इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। CBI-के कथित दुरुपयोग के विरोध में आम आदमी पार्टी ने आज पंजाबभर में प्रदर्शन का ऐलान किया है।

# 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट सीजेपी ने पुलिस को सौंपा पत्र

**नई दिल्ली/ए.।** कॉकरोच जनता पार्टी ने 10 अक्टूबर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफजंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट का आयोजन किया है। सीजेपी प्रवक्ता सौरभ दास ने बुधवार को बताया कि दिल्ली पुलिस को 10 अक्टूबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन को लेकर एक औपचारिक पत्र सौंपा गया है, जिसमें कहा गया है कि चुनाव और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों पर देश के युवा इस प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे।

### 'जंतर-मंतर पर एकत्रित होंगे युवा'

समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, सौरभ दास ने कहा कि उन्होंने संसद मार्ग स्थित पुलिस स्टेशन का दौरा किया और पुलिस को एक औपचारिक पत्र सौंपा जिसमें बताया गया कि सीजेपी और देशभर के युवा 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर एकत्रित होंगे।

सौरभ दास ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, ''हम संसद मार्ग स्थित पुलिस स्टेशन पहुंचे और मैंने उन्हें एक औपचारिक पत्र दिया। हमने उन्हें बताया कि सीजेपी और देशभर के युवा 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर एकत्रित होने वाले हैं। हमने उनसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, हमारे साथ सहयोग करने और जरूरी ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। हमने उन्हें औपचारिक सूचना दे दी है।''

### विफल हो रहा चुनाव आयोग

बकौल सौरभ दास, प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन युवाओं की उन चिंताओं पर केंद्रित है, जिन्हें उन्होंने 'वोटों की चोरी' और 'चुनावों को हाईजैक करना' बताया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग 'जेन जेड' को मतदाता सूची में शामिल करने में विफल हो रहा है।

# एयरटेल दे रहा है सभी पोस्टपेड प्लान्स पर मुफ्त अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग

**नई दिल्ली/ए.।** भारत की प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज नए पोस्टपेड प्लान लॉन्च करने की घोषणा की है, जिनमें पहले से भी अधिक सुविधाएँ शामिल की गई हैं। 8 अक्टूबर, 2026 से ग्राहक इन नए पोस्टपेड प्लान्स के साथ हर साल एक अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के दौरान मुफ़्त रोमिंग का लाभ उठा सकेंगे । इसके अलावा, उन्हें पहले से उपलब्ध सभी मौजूदा लाभ भी मिलते रहेंगे। मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक में 5 जीबी डेटा, 60 मिनट की कॉलिंग, 25 आउटगोइंग एसएमएस और मुफ्त इनकमिंग एसएमएस शामिल हैं। इसकी वैधता 5 दिन होगी। ग्राहकों को अपनी पसंद के समय पर 5-दिन वाले पैक को एक्टिवेट करने की पूरी सुविधा मिलती है, जिससे विदेश यात्रा के दौरान कनेक्टेड रहना और भी आसान हो जाता है। एयरटेल पोस्टपेड फैमिली प्लान के ग्राहकों के लिए मुफ्त अंतरराष्ट्रीय रोमिंग की सुविधा प्लान में शामिल प्रत्येक परिवार सदस्य को उपलब्ध होगी। मुफ़्त अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग, एयरटेल पोस्टपेड प्लान में जोड़ा गया नया लाभ है, जो फ़ास्ट लेन तकनीक के ज़रिए उत्कृष्ट अनुभव, अनलिमिटेड डेटा और स्पैम व धोखाधड़ी वाले लिंक से नेटवर्क-स्तरीय सुरक्षा प्रदान करते हैं। ग्राहक कई मनोरंजन सब्सक्रिप्शन का लाभ भी उठा सकते हैं और उन्हें एयरटेल पोस्टपेड एडवांटेज क्लब के माध्यम से विशेष अनुभवों का एक्सेस मिलता है।

# राजपाल यादव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### अभिनेता की बढ़ाई भी जा सकती है सजा

**नई दिल्ली/ए.।** सुप्रीम कोर्ट में चेक बाउंस मामले में अभिनेता राजपाल यादव की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की। आपको बता दें कि मामला मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े सात चेक बाउंस मामलों से संबंधित है। जस्टिस बागची ने चेतावनी दी कि उनकी सजा बढ़ाई भी जा सकती है। अभिनेता ने अदालत को बताया, ''अता पता लापता फिल्म में मेरा नुकसान हुआ है। मेरे 17 करोड़ रुपये डूब गए। जब चाहें, जहां चाहें भेज दें, मैं तैयार हूं। लेकिन कुल बजट 22 करोड़ रुपये था। इससे एक रुपया भी नहीं कमाया गया। फिल्म एक थिएटर में भी रिलीज नहीं हो पाई।''राजपाल यादव ने 1.15 करोड़ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट अदालत में जमा किए, जिन्हें कोर्ट रजिस्ट्री में जमा करने का निर्देश दिया गया। सीजेआई ने राजपाल यादव से पूछा कि कोई नई फिल्म आ रही है क्या? अच्छी सी फिल्म बनाकर लोगों का मनोरंजन करो... अभी छवि फिर पहले जैसी बन जाएगी।


**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Aatal Nagar- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512000; Fax No.: +91 771 2512400
Website : www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, **NRANVP** invites tender for following works :

**NIT No : 40/WMF&B/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated :01.10.2026**

**Name of Work : "Weld Mesh Fencing at city level roads, Beautification & Upgradation of existing infra work at various locations of Nava Raipur Atal Nagar, Dist - Raipur (C.G.)".**

Estimated cost : **INR 3.77 Crs.**, EMD: **INR 3.80 Lakhs**, Period of Completion: **12 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15.00 hrs on 22.10.2026**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**

S- 49336/2 — Engineer-in-Chief, NRANVP



**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर**
**जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./2026-27 दिनांक. 05.10.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.10.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम - बिलासपुर जिले के खारंग जलाशय योजना अन्तर्गत बायी तट मुख्य नहर के खैरा डगनिया माईनर, बाम्हू माईनर, अकलतरी माईनर, पीपरा माईनर एवं गढ़वट माईनर का लाईनिंग कार्य एवं जीर्णोद्धार कार्य।**

निविदा सिस्टम क्रं. 200486, अनुमानित लागत - रू. 401.39 लाख, (जी.एस.टी. छोडकर)
(एस.ओ.आर. 01.05.2025 एवं संशोधित 08.08.2025 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.10.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट :1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।
2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2025 में जारी किए गये Pre Bid Qualification certificate (Valid up to 31.10.2026) का उपयोग अनिवार्य है।
3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. छोड़कर निविदा भरा जाना है।

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
जी-262703765/4



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 1, अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(तृतीय आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्रमांक : 06/व.ले.लि./ 2026-27 दिनांक 05.10.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 22.10.2026 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 200581 | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्र0-1 अम्बिकापुर कार्यालय का जीर्णोद्वार कार्य। | रु. 378.35 लाख । (जी.एस.टी. छोड़कर) |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.10.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 1, अम्बिकापुर (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
जी-262703781/6



**सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया — Central Bank of India**
**क्षेत्रीय कार्यालय- रायपुर (छ.ग.) — Regional Office- Raipur (C.G.)**

**परिशिष्ट-4 नियम-8 (1) कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

यतः

अधोहस्ताक्षरी ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 का अधिनियम के अधीन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी हैं, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधार लेने वाले को निम्नलिखित तिथि को एक मांग नोटिस में उल्लेखित रकम तथा उस पर ब्याज उक्त नोटिस प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी। उधार लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर, उधार लेने वाले और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित दिनांक को इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधार लेने वाले को विशिष्ट रूप से और जनसाधारण को इसके द्वारा सावधान किया जाता है कि वह इस संपत्ति से संबंधित कोई व्यवहार न करें एवं यदि करता है तो वह निम्नलिखित देय धनराशि तथा उस पर देय ब्याज तथा व्यय के लिए **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** के प्रभार के अधीन होगा।

**देनदार का ध्यान रक्षित संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय हेतु अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

| क्र. सं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम एवं पता/शाखा | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की राशि/दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01 | **मेसर्स बालाजी टाईल्स एंड ग्रेनाइट, प्रो. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल**, प्लॉट नं. 10, ब्लॉक नं. 01, कृष्णा नगर, राधिका नगर, भिलाई नगर, दुर्ग, जिला- दुर्ग (छ.ग.) एवं **श्री गोपाल कुमार अग्रवाल पुत्र श्री नंद किशोर अग्रवाल** व **गारंटर- श्री महेश अग्रवाल पुत्र श्री बजरंग लाल अग्रवाल, दोनों का निवास पताः** 1. प्लॉट नं. 10, ब्लॉक नं. 01, कृष्णा नगर आवासीय योजना, वार्ड नं. 04, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) एवं **पताः 2. मेसर्स बजरंग किराना स्टोर्स**, वेंकटेश्वर टॉकीज के पीछे, संजय नगर, सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) **शाखाः भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.)** | **श्री गोपाल अग्रवाल एवं श्री महेश अग्रवाल** के नाम पर कृष्णा नगर आवासीय योजना भिलाई SADA एरिया भिलाई- दुर्ग में प्लॉट नं. 10, ब्लॉक नं. 01, राधिका नगर, वार्ड नं. 04, म्युनिसिपल क्षेत्र भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)। क्षेत्रफल- 216.0 वर्ग मीटर (2325.0 वर्ग फीट) में स्थित आवासीय भवन व भूमि के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** प्लॉट नं. 11, **दक्षिण-** प्लॉट नं. 09, **पूर्व-** प्लॉट नं. 13 और 14, **पश्चिम-** सड़क । | 29/06/2026; ₹ 15,40,506.00 उस पर देय ब्याज तथा व्यय; कब्जा लेने की तारीख 03/10/2026 |
| 02 | **1. श्री योगेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री बाबू लाल गुप्ता, 2. श्रीमती रीना गुप्ता पति श्री योगेश कुमार गुप्ता एवं 3. श्रीमती काजल गुप्ता पति श्री नीलेश कुमार गुप्ता व गारंटर- श्री नीलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री बाबू लाल गुप्ता**, सभी का निवास- शांति निकेतन विला, अमेरी रोड, शांति नगर, बिलासपुर (एम. कार्पोरेशन), बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) **शाखाः व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)** | **श्री योगेश गुप्ता एवं श्री नीलेश गुप्ता** के नाम पर प्लॉट नं. डी-41, प.ह. नं. 35, व्यापार विहार कमर्शियल स्कीम, ज़ोन नं. 01, गायत्री नगर वार्ड, वार्ड नं. 11, बी.आर. म्यालानी चैंबर्स के सामने, मौजा- जूना बिलासपुर, ब्लॉक बेलहा, रा.नि.मं. तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल- 1250.0 वर्ग फीट में स्थित हायवर्टेड वाणिज्यिक भवन व भूमि के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** प्लॉट नं. A-13, **दक्षिण-** 40 फीट चौड़ी सड़क, **पूर्व-** प्लॉट नं. D-40, **पश्चिम-** प्लॉट नं. D-42. | 20/05/2026; ₹ 1,14,02,816.00 उस पर देय ब्याज तथा व्यय; कब्जा लेने की तारीख 03/10/2026 |
| 03 | **श्री सैयद सद्दामुल कादिर पुत्र स्व. श्री सैयद हफीजुल कादिर**, चंद्रिका होटल के पास, वार्ड नं. 17, कादरी मंजिल, मसानगंज, एवं पोस्ट- बिलासपुर, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) **शाखाः व्यापार विहार, बिलासपुर (छ.ग.)** | **श्री सैयद सद्दामुल कादिर** के नाम पर खसरा नं. 273/1-4, 271/1, प.ह.नं. 29, श्री राम टावर्स, भूतल, ब्लॉक- B, दुकान नं. 05, मौजाः ग्राम- तालापारा, गायत्री नगर वार्ड, वार्ड नं. 09, रा.नि.मं.- बिलासपुर, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल- 243.0 वर्ग फुट (यानी 12' x 20.3') में स्थित व्यापार विहार कमर्शियल स्कीम के तहत आवासीय एवं वाणिज्यिक वाली लीज-होल्ड संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** 40 फीट सड़क, **दक्षिण-** B ब्लॉक की पार्किंग, **पूर्व-** दुकान नं. B/04, पश्चिम- दुकान नं. B/06. | 18/07/2026; ₹ 3,96,465.00 उस पर देय ब्याज तथा व्यय; कब्जा लेने की तारीख 03/10/2026 |
| 04 | **श्री मोहम्मद नूर आलम पिता श्री मोहम्मद असगर अली**, वार्ड नं. 41, मकान नं. 25, कसारीडीह, केलाबाड़ी, सुभाष नगर अंदरूनी इलाका, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.))। **शाखाः पद्मनाभपुर, दुर्ग (छ.ग.)** | **मोहम्मद नूर आलम पिता मोहम्मद असगर अली** के नाम पर खसरा नं. 687/391 का भाग, प.ह.नं. 25, कसारीडीह, रा.नि.मं.- दुर्ग-1, केलाबाड़ी वार्ड (सुभाष नगर का अंदरूनी भाग), वार्ड नं. 41, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) क्षेत्रफल 660.0 वर्ग फुट में स्थित आवासीय भवन एवं भूमि के समस्त भाग तथा अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** श्रीमती मेघा मिश्रा का मकान, **दक्षिण-** मो. जाकिर हुसैन द्वारा खरीदा जाने वाला प्लॉट, **पूर्व-** शाह जी का प्लॉट, **पश्चिम-** 25 फीट चौड़ी W.B.M. सड़क । | 20/07/2026; ₹ 15,25,525/- + ब्याज एवं अन्य शुल्क; कब्जा लेने की तारीख 07/10/2026 |

दिनांकः 07.10.2026, स्थान- रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

# कुरुषपाल में शिक्षा को मिला सहयोग का संबल

■ जैन दिगंबर समाज ने 73 बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

■ बाढ़ प्रभावित परिवारों के बच्चों के लिए आयोजित किया शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है–इस भावना को चरितार्थ करते हुए जैन दिगंबर समाज,जगदलपुर ने विकासखंड बकावंड की ग्राम पंचायत कुरुषपाल में शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान बाढ़ प्रभावित परिवारों के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री वितरित की गई।

ग्राम की शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत कुल 73 छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री दी गई। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैन दिगंबर समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने कहा कि जैन समाज हमेशा शिक्षा और संस्कार को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है। ग्रामीण अंचलों के बच्चे देश का भविष्य हैं। समय पर मिलने वाला छोटा-सा सहयोग भी उनके सपनों को उड़ान दे सकता है। उन्होंने कहा कि समाज आगे भी ऐसे रचनात्मक और सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाता रहेगा।

जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य ने समाज के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणादायी है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि जब शासन के साथ समाज भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करता है, तो विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलते हैं और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है। उन्होंने आपदा की घड़ी में सहयोग के लिए जैन दिगंबर समाज का आभार जताया।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कलिहारी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य मीना जाधव, प्रभारी प्राचार्य लुप्तेश्वर आचार्य,सरपंच शर्मीला कश्यप,सीएसी पवन समरथ, सुशांत कोर्राम और अनंत देवांगन उपस्थित रहे। शाला परिवार की ओर से शिक्षक रमा किरार,रूपांजना सेत, संगीता नवले,रघुनाथ कश्यप,नीलमणी साहू,सितेंद्र साहू और विमला दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, पालक और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# 14 साल से ग्रेड पे का इंतजार, नर्सिंग अफसरों ने विरोध में बांधी काली पट्टी

■ तीन दिन का सांकेतिक विरोध,मांग पूरी नहीं हुई तो 18 नवंबर से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के सैकड़ों नियमित नर्सिंग ऑफिसरों ने 14 वर्षों से लंबित ग्रेड पे वेतनमान की मांग को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मांग पूरी नहीं होने से नाराज नर्सिंग ऑफिसरों ने बुधवार से काली पट्टी बांधकर तीन दिवसीय सांकेतिक विरोध शुरू किया। एसोसिएशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में मांग पर निर्णय नहीं हुआ तो 18 नवंबर 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

नर्सिंग ऑफिसरों का कहना है कि वे लंबे समय से ग्रेड पे वेतनमान लागू करने की मांग शासन के समक्ष रखते आ रहे हैं। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा कार्यालय से भी इस संबंध में प्रस्ताव भेजे हुए करीब नौ माह बीत चुके हैं,लेकिन अब तक मांग पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे नर्सिंग स्टाफ में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दिनों तक सभी नियमित नर्सिंग ऑफिसर काली पट्टी लगाकर काम करते हुए अपना विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद भी शासन स्तर पर सकारात्मक पहल नहीं हुई तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर अनिश्चितकालीन रूप दिया जाएगा।

# बड़े कापसी और प्रेम नगर के बीच सुरक्षा नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

■ बिना सेफ्टी बेल्ट और हेलमेट के खंभों पर चढ़कर वायर खींच रहे मजदूर

**कापसी।नवप्रदेश।** बड़े कापसी से प्रेम नगर (पीवी-34) के बीच विद्युत लाइन विस्तार का काम मजदूरों की सुरक्षा को ताक पर रखकर कराया जा रहा है। मौके की तस्वीरों में मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और अन्य सुरक्षा उपकरणों के बिजली के खंभों पर चढ़कर वायर खींचते नजर आ रहे हैं। ऊंचाई पर इस तरह काम कराया जाना कभी भी गंभीर हादसे का कारण बन सकता है।

जानकारी के अनुसार बड़े कापसी से प्रेम नगर तक विद्युत लाइन विस्तार और वायर खींचने का कार्य चल रहा है। इस दौरान खंभों पर चढ़ने वाले कर्मचारियों और संविदा मजदूरों को आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। कई फीट ऊंचाई पर मजदूर बिना किसी सहारे के काम करने को मजबूर हैं, जिससे उनके गिरने और करंट की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है।

विद्युत कार्यों में ऊंचाई पर काम करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा बेल्ट,हेलमेट,दस्ताने,सुरक्षा जूते और अन्य व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना आवश्यक माना जाता है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के प्रस्तावित सुरक्षा नियमों में भी विद्युत आपूर्ति लाइन पर काम करने वालों के लिए ऊंचाई पर कार्य करने की स्थिति में सेफ्टी बेल्ट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का प्रावधान है।

**ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर सवाल :** स्थानीय लोगों का आरोप है कि काम जल्द पूरा कराने के चक्कर में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है।

**हादसे का इंतजार या बड़ी अनहोनी की आहट?**

स्थानीय नागरिकों के मुताबिक खंभों पर बिना सुरक्षा उपकरण के काम कराना सीधे तौर पर मजदूरों की जान जोखिम में डालना है। उनका कहना है कि विभाग को किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल कार्यस्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

विरोधः छह माह से अधूरा निर्माण,गिट्टियों और धूल से परेशान जनता

# नयापारा की सड़क पर चक्काजाम, कांग्रेस ने पीडब्ल्यूडी को दिया अल्टीमेटम

■ सड़क नहीं बनी तो होगा लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** मोतीलाल नेहरू वार्ड के नयापारा में छह माह से अधूरी पड़ी सड़क को लेकर कांग्रेस ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया और सड़क निर्माण तत्काल पूरा कराने की मांग की। कांग्रेस ने साफ चेतावनी दी कि निर्धारित समय में काम शुरू कर पूरा नहीं किया गया तो लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि हाता ग्राउंड से जिला न्यायालय तक सड़क का निर्माण ल गभग छह माह पहले शुरू हुआ था, लेकिन अब तक काम अधूरा पड़ा है। सड़क पर जगह-जगह गिट्टियां बिखरी हैं और वाहनों के गुजरने पर धूल उड़ने से रहवासी, दुकानदार, विद्यार्थी और राहगीर परेशान हैं। तेज रफ्तार वाहनों से गिट्टियां उछलने के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। बारिश का मौसम समाप्ति की ओर है और मुख्य रूप से डामरीकरण का काम शेष होने के बावजूद निर्माण को लंबा खींचा जा रहा है।

सुशील मौर्य ने कहा कि बस्तर दशहरा शुरू होने वाला है। पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक जगदलपुर पहुंचेंगे। ऐसे में शहर के महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल नयापारा की अधूरी सड़क शहर की यातायात व्यवस्था और छवि दोनों को प्रभावित करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग को जनता की परेशानी दिखाई नहीं दे रही है। केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय में भाजपा की सरकार होने के बावजूद सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए जनता को आंदोलन करना पड़ रहा है।

**पीडब्ल्यूडी को सीधा अल्टीमेटम**

सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज दबने नहीं देगी। सड़क निर्माण शीघ्र शुरू कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा नहीं किया गया तो वार्डवासियों के साथ लोक निर्माण विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

**सड़क निर्माण तत्काल पूरा कराने के साथ गुणवत्ता की जांच की मांग**

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि भाजपा विकास के बड़े दावे करती है, लेकिन नयापारा की सड़क उन दावों की जमीनी हकीकत सामने ला रही है। उन्होंने सड़क निर्माण तत्काल पूरा कराने के साथ गुणवत्ता की जांच की मांग की।
नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने कहा कि जनता धूल, गिट्टियों और दुर्घटना के खतरे के बीच आवागमन कर रही है। कांग्रेस जनता की इस समस्या को सड़क से लेकर आगे तक उठाती रहेगी।

# पखांजूर-बांदे में खुलेआम ओवर रेटिंग त्योहारों में मिलावट का मंडरा रहा खतरा

**भानुप्रतापपुर में खाली बोतलों के मामले के बाद बढ़ी चिंता, आबकारी विभाग से दुकानों और गोदामों की जांच की मांग**

**कापसी।नवप्रदेश।** त्योहारों का मौसम शुरू होने से पहले पखांजूर और बांदे क्षेत्र में शराब बिक्री को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय ग्राहकों का आरोप है कि शराब दुकानों में निर्धारित मुद्रित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेची जा रही है। मांग बढ़ने का फायदा उठाकर ग्राहकों से मनमाने दाम वसूले जाने की शिकायतों के बीच अब मिलावटी शराब को लेकर भी आशंका जताई जा रही है।

कुछ माह पहले भानुप्रतापपुर में शराब की खाली बोतलों से जुड़ा मामला सामने आया था। इस घटना के बाद अब पखांजूर और बांदे में भी निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बिक्री की शिकायतों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवर रेटिंग पर तत्काल रोक लगाने के साथ यह भी जांच जरूरी है कि कहीं पुरानी बोतलों का दोबारा इस्तेमाल कर नकली या मिलावटी शराब तो नहीं खपाई जा रही है।

**औचक जांच और सील-बारकोड की हो जांच :** नागरिकों ने आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन से पखांजूर व बांदे की शराब दुकानों तथा संबंधित भंडारण केंद्रों की औचक जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि दुकानों में उपलब्ध शराब की बोतलों पर लगी सील,बारकोड और अन्य सुरक्षा चिह्नों की जांच की जाए। साथ ही निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने की शिकायतों की भी जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई हो। त्योहारों के दौरान शराब की मांग बढ़ने से पहले जांच होने पर किसी भी संभावित गड़बड़ी पर समय रहते रोक लगाई जा सकती है।

# आस्था नहीं तो गरबा से दूरी रखें: विजय शर्मा

## डिप्टी सीएम बोले- गरबा महज आयोजन नहीं, मां की आराधना है

**आयोजक भी धार्मिक मर्यादा का रखें ध्यान**

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** नवरात्र पर्व के दौरान होने वाले गरबा आयोजनों में प्रवेश को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने दो टूक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि गरबा केवल मनोरंजन या सामान्य आयोजन नहीं,बल्कि मां की आराधना और आस्था से जुड़ा धार्मिक आयोजन है। इसलिए जिन लोगों की गरबा और मां की आराधना में श्रद्धा नहीं है,उन्हें गरबा पंडालों से दूरी रखनी चाहिए।

विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज द्वारा गरबा में शामिल होने को लेकर दिए गए बयान का समर्थन करते हुए कहा कि उनकी बात बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि गरबा में वही लोग जाएं,जिनके मन में श्रद्धा और आस्था हो। धार्मिक आयोजन की मर्यादा का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने गरबा समितियों से भी अपील की कि आयोजन से पहले प्रवेश और आस्था से जुड़े नियम स्पष्ट किए जाएं,ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे। विजय शर्मा ने कहा कि गरबा को केवल नृत्य या मनोरंजन का आयोजन मानना उचित नहीं है। यह मां की आराधना का पर्व है और इसमें शामिल होने वालों को उसी भावना के साथ सहभागी होना चाहिए। आयोजकों की जिम्मेदारी भी तय हो उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गरबा आयोजकों को आयोजन स्थल पर धार्मिक स्वरूप और मर्यादा स्पष्ट करनी चाहिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि नवरात्र पर्व शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

गृहमंत्री के प्रेसवार्ता के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, रजनीश पाणीग्राही, परिस बेसरा सम्मलित थे।

# ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में चोरी,पांच सदस्यीय अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार

**जगदलपुर/नव प्रदेश।** ज्वेलरी शॉप में ग्राहक बनकर पहुंचे और मौका मिलते ही सोने के आभूषण लेकर फरार हो गए। शहर के अलंकार ज्वेलर्स में हुई इस शातिर चोरी का बस्तर पुलिस ने तेजी से पर्दाफाश करते हुए पांच सदस्यीय अंतरराज्यीय गिरोह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर तकनीक से मिले सुरागों को जोड़ते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई और उन्हें दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार दो महिलाएं और तीन पुरुष ग्राहक बनकर अलंकार ज्वेलर्स पहुंचे थे। बातचीत और आभूषण देखने के दौरान आरोपियों ने बड़ी चालाकी से कान की सुई-धागा सहित सोने के आभूषण पार कर दिए और दुकान से निकल गए। दुकान संचालक को बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी का पता चला। इसके बाद सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# कृत्रिम अंगों से लौटाई नक्सली हिंसा के पीड़ितों की जिंदगी की रफ्तार

**आईईडी विस्फोट में अंग गंवाने वालों को मिला सहारा, कृत्रिम अंगों से लौटी जिंदगी की रफ्तार**

**जगदलपुर। नवप्रदेश।** नक्सली हिंसा और आईईडी विस्फोटों में अपने हाथ-पैर गंवाने वाले आदिवासी और आम नागरिकों के जीवन में नई उम्मीद जगाने की पहल जगदलपुर में हुई। धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान किए गए। शिविर में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया।

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित इस शिविर में बस्तर संभाग के बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर और कांकेर जिले से 3,800 से अधिक जरूरतमंदों का पंजीयन किया गया है। नक्सली विस्फोट, सड़क दुर्घटना और अन्य कारणों से अंग गंवाने वाले लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे दोबारा अपने पैरों पर खड़े होकर आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वर्चुअल माध्यम से शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर ने लंबे समय तक नक्सली हिंसा का दंश झेला है,लेकिन अब अंचल शांति,विकास और नई उम्मीद की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल उपकरण वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हिंसा में अंग गंवाने वाले पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे खुद को अकेला न समझें, सरकार और समाज संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है।

**बस्तर के 1,570 हितग्राही :** शिविर में अकेले बस्तर जिले के 1,570 हितग्राहियों को शामिल किया गया। वहीं संभाग के शेष दंतेवाड़ा,बीजापुर और सुकमा जिलों के लिए 15 से 17 अक्टूबर तक दंतेवाड़ा में दूसरे चरण का शिविर आयोजित किया जाएगा।

स्टेशन भवन से चारदीवारी तक युद्धस्तर पर काम, डोंगरी चौक तालाब के पास अंडरपास के लिए मुनारा चिन्हित

# पल्ली में तेजी से आकार ले रहा रेलवे स्टेशन,बस्तर के रेल ने पकड़ी रफ्तार

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** बस्तरवासियों के वर्षों पुराने रेल सपने की तस्वीर अब जमीन पर दिखाई देने लगी है। जगदलपुर से रावघाट रेल लाइन के निर्माण की कड़ी में शहर से करीब पांच किलोमीटर दूर चित्रकोट मार्ग स्थित पल्ली में रेलवे स्टेशन तेजी से आकार ले रहा है। स्टेशन की चाहरदीवारी के लिए नींव खुदाई,जमीन समतलीकरण तथा निर्माण एजेंसी के कार्यालय और आवास बनाने का काम एक साथ चल रहा है। निर्माण स्थल पर बड़ी संख्या में श्रमिक और तकनीकी कर्मचारी काम में जुटे हैं।

निर्माण कार्य से जुड़े फोरमैन शिवा के अनुसार पल्ली में तीन प्लेटफॉर्म और तीन रेल लाइन बनाई जाएंगी। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार पल्ली-कंगोली मार्ग की ओर होगा। वहीं एलआईसी कार्यालय से कंगोली मार्ग में डोंगरी चौक स्थित तालाब के पास अंडरपास के लिए मुनारा चिन्हित किया जा चुका है। इस स्थान से आगे रेल पटरी बिछाने की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में कुछ हिस्से में धान की फसल है। फसल कटने के बाद संबंधित हिस्से में निर्माण कार्य शुरू होगा।

शिवा ने बताया कि पल्ली में करीब तीन सप्ताह पहले काम शुरू हुआ था,लेकिन लगातार बारिश के कारण कुछ दिनों तक काम प्रभावित रहा। अब मौसम खुलने के बाद निर्माण में तेजी लाई गई है। आने वाले दिनों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर काम को और गति देने की तैयारी है। कुड़कानार में भी प्रस्तावित स्टेशन के लिए प्रारंभिक सर्वे और जमीन समतलीकरण सहित जरूरी कार्य किए जाएंगे।

जगदलपुर-रावघाट रेल परियोजना का जगदलपुर से रावघाट वाला चरण करीब 140 किलोमीटर का है। यह परियोजना बस्तर को सीधे उत्तर छत्तीसगढ़ और आगे रेल नेटवर्क से जोड़ने की लंबे समय से चली आ रही मांग से जुड़ी है। वर्ष 2018 में भी रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर चरण की 140 किलोमीटर लंबाई का उल्लेख किया था।

अब केवल कागज पर नहीं, निर्माण स्थल पर दिख रही रेल की आहट–पल्ली में स्टेशन निर्माण,डोंगरी चौक के पास अंडरपास की तैयारी और आगे पटरी बिछाने के लिए किए जा रहे प्रारंभिक कार्य ने बस्तरवासियों की उम्मीदों को नई रफ्तार दी है।

**वन विद्यालय के पास जीपीएस सर्वे,पुल और पटरी निर्माण की तैयारी**

गीदम मार्ग में वन विद्यालय प्रशिक्षण केंद्र के पास प्रस्तावित ओवरब्रिज के लिए जीपीएस सर्वे का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही मार्ग में बड़े-छोटे पुल-पुलियों तथा रेल विद्युतीकरण से जुड़े प्रारंभिक कार्य भी किए जा रहे हैं। जमीन और मार्ग का सर्वे पूरा होने के बाद निर्माण की अगली प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सब कुछ निर्धारित गति से चला तो जगदलपुर से पल्ली के बीच रेल पटरी बिछाने का काम भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

# हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे सरकार की योजनाएं बस्तर में निकाली गई 'सेवा ज्योति यात्रा'

■ मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजन, क्रीड़ा परिसर से एयरपोर्ट चौक तक निकला मार्च

**क्रीड़ा परिसर से एयरपोर्ट चौक तक मार्च**

कार्यक्रम के बाद 'सेवा ज्योति यात्रा' क्रीड़ा परिसर से शहीद पार्क पहुंची। यहां से पैदल मार्च करते हुए यात्रा एयरपोर्ट चौक पहुंची। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल रहे। एयरपोर्ट चौक पर राष्ट्रगान के साथ यात्रा का समापन हुआ।

**जगदलपुर। नव प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को बस्तर में 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली गई। क्रीड़ा परिसर से शुरू हुई यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष, चित्रकोट विधायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग यात्रा में शामिल हुए।

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन में 25 वर्षों का सफर सेवा और जनकल्याण को समर्पित रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुआ उनका सफर अब देश की सेवा तक पहुंच चुका है। इस दौरान गरीब,किसान,युवा और महिलाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गईं,जिनका लाभ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि 'सेवा ज्योति यात्रा' का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यात्रा गांव-गांव तक पहुंचेगी।

# अरपा को प्रदूषण से बचाने शहर के 70 नालों के उपचार की बनेगी समग्र कार्ययोजना

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में नगरीय निकायों में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।

उन्होंने अरपा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए शहर के 70 छोटे-बड़े नालों के पानी के उपचार की समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इसके लिए विस्तृत डीपीआर तैयार कर सभी तकनीकी पहलुओं का सूक्ष्म परीक्षण करने कहा। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे एवं सूडा के सीईओ सुमित अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

प्रमुख सचिव बोरा ने अरपा नदी में नालों के जरिए पहुंच रहे दूषित पानी को रोकने के लिए किए जा रहे उपायों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि शहर में कुल 70 छोटे-बड़े नाले अरपा नदी में मिलते हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि इन नालों के जरिए दूषित पानी सीधे नदी में न पहुंचे, इसके लिए प्रभावी और दीर्घकालीन समाधान जरूरी है। नालों के पानी का समुचित उपचार कर ही नदी में प्रवाहित करने की व्यवस्था विकसित की जाए। उन्होंने डीपीआर तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक नाले की स्थिति और पानी की मात्रा का आकलन कर उपचार एवं आवश्यकतानुसार ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। योजना तैयार करते समय तकनीकी व्यवहार्यता, भविष्य की जरूरतों और इसके दीर्घकालीन प्रभावों सहित सभी पहलुओं का परीक्षण

किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय पानी का है, इसलिए सतही जल स्त्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए और सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं। नगरीय सेवाओं से जुड़ी परियोजनाओं को लंबे समय तक उपयोगी बनाए रखने पर जोर देते हुए उन्होंने आवश्यकतानुसार सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं की संभावनाओं पर भी काम करने कहा। बैठक में प्रमुख सचिव ने निर्माणाधीन एजुकेशन हब नालंदा परिसर की प्रगति की भी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि 500 लोगों की बैठक क्षमता वाले नालंदा परिसर को आधुनिक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। प्रथम तल के स्लैब का कार्य पूरा हो गया है तथा द्वितीय तल के स्लैब का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। प्रमुख सचिव ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए इसे निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरोत्थान सहित नगरीय अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि अधोसंरचना मद के अंतर्गत कुल 542 कार्य स्वीकृत हैं।

### शहर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था में दिखे सुधार

प्रमुख सचिव ने शहर की साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों को निरंतर बनाए रखना जरूरी है। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे शहर की साफ-सफाई का स्तर लगातार बेहतर हो। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें।

## न्यूज गैलरी

### घर घुसकर धमकी व मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कोटा पुलिस ने रात्रि में घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट, रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी और झपटमारी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी आकाश तिवारी (35), निवासी राम मंदिर चौक पड़ावपारा, कोटा के खिलाफ 6 अक्टूबर को अलग-अलग शिकायतों पर तीन अपराध दर्ज किए गए।पहले मामले में घर में घुसकर गाली-गलौज, धमकी और महिला से धक्का-मुक्की का आरोप है। दूसरे मामले में शराब के नशे में रास्ता रोककर मारपीट करने और वाहन की चाबी छीनने की शिकायत दर्ज हुई। तीसरे मामले में भी शराब के नशे में गाली-गलौज व मारपीट का आरोप है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

### 19 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोटा पुलिस ने ग्राम गोबरिपाठ में कार्रवाई करते हुए 19 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब की कीमत करीब 3,800 रुपये बताई है।पुलिस के अनुसार 6 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम गोबरिपाठ में एक महिला अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री कर रही है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह और एसडीओपी कोटा नुपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपिया ललिता जांगड़े (40), निवासी गोबरिपाठ के कब्जे से 15-15 लीटर क्षमता वाले दो प्लास्टिक डिब्बों में कुल 19 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### सेजेस पंधी में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

**सीपत/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पंधी में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य संजय शर्मा, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, सरपंच वीरेंद्र साहू, मुखीराम बिरझे सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। प्राचार्य संजय शर्मा ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि यहां 12 गांवों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने दिखाई हरी झंडी

# सीवी रमन विवि से विकास यात्रा रवाना एआई के अवसरों की दी जाएगी जानकारी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन और उभरते रोजगार अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से आईसेक्ट द्वारा आयोजित 'आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा-2026' को डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कौशल विकास यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर आईसेक्ट के राज्य समन्वयक योगेश मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। 'समर्थ भारत-सक्षम भारत' थीम पर आधारित यह राष्ट्रव्यापी अभियान 5 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा। एक माह की इस यात्रा के माध्यम से देश के 20 राज्यों के 300 जिलों में विद्यार्थियों और युवाओं तक शिक्षा, कौशल विकास तथा रोजगार से जुड़ी जानकारी पहुँचाई जाएगी। अभियान के दौरान करीब 500 स्कूलों, कॉलेजों एवं अन्य

शैक्षणिक संस्थानों तथा लगभग 1,000 आईसेक्ट कौशल ज्ञान प्रदाता केंद्रों तक पहुँचने का लक्ष्य रखा गया है। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय से रवाना हुई यह कौशल विकास यात्रा विभिन्न क्षेत्रों में पहुँचकर विद्यार्थियों और युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में जानकारी देगी।

यात्रा के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के साथ संवाद, करियर मार्गदर्शन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति से परिचय, पंजीकरण तथा विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं को उनकी रुचि, क्षमता और करियर आकांक्षाओं के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकल्प चुनने के लिए जागरूक करना है।

यात्रा का प्रमुख आकर्षण आईसेक्ट एआई साक्षरता मिशन भी रहेगा। इसके तहत विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूलभूत जानकारी, शिक्षा एवं दैनिक जीवन में इसके उपयोग, एआई उपकरणों तथा इसके जिम्मेदार और नैतिक उपयोग के बारे में बताया जाएगा। साथ ही 'एआई में भविष्य' विषय के माध्यम से युवाओं को एआई से जुड़े नए करियर अवसरों, भविष्य के कौशल और बदलते रोजगार बाजार की आवश्यकताओं से परिचित कराया जाएगा। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को आईसेक्ट की विभिन्न शैक्षणिक एवं कौशल विकास पहलों की जानकारी भी दी जाएगी। इनमें फ्यूचर स्किल अकादमी, एनीमेशन एवं एवीजीसी अकादमी, शिक्षक एवं प्रशिक्षक प्रशिक्षण अकादमी, टैली अकादमी तथा फैशन एवं इंटीरियर डिजाइन अकादमी प्रमुख हैं।

### कला-साहित्य के वैश्विक संवाद का मंच बना 'विश्वरंग पटना-2026'

प्रेमचंद रंगशाला में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव 'विश्वरंग पटना-2026' कला, साहित्य, संस्कृति और भारतीय ज्ञान परंपरा के वैश्विक संवाद का सशक्त मंच बना। विश्व रंग फाउंडेशन, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय और डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में हुए आयोजन में देश-विदेश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महोत्सव में बिहार की लोककलाओं पर आधारित शोभायात्रा, साहित्यिक विमर्श, चित्रकला प्रदर्शनी, बाल कला कार्यशाला और रंगमंचीय प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कला एवं संस्कृति मंत्री प्रमोद

कुमार ने इसे सांस्कृतिक संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने युवाओं को साहित्य और संस्कृति से जोड़ने में ऐसे आयोजनों की भूमिका रेखांकित की। निदेशक संतोष चौबे ने प्रेमचंद रंगशाला में मुंशी प्रेमचंद की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। समापन पर 'उनके हिस्से का प्रेम' और 'लेखक बनाने वाले' कहानियों का मंचन हुआ। आयोजन का समापन 'फिर मिलेंगे' की उम्मीद के साथ हुआ।

# चपोरा में महतारी सदन का लोकार्पण, सुनीं जनसमस्याएं

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कोटा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चपोरा में महतारी सदन का लोकार्पण किया गया। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने महतारी सदन का उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों से संवाद किया और स्थानीय आवश्यकताओं तथा जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी ली।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि महतारी सदन जैसी सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए उपयोगी साबित होंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ ही आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके बाद राज्यमंत्री ने 'सेवा सेतु' कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों और मांगों को मौके पर सुना गया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, मूलभूत सुविधाओं और अन्य जनहित के विषयों से संबंधित समस्याएं भी रखीं। तोखन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। 'सेवा संकल्प अभियान' का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, उसकी समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना है।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना की अवधि 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना-2026 की अवधि बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक कर दी है। पहले इस योजना की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित थी। अवधि बढ़ाए जाने से पात्र उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का अतिरिक्त समय मिल गया है।कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार योजना का उद्देश्य पात्र बिजली उपभोक्ताओं को उनके लंबित एवं बकाया बिजली बिलों के समाधान का अवसर प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत निर्धारित नियम एवं शर्तों के अनुसार पात्र उपभोक्ताओं को बकाया राशि एवं अधिभार में राहत का लाभ दिया जा रहा है। इससे लंबे समय से बिजली बिल

संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है।योजना की अवधि बढ़ने से उन उपभोक्ताओं को विशेष लाभ मिलेगा, जो किसी कारणवश पूर्व निर्धारित समय-सीमा में योजना का लाभ नहीं ले पाए थे।

अब वे 31 दिसंबर 2026 तक निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर योजना के तहत उपलब्ध राहत का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। पावर कंपनी ने स्पष्ट किया है कि योजना की अवधि बढ़ाने के साथ पूर्व में जारी आदेश में उल्लेखित अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। इसलिए पात्र उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे योजना से संबंधित पात्रता, आवश्यक दस्तावेज एवं भुगतान प्रक्रिया की जानकारी समय रहते प्राप्त कर लें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेषक ए.के.अम्बस्थ ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे योजना की बढ़ी हुई अवधि को केवल अंतिम समय तक न टालें, बल्कि जल्द से जल्द संबंधित विद्युत कार्यालय में संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। इससे बकाया बिजली बिल के समाधान के साथ-साथ भविष्य में होने वाली असुविधा से भी बचा जा सकेगा।

अम्बस्थ ने कहा कि मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना-2026 की अवधि बढ़ाए जाने से पात्र उपभोक्ताओं को अपने पुराने बिजली बिलों के समाधान और उपलब्ध राहत का लाभ लेने का एक और महत्वपूर्ण अवसर मिला है।

# सेवा ज्योति यात्रा : गूंजा विकसित भारत-2047 का संकल्प

### धरम लाल ने कहा- मोदी ने 25 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सेवा को ही अपना धर्म माना

**मुंगेली/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मुंगेली जिले के मंडी प्रांगण में 'सेवा ज्योति यात्रा - विकसित भारत संकल्प सभा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक , विधायक मुंगेली पुन्नूलाल मोहले , केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष रजनीश सिंह , पूर्व सांसद लखनलाल साहू एवं पूर्व संसद लखनलाल साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की अथक सेवा यात्रा से प्रेरणा लेना रहा। 'विकसित भारत' के संकल्प को ध्येय मानकर मंडी प्रांगण से लगभग 1500 कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की सहभागिता के साथ सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने

सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र प्रथम के नारों के साथ पूरे वातावरण को ऊर्जामय बना दिया। अपने संबोधन में धरम लाल कौशिक ने कहा कि मोदी ने 25 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सेवा को ही अपना धर्म माना है। चाहे उज्ज्वला योजना हो, आयुष्मान भारत हो, प्रधानमंत्री आवास हो या हर घर जल योजना हो, हर योजना के केंद्र में गरीब, किसान, महिला और युवा है। यही सेवा की सच्ची ज्योति है जिसे हमें जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया है और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आगे बढ़ाया है। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति को दरकिनार कर देश को एकजुट करने पर जोर दिया है।

उनके नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिली है। साथ ही, देश शिक्षा, स्वास्थ्य और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान 'सेवा ज्योति यात्रा' की प्रतीकात्मक ज्योति सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह के साथ संयुक्त रूप से प्रज्वलित कर सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूत किया गया। इस ज्योति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सेवा की यह लौ बूथ स्तर तक जाएगी और हर घर में विकसित भारत का संकल्प पहुंचेगा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण वंदे भारत ट्रेन की थीम पर आधारित विशाल एवं आकर्षक रंगोली रही। लगभग 20 फीट लंबी इस रंगोली को स्थानीय कलाकारों और महिला कार्यकर्ताओं ने मिलकर बनाया था। यह रंगोली विकसित भारत की तेज गति, आधुनिक भारत, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर राष्ट्र के संकल्प को सुंदर रूप में अभिव्यक्त कर रही थी। सभी अतिथियों ने रंगोली की सराहना की। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा और सुशासन का नया अध्याय लिखा है।

### निर्णय : आईटीएलए दस वर्ष या उससे अधिक की योजना अवधि वाला एक व्यापक राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार करेगा

# एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण की स्थापना को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज परिवहन और लॉजिस्टिक्स के व्यापक क्षेत्रों में अनुसंधान, योजना, मूल्यांकन, निगरानी और प्रभाव आकलन को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष प्रयोजन माध्यम ( एसपीवी), जिसका नाम एकीकृत परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स प्राधिकरण (आईटीएलए)आईटीएलए है, की स्थापना को मंजूरी दी।

इस मंजूरी का उद्देश्य परिवहन से संबंधित विभिन्न मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच विखंडित योजना और कार्यान्वयन से उत्पन्न दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करना है। बेहतर समन्वय और बहु-माध्यमीय एकीकरण को बढ़ावा देकर, आईटीएलए से भारत में परिवहन अवसंरचना के विकास की दक्षता, स्थिरता और प्रभावशीलता बढ़ने की उम्मीद है।

राष्ट्रीय शीर्ष संस्थाः आईटीएलए एकीकृत परिवहन और लॉजिस्टिक्स योजना, अनुसंधान, परियोजना मूल्यांकन और निगरानी, नीति समर्थन तथा डेटा विश्लेषण के लिए शीर्ष संस्था के रूप में कार्य करेगा।दीर्घकालिक राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लानः आईटीएलए कम से कम दस वर्ष या उससे अधिक की योजना अवधि वाला एक व्यापक राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान तैयार

करेगा, जिसमें सड़क, रेलवे, बंदरगाह एवं नौवहन, नागरिक उड्डयन, अंतर्देशीय जलमार्ग, तटीय नौवहन, शहरी गतिशीलता और लॉजिस्टिक्स को शामिल किया जाएगा। एकीकृत योजना रूपरेखाः आईटीएलए परिवहन मंत्रालयों की अल्पकालिक क्षेत्रीय योजनाओं (लगभग 5 वर्ष) और वार्षिक योजनाओं का मूल्यांकन करेगा, ताकि राष्ट्रीय परिवहन मास्टर प्लान के साथ उनकी निरंतरता और समन्वय सुनिश्चित हो तथा बहु-माध्यमीय अवसंरचना विकास को बढ़ावा मिले। प्रमुख परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकनः आईटीएलए भारत सरकार की 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक लागत वाली अवसंरचना परियोजनाओं का तकनीकी मूल्यांकन करेगा।

वित्तीय मूल्यांकन मौजूदा वित्तीय मूल्यांकन तंत्र के माध्यम से जारी रहेगा। निगरानी और प्रभाव आकलनः आईटीएलए 500 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परिवहन एवं अवसंरचना परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा और मुद्दों के समाधान के लिए एक समन्वित तंत्र उपलब्ध कराएगा। साथ ही, इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बाद उनके प्रभाव का आकलन भी करेगा। राष्ट्रीय परिवहन डेटा रिपॉजिटरी आईटीएलए विभिन्न स्त्रोतों से संबंधित परिवहन और लॉजिस्टिक्स डेटा सेट प्राप्त करके एक एकीकृत परिवहन डेटा रिपॉजिटरी विकसित करेगा। इनमें जीएसटीएन ई-वे बिल,फास्ट टैग, वाहन , जीपीएस आधारित प्रणालियां, शहरी यातायात प्रबंधन प्रणालियां और अन्य प्रासंगिक डेटाबेस शामिल होंगे।

# ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने मोर्चा खोल दिया

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर चल रहे राजनीतिक विरोध के बीच बिलासपुर में भी इंडिया गठबंधन ने मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस भवन में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में कांग्रेस और गठबंधन के नेताओं ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची में बदलाव को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस शहर अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, गिरफ्तारी और उनके कार्यकाल में लिए गए फैसलों तथा मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा की मांग की।

नेताओं ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद हैं, इसलिए इनसे जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। गठबंधन ने गुरुवार को अंबेडकर चौक से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालने का ऐलान किया है।

# आदिवासी की सेवाभूमि पर कथित फर्जीवाड़े का आरोप तय, एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा

**■ कुर्रा के खसरा नंबर 941 को बिना सक्षम अनुमति बेचने का दावा; राजस्व अधिकारियों की भूमिका पर भी उठे सवाल**

**नवापारा-राजिम/नवप्रदेश।** समीपस्थ ग्राम कुर्रा, विकासखंड अभनपुर में आदिवासी परिवार को आवंटित सेवाभूमि के कथित फर्जी हस्तांतरण और खरीद-बिक्री का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता गोवर्धन तारक के अनुसार ग्राम कुर्रा निवासी नोखेलाल पिता कचरू नगारची, सनत कुमार पिता कचरू, भानमती पिता होरीलाल एवं कुंजबाई पति कचरू के परिवार को सेवाभूमि के रूप में खसरा नंबर 641 रकबा 0.53 हे. वर्तमान में खसरा नंबर 941 रकबा 0.53 हे. की भूमि प्राप्त हुई थी। कुर्रा के पूर्व सरपंच गोवेर्धन तारक ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह को शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त भूमि को सक्षम अनुमति के बिना नवापारा निवासी भूमाफिया केशव सोनकर पिता कंगलू सोनकर के पक्ष में विक्रय एवं हस्तांतरित किया गया।

### आदिवासी को गैर आदिवासी बता कराई रजिस्ट्री

आरोप है कि भूमि की खरीदी के दौरान राजस्व अभिलेखों में नोखेलाल नगारची को अनुसूचित जनजाति के स्थान पर गाड़ा दिखाया जो अनुसूचित जाति में दर्शाने के लिए कथित रूप से गलत प्रमाण-पत्र का सहारा लिया गया और 16 जून 2011 को खसरा नंबर 941 की भूमि का क्रय किया गया।

### राजस्व अधिकारियों की भूमिका संदेह में

पूरे मामले में तत्कालीन राजस्व अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की मांग की गई है। शिकायत में प्रशासन से मांग की गई है कि खसरा नंबर 941 से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड, जाति प्रमाण-पत्र, भूमि हस्तांतरण की अनुमति, पंजीयन दस्तावेज और नामांतरण प्रक्रिया की जांच कराई जाए।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भूमि को शासन हित में सुरक्षित कराने की मांग की गई है।

### एसडीएम ने एफआईआर दर्ज किए जाने की अनुशंसा की

अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन में कई गंभीर कमिया और विसंगतिया पाई। तहसीलदार को 18 अगस्त को जारी पत्र में स्पष्ट लिखा है कि आदिवासी सेवा भूमि को फर्जी तरीके से तथ्यों को छिपाकर एवम सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना गैर आदिवासियों को विक्रय किया गया है जो कि कानूनी रूप से दंडनीय अपराध है। भूमि के फर्जी हस्तांतरण एवम कूटरचना के लिए दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों/ विक्रेताओं/क्रेता के विरुद्ध छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता एवम प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें और कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को तत्काल अवगत कराएं। आदेश जारी हुए डेढ़ माह से अधिक का समय व्यतीत हो गया परंतु तहसीलदार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है कि तहसीलदार अपने उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना कर अपना हित साधने में जुटे हुए हैं।

### बिना सक्षम अनुमति के विक्रय एवम फर्जी तरीके से हस्तांतरण

नियम कहता है कि सेवाभूमि की प्रकृति ऐसी है कि उसका सामान्य रूप से क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता। धारा 165 (7-ख) के प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा भूमि स्वामी हक़ पर प्रदत्त भूमि का विक्रय बिना कलेक्टर की अनुमति के नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद नेशनल हाईवे 130सी से लगी भूमि होने के कारण कथित रूप से नियमों की अनदेखी कर लेन-देन किया गया।

## न्यूज गैलरी

### दीपका एसईसीएल खदान में 2 करोड़ के डंपर में लगी भीषण आग

**कोरबा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित दीपका एसईसीएल कोयला खदान क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब आउटसोर्सिंग कंपनी कलिंगा के भारी वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि करीब 2 करोड़ रुपये कीमत का डंपर देखते ही देखते जलकर पूरी तरह खाक हो गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, डंपर में आग लगने की वजह इलेक्ट्रिकल सिस्टम में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि इंजन के पास अचानक चिंगारी उठी और कुछ ही पलों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। खदान में मौजूद कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों और धुएं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। देखते ही देखते डंपर बुरी तरह जल गया। हादसे के दौरान राहत की बात यह रही कि डंपर चालक ने समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। आग की इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है। डंपर में आग लगने के बाद खदान क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया। प्रारंभिक तौर पर वाहन के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। हालांकि, आग लगने की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। करीब 2 करोड़ रुपये के भारी वाहन के जलकर खाक होने से कंपनी को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद खदान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और भारी वाहनों की तकनीकी जांच को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

### नकली सोने से 3.90 लाख की ठगी से लेकर बैंक में चोरी की कोशिश तक मामले दर्ज

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में धोखाधड़ी, चोरी, बैंक में सेंधमारी और अवैध हथियार रखने के मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज किए हैं। उरला थाना क्षेत्र में नकली सोने के आभूषण गिरवी रखकर 3.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। वहीं आमानाका थाना क्षेत्र में बैंक का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की गई। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी और अवैध चाकू रखने के मामले भी सामने आए हैं। नकली सोना गिरवी रखकर 3.90 लाख की ठगीः उरला थाना क्षेत्र के मेन रोड बीरगांव स्थित वैभव ज्वेलर्स में आरोपियों ने नकली सोने के आभूषण गिरवी रखकर 3 लाख 90 हजार रुपये ले लिए। दुकान संचालक वैभव सोनी की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पार्किंग से बाइक चोरीः मौदहापारा थाना क्षेत्र में रसबांधा मैदान स्थित दैनिक भास्कर पार्किंग से फैशन प्रो मोटरसाइकिल चोरी हो गई। शिकायतकर्ता राजेश कुमार देवांगन के अनुसार उनकी बाइक क्रमांक सीजी 07 बीएल 7648, जिसकी कीमत करीब 20 हजार रुपये है, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। बैंक का ताला तोड़कर चोरी की कोशिशः आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध स्थित यूनियन बैंक ऑफइंडिया की शाखा में अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। चोर ने बैंक की संपत्ति और लॉकर को चोरी करने की नीयत से तोड़फोड़ की। बैंक अधिकारी गणेश कुमार मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुआ खेलते दो गिरफ्तारः आजाद चौक थाना क्षेत्र के काली चौक भोंईपारा में पुलिस ने जुआ खेलते दो लोगों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश के पत्ते और 4,110 रुपये नकद जब्त किए गए। पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। चाकू लेकर घूमने पर गिरफ्तारीः राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने काके दी रसोई के सामने एक युवक को अवैध रूप से चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सानू सैनी के रूप में हुई है। वहीं गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रामनगर सब्जी बाजार के पास शेख अब्बास को अवैध चाकू रखने के आरोप में पकड़ा गया। दोनों मामलों में पुलिस ने हथियार जब्त कर कार्रवाई की है।

### प्रदेश में 14 लाख बच्चों की छात्रवृत्ति अटकी लापरवाही पर सभी बीईओ को नोटिस जारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बायोमेट्रिक अपडेट न होने से सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की छात्रवृत्ति लाखों छात्रों की स्कॉलरशिप रोक दी गई है। इस लापरवाही को लेकर जिला कलेक्टर ने सभी बीईओ को नोटिस जारी कर दिया है। खराब प्रगति को देखते हुए कबीरधाम कलेक्टर ने मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने जिले के सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शिक्षा विभाग का कहना है कि स्थिति सुधारने के लिए अलग-अलग स्कूलों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। हालांकि, ग्रामीण और मैदानी क्षेत्रों के कई स्कूलों में अब तक शिविर नहीं लगाए जाने की बात सामने आई है। जिले के चारों ब्लॉकों में एमबीयू की स्थिति चिंताजनक बताई गई है। आंकड़ों के मुताबिक पंडरिया में 4,408 बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट लंबित है। इसके बाद कवर्धा में 2,733, बोड़ला में 2,538 और सहसपुर लोहारा में 1,842 बच्चों का केवायसी पूरा नहीं हुआ है। इनमें 5 से 15 वर्ष की उम्र के 8,317 बच्चे और 15 वर्ष से अधिक उम्र के 3,204 छात्र शामिल हैं। जिले में 20 हजार से अधिक ऐसे बच्चे भी चिन्हित किए गए हैं, जिनका अब तक आधार बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन या ई-केवाईसी नहीं हुआ है। समय पर आधार अपडेट नहीं होने की स्थिति में इन बच्चों को छात्रवृत्ति समेत दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है।

**विरोध :** पहले नक्सलवाद से था डर, अब नक्सलमुक्त होने के बाद खनन का खौफ

# नंदराज पहाड़ पर खनन की आहट से सहमे 23 ग्राम पंचायतों के लोग

विस्वजीत सरकार

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** बस्तर के बैलाडीला की तलहटी में एक बार फिर आदिवासियों का गुस्सा सुलगने लगा है। दशकों तक माओवादी दहशत के साये में जीने वाले 23 गांवों के लोग अब नई खदानों की आहट से सहमे हुए हैं।

आदिवासियों की आस्था, संस्कृति और विरासत के प्रतीक 'नंदराज पहाड़' पर फिर से खनन के बादल मंडरा रहे हैं। इसके विरोध में लामबंद हुए ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि पहाड़ उनके लिए महज खनिजों का भंडार नहीं, बल्कि उनके ईष्ट देव का निवास है। ग्रामीणों की दो-टूक चेतावनी है– हम अपनी जान दे देंगे, लेकिन अपना पवित्र पहाड़ किसी भी कीमत पर लुटने नहीं देंगे।

**फर्जी ग्रामसभा ने तोड़ा था भरोसा:** यह विवाद नया नहीं है। साल 2019 में जब बैलाडीला के डिपॉजिट-13 में खनन की सुगबुगाहट हुई थी, तब हजारों आदिवासियों ने ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन किया था। भारी दबाव के बाद तत्कालीन सरकार ने जांच बैठाई, जिसमें एक चौंकाने वाला सच सामने आया। दंतेवाड़ा कलेक्टर की जांच रिपोर्ट में साबित हुआ कि 4 जुलाई 2014 को हिरोली में खनन की अनुमति के लिए जो 'ग्रामसभा' आयोजित की गई थी, वह पूरी तरह फर्जी थी। न तो उसमें सही प्रक्रिया का पालन हुआ था और न ही कोरम पूरा था। उसी धोखे की टीस आज भी ग्रामीणों के मन में जिंदा है।

### बुनियादी सुविधाओं और पर्यावरण प्रबंधन की उठाई बात

बैठक में ग्रामीणों ने खनन क्षेत्रों से निकलने वाले 'लाल पानी' के प्रबंधन को और अधिक आधुनिक व सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि आसपास के खेतों, नदियों और पेयजल स्रोतों को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके। इसके अलावा, ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया कि सुदूर जंगलों में आज भी कई लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसे बुनियादी दस्तावेज नहीं पहुंच पाए हैं। सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है।

### करोड़ों का खनिज, लेकिन हिस्से में सिर्फ 'लाल पानी'

बैलाडीला की खदानों से देश और दुनिया में करोड़ों-अरबों रुपये का बेहतरीन लौह अयस्क भेजा जाता है, लेकिन पहाड़ की तलहटी में बसे असली हकदारों की झोली आज भी खाली है। ग्रामीणों का दर्द है कि एनएमडीसी के दशकों पुराने खनन के बाद भी उन्हें विकास के नाम पर सिर्फ छल मिला है। लाल पानी का जहर: खदानों से बहकर आने वाले 'लाल पानी' ने नदियों, खेतों और पीने के पानी को जहरीला कर दिया है। मवेशी बीमार पड़ रहे हैं और खेती बर्बाद हो रही है। सुविधाओं का टोटा: ग्रामीणों का आरोप है कि पहाड़ों से अरबों का लोहा निकालने वाली व्यवस्था आज तक उन्हें आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी जैसी बुनियादी चीजें नहीं दे पाई है।

### आंदोलन की चेतावनी और नेताओं का मिला साथ

ग्रामीणों के इस आक्रोश को सामाजिक और राजनीतिक समर्थन भी मिलने लगा है। नंदराज को बचाने के लिए आयोजित महाबैठक में बस्तरिया राज मोर्चा के संस्थापक मनीष कुंजाम और समाजसेविका सोनी सोरी ने भी शिरकत की। मनीष कुंजाम ने आदिवासियों में जोश भरते हुए कहा कि यह लड़ाई सिर्फ जमीन की नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता की है। इसके लिए एक बड़ा और सामूहिक संघर्ष करना होगा। वहीं, सोनी सोरी ने चेतावनी दी कि अगर खनन की कोशिशें नहीं रुकीं, तो आने वाले दिनों में प्रशासन को एक उग्र जन-आंदोलन का सामना करना पड़ेगा।

### अब क्या है आगे का रास्ता?

वर्तमान में बैलाडीला क्षेत्र में डिपॉजिट-4 जैसी कई नई खनन परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या विकास के नाम पर एक बार फिर आदिवासियों की ग्रामसभाओं और उनकी आस्था को दरकिनार किया जाएगा? नंदराज पहाड़ का यह मुद्दा अब सिर्फ खनन का नहीं, बल्कि सरकार और आदिवासियों के बीच 'भरोसे' का बन चुका है। प्रशासन को अब यह तय करना होगा कि वह खनिजों का दोहन चाहता है या अपने ही लोगों का विश्वास।

# लेण्ड्रा-कोरचोली मुठभेड़ में साहसिक प्रदर्शन, 60 जवानों को केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक

**बीजापुर/नवप्रदेश।** लेण्ड्रा-कोरचोली मुठभेड़ में उत्कृष्ट एवं साहसिक प्रदर्शन करने वाले सुरक्षा बल के 60 जवानों को केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया। सम्मानित जवानों में डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स के 50 तथा एसटीएफके 10 जवान शामिल हैं।

2 अप्रैल 2024 को थाना गंगालूर क्षेत्र के अंतर्गत लेण्ड्रा-कोरचोली के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों को महत्वपूर्ण सफलता मिली थी। अभियान में तीन महिला सहित कुल 13 सशस्त्र वर्दीधारी माओवादियों के मारे जाने की जानकारी पुलिस ने दी थी। इस अभियान में जवानों द्वारा प्रदर्शित साहस, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक प्रदान किया गया। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने सम्मानित जवानों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

सम्मान समारोह के दौरान अधिकारियों ने अभियान में जवानों की भूमिका और उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) रविन्द्र कुमार मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) अमन कुमार झा, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अभिषेक केशरी, उप पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) सिद्धार्थ सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 60 जवानों को मिला सम्मान

- डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स - 50 जवान
- एसटीएफ- 10 जवान
- कुल - 60 जवान
- सम्मान - केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक, प्रमाण-पत्र एवं मेडल

### डायल 112 के आरक्षक ने कंट्रोल रूम में लगाई फांसी

**धमतरी/नवप्रदेश।** धमतरी के रुद्री थाना क्षेत्र से डायल 112 के आरक्षक की आत्महत्या का मामला सामने आया है। कंट्रोल रूम में आरक्षक ओमप्रकाश सोनवानी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक कुरूद का निवासी था और डायल 112 में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। जानकारी के मुताबिक, ओमप्रकाश सोनवानी की बीती रात डायल 112 कंट्रोल रूम में नाइट ड्यूटी थी।

# कवर्धा-बेमेतरा मार्ग पर पशुओं को देख डिप्टी सीएम ने अफसरों को लगाई फटकार

**■ देर रात हाइवे पेट्रोलिंग वाहन बुलाकर मौके पर ही ली रेस्क्यू और नियमित निरीक्षण की जानकारी**

**रायपुर/नवप्रदेश।** कवर्धा-बेमेतरा मार्ग पर सड़क के बीच पशुओं को बैठे देखकर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने गंभीर नाराजगी जताई। कवर्धा जाते समय सड़क पर पशुओं को देखकर उन्होंने बेमेतरा टोल प्लाजा के पास मंगलवार को देर रात अपना वाहन रुकवाया और तत्काल विभागीय अधिकारियों से मोबाइल पर बात कर हाइवे पेट्रोलिंग व्यवस्था की जानकारी ली।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों से सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप पेट्रोलिंग वाहन द्वारा किए जा रहे नियमित निरीक्षण के संबंध में पूछा। अधिकारियों ने बताया कि हाइवे पेट्रोलिंग वाहन द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस पर श्री शर्मा ने पेट्रोलिंग वाहन को मौके पर बुलवाया और अब तक किए गए पशु रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ ही प्रतिदिन किए जा रहे निरीक्षण एवं अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कवर्धा से बेमेतरा तक पड़ने वाले ग्रामों के स्थानीय लोगों के माध्यम से पेट्रोलिंग वाहन की गतिविधियों की नियमित जानकारी ली जाए।

सड़क पर पशुओं की मौजूदगी को लेकर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हाइवे पर नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए और सड़क पर बैठे अथवा विचरण कर रहे पशुओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कार्रवाई तत्परता से की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि सड़क पर पशुओं के रहने से न केवल गौवंश की जान को खतरा रहता है, बल्कि वाहन चालकों और यात्रियों के लिए भी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

विशेषकर रात्रि के समय दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। इसलिए पेट्रोलिंग दल लगातार मार्ग का निरीक्षण करे और पशुओं के दिखाई देते ही उन्हें सुरक्षित तरीके से सड़क से हटाया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा और गौवंश की रक्षा के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संजय मार्केट में एयरपोर्ट की तर्ज पर आधुनिक वॉशरूम बनकर तैयार, जल्द होगा लोकार्पण

**■ दो मंजिला 20 सीटर सर्वसुविधायुक्त वॉशरूम का आयुक्त ने किया निरीक्षण, सामने विकसित हो रही पार्किंग का भी लिया जायजा**

**रायगढ़/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शहर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार और सार्वजनिक स्थलों को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र संजय मार्केट में एयरपोर्ट की तर्ज पर सर्वसुविधायुक्त आकांक्षी टॉयलेट ब्लॉक तैयार किया गया है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस आधुनिक टॉयलेट कि सुविधा जल्द शुरू होगी। नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने आज संजय मार्केट पहुंचकर नवनिर्मित वॉशरूम का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों मंजिलों में उपलब्ध सुविधाओं, निर्माण की गुणवत्ता, साफ-सफाई, फिनिशिंग एवं नागरिकों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वॉशरूम के सामने विकसित की जा रही टू-व्हीलर पार्किंग का भी निरीक्षण किया गया, जहां पार्किंग स्थल की ढलाई का कार्य प्रगति पर था।

आधुनिक स्वरूप में तैयार किए गए इस वॉशरूम में सुविधा, स्वच्छता और बेहतर उपयोगिता को प्राथमिकता दी गई है। दो मंजिला भवन में कुल 20 सीटर वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। आकर्षक डिजाइन और बेहतर फिनिशिंग के साथ तैयार यह सुविधा केंद्र संजय मार्केट में आने वाले नागरिकों, व्यापारियों और ग्राहकों के लिए उपयोगी साबित होगा।

**व्यवस्थित पार्किंग से बाजार आने वालों को मिलेगी राहत:** वॉशरूम के सामने लगभग 50 फीट क्षेत्र में टू-व्हीलर पार्किंग विकसित की जा रही है। इसमें एक साथ करीब 50 दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे। इससे बाजार में आने वाले लोगों को व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा मिलेगी और सड़क पर बेतरतीब वाहन खड़े होने की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी।

**नागरिकों को बेहतर सुविधा देना निगम की प्राथमिकता:** निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि संजय मार्केट शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक और व्यापारी आते हैं।

**आयोजन :** स्वास्थ्य, स्वच्छता और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

# आंगन मिलन सेवा सूरजपुर के आंगनबाड़ी केंद्रों में सजी पोषण और खुशियों की चौपाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, बच्चों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण जागरूकता और सामुदायिक सहयोग को एक नया प्रोत्साहन मिला है।

**पौष्टिक थाली और व्यंजन प्रदर्शनी:** कार्यक्रमों के दौरान मेरी पौष्टिक थाली और पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शनी के माध्यम से संतुलित आहार तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों के सही उपयोग की जानकारी दी गई। महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों से जोड़कर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

**हर घर मुनगा अभियान:** परिवारों के बच्चों के दैनिक आहार में विविधता लाने तथा स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करने पर जोर दिया गया। इसके तहत हर घर मुनगा अभियान चलाकर मुनगा लगाने और उसे भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

**सामुदायिक सहभागिता :** इन आयोजनों को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मितानिनों ने बेहद सक्रिय भूमिका निभाई। महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को अपने परिवार एवं समुदाय तक पहुंचाया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को बच्चों की उचित देखभाल व पोषण से जोड़ना और शासन की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाना है।

*स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,*
*RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com*